शुक्रवार
12 जुलाई 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पूर्व आईएएस मनीष वर्मा बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती व बलरामपुर का किया निरीक्षण, वितरित की राहत सामग्री

- सीएम योगी ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण कर लिया हालात का जायजा
- श्रावस्ती में रेस्क्यू किये गये 11 पीड़ितों से एक-एक कर की मुलाकात, जाना हालचाल
- बोले सीएम, आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है, घबराने की जरूरत नहीं

सभी 7 लोगों को नकद पुरस्कार देने का ऐलान, आपदा में जान गंवानेवालों के परिजनों को सौंपा 4-4 लाख का चेक







12 जनपद की करीब 18 लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित

सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, आकाशीय बिजली समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12 जनपद की करीब 18 लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। इसमें 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है। इन इलाकों में 923 से अधिक बाढ़ चौकियां स्थापित की गयी हैं, जहां से बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की निगरानी की जा रही है। वहीं एक हजार 33 से अधिक बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं, जहां बाढ़ से प्रभावित लोग रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती में 116 गांव की 76 हजार की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। 23 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी ताकत के साथ राहत कार्य संचालित कर रही है।

केटी न्यूज/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती और बलरामपुर का हवाई सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित इलाकों की जानकारी ली। साथ ही राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके बाद सीएम ने दोनों जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों और महिलाओं से मुलाकात की। इसके अलावा बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। सीएम ने आपदों में अपनों को खोने वाले परिजनों को 4 लाख सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने वाले पीएसी के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही स्पेशल इनाम के साथ नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया। इस दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीएम ने बाढ़ में रेस्क्यू किये गये 11 पीड़ितों से की मुलाकात: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 12 बजे श्रावस्ती की बाढ़ प्रभावित इकौना तहसील के सभी गांवों का हवाई सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। देवी पाटन मंडलायुक्त शशि भूषण सुशील और श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सीएम को बताया कि नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक पानी छोड़े जाने से जनपद में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है। फिलहाल पानी का स्तर कम हो रहा है। इसके बाद सीएम योगी ने लक्ष्मणपुर कोठी राप्ती बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने बाढ़ में रेस्क्यू किये गये 11 पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान सीएम ने मौजूद बच्चों को दुलारा। साथ ही उन्हे टॉफी और बिस्किट दिये। सीएम योगी ने बाढ़ में फंसे लोगों की सूचना देने वाली रेखा देवी, गांव के गाइड और 5 पीएसी के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी 7 लोगों को नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया। इसके अलावा आपदा में अपनों को खोने वाले चार परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता धनराशि का चेक भी सौंपा। इससे पहले उन्होंने राहत सामग्री किट वितरित की।

सरकार का फैसला: बीएसएफ व सीआईएसएफ में मिलेगा लाभ

पूर्व अग्निवीरों को अब भर्तियों में मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

- हाल ही में अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में मचे हंगामे के बाद सरकार ने लिया फैसला

एजेंसी/नई दिल्ली

पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पूर्व अग्निवीरों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की भर्तियों में दस फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें फिजिकल में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ और सीआईएसएफ के प्रमुखों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। यह फैसला केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लिया गया है। सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने इस बात की जानकारी दी है। आपको बता दें कि हाल ही में अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले लिए हैं।

सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि आगामी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा फिजिकल और आयु में भी पूर्व अग्निवीरों को छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को आयु में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके बाद, अगले वर्ष की भर्ती के दौरान आयु में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। नीना सिंह ने आगे कहा कि इस तरह से सीआईएसएफ को भी पूर्व प्रशिक्षित सैन्य कर्मी मिल सकेंगे, जो कि बहुत फायदेमंद रहेगा।

पूर्व अग्निवीरों को फिजिकल और आयु में भी मिलेगी छूट



4 वर्ष का अनुभव होने के कारण पूरी तरह प्रशिक्षित होंगे अग्निवीर

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, पूर्व अग्निवीरों के पास चार वर्ष का अनुभव होगा। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित होंगे। यह बीएसएफ के लिए काफी मददगार साबित होगा। छोटे से प्रशिक्षण के बाद उन्हें देश की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। कहा कि देश के सभी सुरक्षा बलों को फायदा मिलेगा। कहा, पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा। उन्हें आयु में भी छूट दी जाएगी।

वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने की थी अग्निपथ योजना की शुरूआत

वर्ष 2022 के जून महीने में केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में काम करने का अवसर प्रदान किया गया। इसमें यह प्रावधान भी जोड़ा गया था कि इनमें से 25 फीसदी अग्निवीरों को अगले 15 वर्ष के लिए नौकरी पर बरकरार रखा जा सकता है। इसके बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार को घेरा था।

चीन से कराची भेजा जा रहा 2560 किलो प्रतिबंधित रसायन तमिलनाडु से पकड़ाया

कट्टुपल्ली। सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु बंदरगाह पर प्रतिबंधित रसायन की खेप पकड़ी है। इसे चीन से कराची ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि रसायन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित है। इसका इस्तेमाल आंसू गैस और दंगा नियंत्रण के लिए किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान लगातार चीन की मदद से प्रतिबंधित रसायन और जैविक युद्ध कार्यक्रम पर काम कर रहा है।

18 अप्रैल 2024 को चीन के शंघाई बंदरगाह से चाइनीज कंपनी चेंगदु शिचेन ट्रेडिंग कंपनी ने रावलपिंडी की रक्षा उपकरण आपूर्तिकर्ता कंपनी रोहेल इंटरप्राइजेज के लिए ऑर्थो-क्लोरो बेंज़िलिडीन मैलोनोनिट्राइल रसायन की खेप हुंडई शंघाई जहाज से भेजी थी। अफसरों ने कहा कि जहाज में साइप्रस झंडे के नीचे कुल 2560 किलोग्राम रसायन 25-25 किलोग्राम के 103 ड्रमों में भरकर रखा गया था। कराची जा रहा यह जहाज तमिलनाडु के कट्टुपल्ली बंदरगाह पर पहुंचा। यहां कस्टम अधिकारियों ने रसायन को जांच के लिए रोक लिया। इसके बाद विशेषज्ञों के सहयोग से रसायन की जांच की गई। इसमें प्रतिबंधित रसायन ऑर्थो-क्लोरो बेंज़िलिडीन मैलोनोनिट्राइल पाया गया।

100 की स्पीड में बाइक चला रील बना रहे तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

एजेंसी/वाराणसी

वाराणसी में गुरुवार को रील बनाने के चक्कर में 3 दोस्तों की मौत हो गई। 100 की स्पीड में बाइक से स्टंट करते हुए रील बना रहे थे, तभी सामने से बस आ गई। वह बाइक कंट्रोल नहीं कर पाए और सीधे बस में जा भिड़े। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि, दो ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रोहनिया क्षेत्र के खनवा गांव में हुए इस हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद बस का अगला हिस्सा डैमेज हो गया। जबकि, युवक 100 मीटर तक उछल गए। उनका मोबाइल हादसे के बाद भी चालू था। कैमरा भी ऑन था, लेकिन रील सेव नहीं हो पाई।

नहीं लगाए थे हेलमेट: पुलिस ने मृतकों की पहचान अखरी गांव निवासी चंद्रशेखर उर्फ निरहू (16), साहिल राजभर उर्फ नाऊ (15) और शिवम उर्फ चंचल राजभर (16) के रूप में की है। बताया कि लड़के हेलमेट नहीं लगाए थे। बस की टक्कर से साहिल की मौके पर मौत हो गई। जबकि, चंद्रशेखर और शिवम ने अस्पताल में उपचार के दौरा दम तोड़ दिया है। चौकी प्रभारी ओम नारायण शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिए हैं। हादसे के बाद से बस ड्राइवर फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लड़के जिगरी दोस्त थे। परिजनों से खनाव बाजार जाने की बात कहकर वह घर से निकले थे, लेकिन लौटते वक्त एक्सीडेंट हो गया। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

वीडियो बनाने का शौक ले रहा जान



चुनाव में मिली हार के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री ने खाली किया सरकारी बंगला

केटी न्यूज/पटना

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने लुटियंस दिल्ली में 28 तुगलक क्रीसेंट स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उन्हें उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस के नेता किशोरी लाल शर्मा ने डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से हराया था। ईरानी ने इस हफ्ते की शुरूआत में बंगला खाली कर दिया था। यह बंगला पिछले दस साल से उनका आशियाना था। अब इस बंगले से ईरानी की नेम प्लेट भी हट गई है।

असम सरकार ने की स्पेशल केजुअल लीव देने की घोषणा

दिसपुर। असम सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दो दिन की स्पेशल केजुअल लीव देने की घोषणा की है, ताकि वे अपने माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिता सकें। कर्मचारी स्पेशल छुट्टियों को निजी मनोरंजन के लिए इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। जिनके माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं, उन्हें ये छुट्टियां नहीं मिलेंगी।

नीट पेपरलीक मामले का कथित सरगना रॉकी पटना से गिरफ्तार

केटी न्यूज/पटना

सीबीआई ने गुरुवार को बिहार नीट-यूजी मामले के कथित सरगना को पटना से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसी ने पटना और कोलकाता में उससे जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। इस बीच, एक स्थानीय अदालत ने पूछताछ के लिए मुख्य आरोपी को सीबीआई की 10 दिन की हिरासत में दे दिया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने बिहार के नालंदा से संबंध रखने वाले और मुख्य आरोपी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताए जा रहे रॉकी उर्फ राकेश रंजन को पटना के बाहरी इलाके से पकड़ लिया। सीबीआई मामले की जांच संभालने के बाद से ही उसकी उसकी तलाश कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने उसे पटना की एक विशेष अदालत में पेश किया, जिसने उसे 10 दिन के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है।

आंध्र प्रदेश में 12 और 13 साल के तीन बच्चों ने तीसरी की छात्रा से दुष्कर्म के बाद कर दी हत्या

एजेंसी/अमरावती

आंध्र प्रदेश से एक रूह कांपने वाली खबर सामने आई है। यहां के नांदयाला जिले में एक आठ साल की स्कूली छात्रा का पहले सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। जब आरोपियों को इतने में भी तसल्ली नहीं मिली तो उसके शव को सिंचाई नहर में फेंक दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि उस बच्ची का किसी और ने नहीं बल्कि उसके स्कूल के 12 और 13 साल के तीन सीनियर्स ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। बता दें, घटना आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती से 300 किलोमीटर दूर मुचुमारी की है। पुलिस ने बताया कि बच्ची का शव अभी तक बरामद नहीं किया गया है।

तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली आठ साल की छात्रा रविवार से लापता थी। बच्ची मुचुमारी पार्क में खेलने गई थी। उसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिवार वालों ने काफी ढूंढा, लेकिन उसके बारे में कुछ पता नहीं लगा। उसके बाद पिता ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दी। इस पर पुलिस ने तलाश शुरू की और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बच्ची का पता लगाने के लिए कुत्ते की मदद ली। कुत्ते ने तीन नाबालिग लड़कों तक पहुंचाया। इनमें से दो कक्षा छह के छात्र हैं, जिनकी उम्र 12 साल है। वहीं एक कक्षा सात में है। उसकी उम्र 13 वर्ष है। तीनों उसी स्कूल के छात्र हैं, जिसमें लड़की पढ़ती थी।



18 जुलाई से शुरू हो रहे सावन को लेकर भीड़ नियंत्रण की कवायद में जुटा मंदिर प्रशासन

काशी विश्वनाथ मंदिर में होगी जिग-जैग बैरिकेडिंग की व्यवस्था

एजेंसी/वाराणसी

बाबा को प्रिय सावन माह 18 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो कि 19 अगस्त तक रहेगा। वहीं 22 जुलाई को सावन का पहला सोमवार पड़ रहा है। इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यवस्था को विस्तार दिया है। इसमें कई स्थानों पर लाइव दर्शन के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। मंदिर प्रशासन ने इस बार बहुभाषी खोया-पाया केंद्र के साथ ही वृद्ध-अशक्त, दिव्यांग व अति विशिष्टजन के लिए मुफ्त ई-रिक्शा की व्यवस्था की है। संपूर्ण धाम क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे से लैस करते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कमिश्नर ने सड़क पर भीड़ को कम करते हुए अंदर जिग-जैग बैरिकेडिंग व शेड लगाने का भी निर्देश दिया है।



काशी के शिवभक्तों को काशी द्वार से मिलेगा प्रवेश

मन्दिर प्रशासन द्वारा लिये गए निर्णय मे एक यह भी कि काशीवासियों के लिए प्रस्तावित नवीन मार्ग से प्रवेश होगा, यह मार्ग दर्शन हेतु पूर्वाह्न 4-5 और शाम 4-5 बजे तक खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। शुरूआत में इसे नेमी दर्शनार्थियों के लिए खोला जाएगा, व्यवस्थाएं सुदृढ़ होने के उपरांत आम काशीवासियों के लिए खोल दिया जाएगा। काशीवासियों को सुगमता से दर्शन हो सकेंगे।

दर्शनार्थियों की सुविधा को और बेहतर बनाने हेतु जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगा गर्भगृह के दर्शन पूजन का सजीव प्रसारण किया जायेगा। यहां चिकित्सकीय कार्मिकों की ड्यूटी सुनिश्चित की जायेगी जिससे जरूरत पड़ने पर ससमय उचित चिकित्सा मुहैया की जा सके। मंदिर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्व से ही अनेक वॉटर कूलर लगाए गए हैं साथ ही शौचालय के आदि के उचित प्रबंध सुनिश्चित किये गए हैं।

सीवान के युवक को दिल दे बैठी विदेशी लड़की, हंगरी से आकर रचाई शादी

केटी न्यूज/पटना

पटना के राजीव नगर स्थित मिथिला उत्सव हॉल में हुई शादी चर्चा का विषय बनी रही। यहां देसी दूल्हा और विदेश दुल्हन की शादी धूमधाम के साथ करायी गयी। दूल्हा बिहार के छपरा का रहने वाला है जबकि दुल्हन सात समंदर पार हंगरी की रहने वाली है। किसी ने सच ही कहा है कि प्यार किसी प्रकार के धर्म और दीवार को नहीं मानता जब दो प्रेमियों का दिल एक होने को सोचता हैं तो समाज परिवार देश-विदेश सब की सीमाएं टूट जाती है और बच्चों के खुशियों को लेकर परिजनों को भी बच्चों के फैसले में शामिल होना पड़ता है। छपरा जिले के दिघवारा प्रखंड के रामदास चक्र निवासी सुनील कुमार सिंह और सुलोचना देवी के बेटे अमन कुमार हंगरी में होटल मैनेजमेंट और शिप मैनेजमेंट करने के बाद व्यवसाय में लगे हुए है। हंगरी के रहने वाले टीबोर जानोस जवारस और स्वर्गीय कृष्टिन सिरसोम एलोड स्ट्रीट सर्जेट्रेड हंगरी की बेटी विवियान जावरस के साथ पटना के राजीव नगर स्थित मिथिला उत्सव हॉल में हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी संपन्न हुआ। कन्या का नामकरण अर्चना सिंह के तौर पर किया गया। यह शादी छपरा जिले के



दिघवारा प्रखंड में पिछले कई महीनों से चर्चा का केंद्र बना हुआ था। बताया जाता है कि हंगरी निवासी विवियान वहां के सरकारी स्कूल में म्यूजिक टीचर है। पिछले 4 वर्षों से दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। विवियन को भारतीय संस्कृति से बेहद प्रेम था। वह चाहती थी कि भारत में हिंदू रीति रिवाज के साथ उसकी शादी किसी भारतीय से हो। वो अपने परिजनों के साथ पटना आई और यहां आने के बाद मटकोर,हल्दी,मरवा,मेहंदी,संगीत उत्सव का भी आयोजन किया गया। जिसमें वर और कन्या पक्ष के लोगों ने भाग लिया। बारात आई तो द्वार पूजा हुआ। मंगल गीत गाए गए। लड़के की आरती उतारी गई वे सभी रस्म हुई जो हिंदू विवाह में होते हैं। गुड़हथी का भी रस्म हुआ। गांव से ब्राह्मण,हजाम, कुम्हार को भी बुलाया गया था। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र प्राचीन जमाने में शादियों में बजाने वाला सिंघा रहा। बारात जब दरवाजे पर आई तो लगा ही नहीं की दुल्हन विदेशी है। अमन ने बताया कि उनकी प्रेमिका जो अब अर्चना बन गई है। उसे भारतीय सभ्यता संस्कृति और यहां के रीति-रिवाज से विशेष प्रेम रहा है। यही कारण था कि दोनों एक दूसरे के करीब आए। शादी में शुरू में परिवार वालों की सहमति नहीं थी फिर भी प्रयास जारी रहा और अंत में घर के लोग भी मान गए। उसके बाद तय हुआ की शादी बिहार में ही होगी और सभी रस्म भी निभाई जाएंगे जो शादियों में निभाए जाते हैं। शादी से पहले दूल्हे ने अपने गांव में पेड़ लगाकर एक नई मिसाल भी कायम की। दूल्हे के फुफेरे भाई तरैया के भगवतपुर निवासी अभिमन्यु कुमार मनीष ने कहा की जमाना बदल गया और अभिभावकों को भी अब अपने बच्चों की खुशियों में ही खुशियां तलाशनी में पड़ रही है।

भ्रष्टाचार के मामले में राजस्व व भूमि सुधार विभाग के दो कर्मियों पर गिरी गाज

केटी न्यूज/पटना



सूबे में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग के दो अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। बोधगया के राजस्व अधिकारी सुमित कुमार और बोधगया के अंचल अधिकारी अविनाश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस कार्रवाई पर कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करना है। इसे लेकर हर तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील किया है कि जो भी पदाधिकारी भ्रष्टाचारा में लिप्त है। उसकी जानकारी तुरंत विभाग को उपलब्ध करायी जाए। ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी बता दें कि सुमित कुमार फिलहाल अकबरपुर के अंचलाधिकारी हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सीधा आदेश

पूर्व आईएएस मनीष वर्मा बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव

- महज 48 घंटे के अंदर पूर्व आईएएस मनीष वर्मा को अहम जिम्मेदारी मिली
- सीएम नीतीश कुमार के करीबी जाने जाते है मनीष वर्मा

केटी न्यूज/पटना



सीएम नीतीश कुमार के सीधे आदेश पर मनीष वर्मा बने राष्ट्रीय महासचिव बने है। आरसीपी सिंह के जाने के बाद अगले नौकरशाह में रूप में आईएएस मनीष वर्मा को जनता दल यूनाईटेड में एंट्री के 48 घंटे के अंदर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले महीने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए राज्यसभा सांसद संजय झा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर मनीष वर्मा को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। जदयू महासचिव और विधायक आफाक अहमद खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के आदेश पर तत्काल प्रभाव से इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की। ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी रह चुके मनीष वर्मा ने 2018 में स्वैच्छिक सेवानिवृति ली थी। शुरू में वह ओडिशा के जिलों में डीएम रहे थे। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा के मूल निवासी मनीष वर्मा 2012 में अंतरराज्यीय प्रतिनियुक्ति के तहत अपने राज्य लौट आए थे। इसके बाद से वह लगातार बिहार में ही सेवा दे रहे थे। वह पटना और पूर्णिया के जिलाधिकारी भी रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार की जो जाति है, वही मनीष वर्मा की भी जाति है- कुर्मी। अफसरशाह के रूप में भी मनीष वर्मा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आसपास ही रहे थे। नीतीश कुमार खुद कुछ कार्यक्रमों के इनके घर पर भी जा चुके थे। इस कारण जदयू में लोग उन्हें पहले से सीएम के करीबी के रूप में जानते रहे हैं।जब मनीष वर्मा की प्रतिनियुक्ति दिल्ली हो गई तो वह वीआरएस लेकर बिहार आ गए। तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें दूसरे तरीके से पद और शक्तियां दीं। इसके बाद धीरे-धीरे मनीष वर्मा ने जदयू के संगठनात्मक ढांचे का अध्ययन किया। कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में जदयू के अच्छे प्रदर्शन के पीछे मनीष वर्मा की अहम भूमिका थी।

सीएम अपनी नहीं बल्कि पद की तौहीन कर रहे हैं: तेजस्वी



केटी न्यूज/पटना

बुधवार को मरीन ड्राइव के तीसरे फेज का लोकार्पण करने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निर्माण एजेंसी के इंजीनियर के पैर छूने की कोशिश करने लगे थे। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया एक्स पर तेजस्वी ने लिखा कि अगर कोई अधिकारी व ठेकेदार ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन एवं निष्पादन नहीं करता है तो उस पर नियमानुसार कारवाई होनी चाहिए ना कि उनके सामने हाथ जोड़ पैरों में पड़ गिड़गिड़ाना चाहिए। सीएम अपनी नहीं बल्कि पद की तौहीन कर रहे है। इससे पहले बुधवार को तेजस्वी ने सोशल मीडिया पर लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा था और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अधिकारियों के सामने नतमस्तक होने पर तंज किया था। तेजस्वी ने कहा था कि पूरे विश्व में इतना असहाय, अशक्त, अमान्य,अक्षम, विवश,बेबस,लाचार और मजबूर कोई ही मुख्यमंत्री होगा जो एसपी, डीएसपी, थानेदार से लेकर वरीय अधिकारियों और यहां तक कि संवेदक के निजी कर्मचारी के सामने हाथ जोड़ने और पैर पड़ने की बात करता हो। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि सीएम नीतीश कुमार के हाथों में कुछ भी नहीं है। अधिकारी इनकी एक नहीं सून रहे है। वह अपनी मर्जी से कार्य कर रहे है। यह सूबे के लिए खराब स्थिति है। इससे जनता का हित होने वाला नहीं है। बल्कि और भी परेशान होगी।

थाना में शिकायत नहीं सुने जाने पर भड़के जदयू विधायक, बोले- सबको करायेंगे सस्पेंड

केटी न्यूज/ पटना

बेगूसराय में तेजी से बढ़ रही अपराध की घटनाओं पर जेडीयू विधायक ने थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों का खूब हड़काया और उनके खिलफ केस दर्ज कराने तक की चेतावनी दे डाली। दरअसल, बुधवार की रात मटिहानी थाना क्षेत्र में देर रात करीब आधा दर्जन लोगों के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पीड़ित लोग जब अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का बताकर उन्हें वहां से चलता कर दिया। पुलिस के इस रवैये से लोग आक्रोशित हो गए और थाने में हंगामा करने लगे। थाने में लोगों का हंगामा सुनकर पास से गुजर रहे मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह थाने पहुंचे, तो लोगों ने उनसे पुलिस की उदासीन रवैये की जानकारी दी। लोगों को बात को सुनकर विधायक राजकुमार सिंह ने मटिहानी थानेदार की क्लास लगा दी और फटकार लगाते हुए कहा कि आपके जैसे पुलिसकर्मी सरकार को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आप लोगों के खिलाफ एफआईआर करेंगे। जेडीयू विधायक ने थानेदार से कहा कि पुलिस वाले अगर सही तरीके से काम करें।

उचित मूल्य 9800197310 उत्तम व्यवहार
गीता प्रेस
पुस्तक की दुकान
सभी प्रकार की धार्मिक पुस्तकों के एकमात्र विक्रेता
सहयोगी प्रतिष्ठान
डॉ. रामप्रवेश राय (मुन्ना राय)
: 6299941536
लक्ष्मी पैलेस मेन रोड, बक्सर (नहर के पास)

मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसी शिक्षा विभाग की पूर्व उप निदेशक, ढाई करोड़ की संपत्ति जब्त

केटी न्यूज/पटना



ईडी ने बिहार में बड़ा एक्शन लिया है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार की पूर्व उप शिक्षा निदेशक विभा कुमारी की करीब ढाई करोड़ की संपत्ति को जब्त कर लिया है। ईओयू ने इस मामले में साल 2022 में छापेमारी की थी।विभा कुमारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तरत एक्शन हुआ है। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद आर्थिक अपराध इकाई ने शिक्षा निदेशक विभा कुमारी के ठिकानों पर पांच नवंबर 2022 को छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईओयू को भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे।विभा कुमारी शिक्षा विभाग में उप शिक्षा निदेशक के पद पर तैनात थीं। ईओयू ने दो साल पहले महिला अधिकारी के खिलाफ आय से 52 फीसद अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया था। इसके बाद ईओयू ने महिला अधिकारी के दानापुर, वैशाली और पटना के बेली रोड़ स्थित ठिकानों पर छापेमार की थी।छापेमारी के दौरान भ्रष्टाचार से जुड़े कई दस्तावेज ईओयू के हाथ लगे थे। ईओयू की इस कार्रवाई को आधार बनाते हुए आर्थिक अपराध इकाई ने विभा कुमारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इसी मामले में कोर्ट से आदेश मिलने के बाद ईडी ने विभा कुमारी की करीब ढाई करोड़ की संपत्ति को जब्त कर लिया है। इनके दानापुर स्थित वसीकुंज अपार्टमेंट के साथ ही ससुराल वैशाली और बेली रोड स्थित आवास पर एक साथ छापा मारा था। छापामारी के दौरान इनके ठिकाने से बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में निवेश दस्तावेज के साथ अन्य संपत्ति हाथ लगी थी।बाद में आर्थिक अपराध इकाई की कार्रवाई को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। अब इसी मामले में कार्रवाई करते हुए कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने विभा कुमारी की करीब ढ़ाई करोड़ रुपये की संपत्ति अंतिम रूप से जब्त कर ली है। इसके साथ ही ईडी अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार बड़ी मात्रा में धनराशि प्राप्त होने की संभावना व्यक्त की गई है।

जर्नलिस्ट विमल मर्डर केस के मुख्य आरोपी को मारी गोली

केटी न्यूज/ पटना

अररिया में बीते दिनों पत्रकार विमल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पत्रकार के घर में घुसकर बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। अब इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पत्रकार हत्याकांड का मुख्य आरोपी कुछ दिन पहले ही जेले से छूटकर बाहर आया था। दरअसल, इसी साल अगस्त महीने में बदमाशों ने रानीगंज स्थित दैनिक अखबार के संवाददाता विमल कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अपराधियों ने पत्रकार विमल यादव के घर पर पहुंचकर इस वारदात को अंजाम दिया था। गोली लगने से विमल यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। अब इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी भावेश यादव की भी बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है।

S2 Mall
SCPL
RERA REG NO. - BRERAP00017-4/200/R-111/2018





ESCALATOR FOOD COURT SHOPPING



FINE DINE RESTAURANT KIDS ZONE MULTIPLEX

SHANTI CREATION PVT. LTD.
For Booking Contact : 9431019808, 9693777038
Reg H.O. : G-1, Vidya Vatika Apartment, East Boring Canal Road, Gorakh Nath Lane, Patna - 800001
E-Mail : shanticreationpvtltd@gmail.com | Web : www.scplpatna.in

पुलिस के नहीं सुनने के बाद पीड़ित ने लिया था कोर्ट में शरण, मिला न्याय

एसपी और डीएसपी सहित नौ पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई प्राथमिकी

- पीड़ित ने सदर अस्पताल में घेरकर मारपीट, मोबाइल छीन लेने सहित अन्य आरोप लगाते हुए सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया गया था।

केटी न्यूज/पटना



खगड़िया में माननीय कोर्ट के आदेश पर एसपी और एसडीपीओ समेत 9 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ थाने में केस दर्ज हुआ है। खगड़िया के पूर्व एसपी जो वर्तमान में सीवान एसपी हैं। एसडीपीओ समेत तत्कालीन 9 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चित्रगुप्त नगर थाना में जिले के तत्कालीन एसपी अमितेश कुमार, तत्कालीन सदर एसडीपीओ सुमित कुमार (वर्तमान में नालंदा जिला), सदर थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह(वर्तमान में औरंगाबाद जिले में तैनात), तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सदर पवन कुमार, तत्कालीन मानसी थानाध्यक्ष दीपक कुमार (वर्तमान में अलौली थाना में तैनात), अमलेश कुमार, तत्कालीन मुफस्सिल थानाध्यक्ष, पुलिस लाइन के तत्कालीन मेजर महेन्द्र प्रसाद सिंह, एसआई निलेश कुमार समेत 9 पुलिस अधिकारियों को नामजद किया गया है। मानसी थाना के तत्कालीन एसआई अमलेंदू प्रसाद सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेएम के आदेश पर खगड़िया के पूर्व एसपी-एसडीपीओ समेत तत्कालीन 9 पुलिस अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिक, मानसी थाना में पदस्थापित रहे तत्कालीन दारोगा अमलेंदू सिंह की याचिका पर सुनवाई बाद सीजेएम द्वारा प्राथमिकी के आदेश 6 मई 2024 को दिया गया था। प्राथमिकी 4 जुलाई 2024 को दर्ज की गयी। अमलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व एसपी समेत 9 पुलिस अधिकारियों पर सदर अस्पताल में घेरकर मारपीट, मोबाइल छीन लेने सहित अन्य आरोप लगाते हुए सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया गया था। जिसमें सीजेएम के आदेश पर चित्रगुप्त नगर थाना में पूर्व एसपी समेत 9 पुलिस अधिकारियों को नामजद आरोपित बनाते हुए पर प्राथमिकी दर्ज की है। खगड़िया एसपी चंदन कुमार कुशवाहा ने कहा कि सीजेएम के आदेश पर चित्रगुप्तनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई है। निष्पक्षता से कार्रवाई होगी।

असंतुलित उर्वरक के प्रयोग से खेतों के साथ फसलों को भी हो रहा नुकसान

केटी न्यूज/बक्सर

♦ केविके में प्रशिक्षण आयोजित कर किसानों को संतुलित उर्वरक की दी गई जानकारी



इटाढ़ी रोड स्थित जिला कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को इफको के तत्वावधान में सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इफको बिहार के पूर्व उप-महाप्रबंधक वाई.पी सिंह, उपमहाप्रबंधक एके पालीवाल, एमसीके प्रबंधक नितिन मिश्रा एवं केंद्र के प्रभारी प्रमुख हरिगोबिन्द द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए हरिगोबिन्द ने कृषि मे संतुलित उर्वरक के प्रयोग पर बल देते हुए धान, मक्का, अरहर, सब्जी आदि खरीफ की फसलों मे उर्वरक प्रयोग का समय, मात्रा, लाभ के बारे मे जानकारी दी। साथ ही, असंतुलित उर्वरक के प्रयोग से होनेवाली हानि के बारे मे अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रसायनिक उर्वरकों के अंधाधुध इस्तेमाल से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। रासायनिक उर्वरकों के बेइंतहा इस्तेमाल से जहां खेतों की उर्वरा शक्ति क्षीण होती जा रही है, वहीं च्सचाई के लिए पानी की भी कमी होती जा रही। 60 के दशक में हरित क्रांति की शुरूआत के साथ ही देश में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक व संकर बीजों के इस्तेमाल में भी इजाफा हुआ। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरक व कीटनाशकों के प्रयोग से खेती के साथ साथ फसलों और मानव जीवन पर पड़ने लगा है। जिसकी अनदेखी आने वाले दिनों में काफी महंगी साबित होने वाली है। यह जल, मृदा और वायु प्रदुषण का बड़ा कारक है, मिटटी की उर्वरा शक्ति क्षिण्ण हो रही, मिट्टी के क्षारीय होने से पैदावार घट रही है। वहीं, यूरिया व डीएपी जैसे उर्वरक के अधिकाधिक इस्तेमाल से मिट्टी से लोप हो रहे प्राकृतिक तत्व जिससे मिट्टी के कणों में पानी संग्रह की क्षमता हो रही कम, परिणामस्वरूप अधिक सिंचाई की आवश्यकता। साथ ही, यूरिया का बीजों के साथ सीधे संपर्क होने से अंकुरण दर में भी कमी हो रही है। रासायनिक उर्वरकों के असमान इस्तेमाल से दलहन फसलों की ग्रंथि निर्माण एवं वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

विशेषज्ञ रामकेवल ने जैव-उर्वरकों के प्रयोग विधि एवं लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से मिट्टी में कुछ ऐसे जीवाणु पाये जाते हैं, जो वायु मण्डलीय नत्रजन को अमोनिया में एवं स्थिर फास्फोरस को उपलब्ध अवस्था में बदल देते हैं। जीवाणु खाद ऐसे ही जीवाणुओं का उत्पाद है, जो पौधों को नाइट्रोजन एवं फास्फोरस आदि की उपलब्धता बढ़ाता है।

आमंत्रित वाईपी सिंह ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी तथा पालीवाल ने जल विलय और जैव उर्वरकों की प्रयोग विधि पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच संचालन प्रबंधक इफको अभय मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विस्कोमान व ई-बाजार के प्रभारी, स्वावलंबी समितियों के अध्यक्ष, प्रतिनिधियों समेत 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया व केंद्र के आरिफ प्रवेज, राकेश मणि, रवि चटर्जी, राजेश कुमार राय, सरफराज अहमद खान, मुकेश कुमार समेत अन्य ने सहयोग दिया।

एक नजर

चौसा नपं में चल रहे विकास कार्यों का ईओ ने किया निरीक्षण, पारदर्शिता का दिया निर्देश



चौसा। स्थिानीय नपं में विकास की गति प्रारंभ हो गई। कहीं नाले तो कहीं सड़क का निर्माण का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं, सौंदर्यीकरण में लाइट आदि लगाने के लिए तैयारी की जा रही है। इसी के तहत वार्ड नं. चार के तहत साईं टोला व यादव मोड़ से नरबतपुर जाने वाली मार्ग के निर्माण कार्य का मुआयना करने ईओ शुभम कुमार पहुंचे। जिसके तहत इट सोलिंग व पीसीसी सड़क निर्माण का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जहां मिक्सर से लेकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की गई। इस संबंध में संवेदक व कनीय अभियंता को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कार्य मे लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। गुणवत्ता व पारदर्शिता का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा मानक के हिसाब से कार्य किया जाय। वही, यादव मोड़ से नरबतपुर जाने वाली मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। जहा इट सोलिंग व पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। हालांकि, अभी कार्य के तहत इट के टुकड़े से सड़क के गड्ढों की भराई कार्य किया जा रहा था। वहां भी उन्होंने संवेदक व कनीय अभियंता को पारदर्शिता के प्रति हिदायत दी गई। ईओ शुभम कुमार ने बताया चौसा नगर पंचायत के विकास का पहिया अब गति पकड़ रहा है। जहा स्वच्छता से लेकर साफ-सफाई व लाइट आदि व्यवस्था से लेकर जलजमाव- पानी निकासी आदि व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है साथ ही सभी को सचेत भी किया जा रहा। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद दिनेश सिंह, हृदयनारायण सिंह व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने जिले के हर खेत तक सिंचाई का पानी की समीक्षा कर दिए निर्देश



बक्सर। राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरूवार को सात निश्चय पार्ट 2, हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम अंतर्गत लघु जल संसाधन विभाग से संबंधित सतही एवं नलकूप योजनाओं के क्रियान्वयन के सतत अनुश्रवण के संबंध में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। जिसमें जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल बक्सर ने भाग लिया। बैठक में अवगत कराया गया कि बक्सर जिला अन्तर्गत सर्वेक्षित निजी नलकूप की संख्या एक है। संबंधित किसान के द्वारा नलकूप लगाने में रूचि नहीं लिए जाने के कारण कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल, बक्सर के द्वारा उक्त आवेदन को रद्द कर विभाग को सूचित कर दिया गया है। वही हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम अन्तर्गत लघु सिंचाई प्रमण्डल, बक्सर को एक अदद योजना का डीपीआर उपलब्ध कराने के लक्ष्य के विरुद्ध डीपीआर तैयार कर विभाग को समर्पित किया जा चुका है। विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदा कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए आवासीय विद्यालय का निर्माण, नहीं तो कार्रवाई तय: डीएम



बक्सर। गुरूवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय महदह बक्सर के भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पूछने पर डीएम को जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि 730 बेड वाले अनुसूचित जाति आवासीय 10$2 बालक-बालिका उच्च विद्यालय महदह का निर्माण भवन निर्माण निगम के द्वारा किया जाना है। जिला कल्याण पदाधिकारी, बक्सर से पूछने पर बताया कि भवन निर्माण विभाग को निरीक्षण के संबंध में अवगत कराते हुए आज उपस्थित होने के लिए पूर्व सूचित किया गया था, लेकिन कार्यपालक अभियंता स्वयं या उनका कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। निमार्णाधीन स्थल पानी से भरा हुआ था। ऐसा प्रतीत हुआ कि भवन प्रमंडल के संवेदक द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। जिस पर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी जताई। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन भवन के संबंध में कार्य योजना तैयार कर स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

भकुरा मोड़ के पास डुमरांव के युवक से नगदी व मोबाईल की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

सिमरी। जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के आशा पड़री नियाजीपुर पथ पर भकुरा मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक से 13 हजार 500 रूपए नगद तथा मोबाईल फोन छिन फरार हो गए। घटना बुधवार देर शाम की है। पीड़ित युवक डुमरांव के चतुरशालगंज निवासी बजरंगी माली ने बताया कि वह अपने एक रिश्तेदार के घर गया था, वहा से लौटने के दौरान गंगौली से कोई वाहन नहीं मिला तथा शाम ढलने लगा था तो मैं पैदल ही चल दिया था। जैसे ही भकुरा मोड़ के पास पहुंचा कि आशा पड़री की तरफ से एक बाइक पर सवार दो युवक आ रहे थे। मुझे देखते ही बाइक रोक पहले मोबाईल छिन लिए, विरोध करने पर मारपीट कर पर्स से 13 हजार 500 रूपए भी निकाल नियाजीपुर की तरफ भाग निकले। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत सिमरी थाने में दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष संजय गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जल्दी ही छिनतई करने वाले उचक्कों को पकड़ लिया जाएगा।

बक्सर स्टेशन पर पकड़े गए 50 बेटिकट यात्री

बक्सर। गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल बक्सर के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के दिशा निर्देश पर उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल एवं उप निरीक्षक दिनेश चौधरी के साथ आरपीएफ के द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला बोगी में यात्रा करने वाले व्यक्तियों एवं विकलांग बोगी में यात्रा करने वाले व्यक्तियों समेत रेलवे लाइन को अनाधिकृत रूप से पार करने वाले व्यक्तियों एवं स्टेशन परिसर में बिना टिकट के घूमने वाले व्यक्तियों एवं इसके साथ ही बक्सर स्टेशन के नो पार्किंग क्षेत्र एवं स्टेशन में गेट के सामने खड़ा ई रिक्शा वाहनों के व्यक्तियों के विरुद्ध सदन अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 व्यक्तियों को पकड़ा गया।

खबरें फटाफट

समन्वय समिति की बैठक संपन्न

केसठ। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। बैठक में जीविका, कन्या उत्थान योजना, जननी सुरक्षा योजना, धान अधिप्राप्ति योजना सहित अन्य प्रखंड स्तरीय सभी विभागों का कार्यक्रमों की समीक्षा संबंधित अधिकारियों के साथ की गई। साथ ही, कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। वहीं, लगभग एक दर्जन से अधिक योजनाओं की समीक्षा की गई।

लाभार्थियों को बांटा गया गैस सिलेंडर

बक्सर। शहर के यमुना चौक स्थित मुख्य सड़क पर स्थित अपने आवास पर गुरुवार को वार्ड नंबर 30 के पूर्व वार्ड पार्षद अनूप वर्मा ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी गिरिजा देवी, शीला मिश्रा और शांति देवी को गैस सिलेंडर के साथ उसका कनेक्शन दिया। मुफ्त गैस का सिलेंडर व कनेक्शन पा लाभार्थी काफी खुश नजर आ रही थी। इस मौके पर लाभार्थियों ने पूर्व वार्ड पार्षद के प्रति आभार जताया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीब परिवारों को मुफ्त में रसोई गैस का सिलेंडर व कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना चलाई है। जिले के अबतक हजारों गरीब परिवार इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।

डुमरांव अनुमंडल अस्पताल की कार्यशैली पर चला जिलाधिकारी का डंडा

कार्रवाई: डीएम ने डुमरांव अनुमंडल अस्पताल के डीएस का रोका वेतन

♦ मामले में जिलाधिकारी ने सिविज सर्जन से मांगा स्पष्टीकरण
♦ साफ सफाई में लगी एजेंसी पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर डीएम ने दिखाई सख्ती

केटी न्यूज/बक्सर



प्रभारी मंत्री नीतीन नवीन ने भी एजेंसी पर कार्रवाई का दिया था सख्त निर्देश

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था खासकर दोयम दर्जे की सफाई व्यवस्था से नाराज डीएम अंशुल अग्रवाल ने डीएस डॉ. गिरिश सिंह का वेतन बंद कर दिया है, वही इसी मामले में सीएस डॉ. एससी सिन्हा से शो-कॉज किया है। शो-कॉज का संतोष जनक जबाव नहीं मिलने पर सीएस का वेतन भी बंद किया जा सकता है। बता दें कि डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था व अस्पताल में पसरी गंदगी की शिकायत डीएम से की गई थी। इस मामले में डीएम ने जांच करवा कार्यसंस्कृति में सुधार लाने की चेतावनी दी थी।

लेकिन, जीविका के माध्यम से हो रहे सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। जिससे नाराज डीएम ने डीएस का वेतन बंद कर दिया है। बता दें कि अभी एक दिन पहले ही डीएम ने लापरवाही बरतने वाले अनुमंडलीय अस्पताल व सदर अस्पताल के 18 चिकित्सकों से शो-कॉज किया था। जिसमें डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. गिरिश सिंह का नाम भी शामिल था। वहीं, आज की कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

बीते सोमवार कोकार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमें डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा ने अनुमंडल अस्पताल डुमरांव के प्रबंधन व चिकित्सकों की कार्यशैली के साथ साथ कुव्यवस्था का मामला उठाया था। जिसने कार्यरत साफ-सफाई की एजेंसी के द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं को प्रमुखता के साथ बैठक में रखा गया था। जिस पर गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री नीतीन नवीन ने सिविल सर्जन को संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। साथ ही, 48 घंटों के अंदर अद्यतन प्रगति का प्रतिवेदन से विभाग को अवगत कराने को कहा था। लेकिन, सिविल सर्जन द्वारा अब तक उक्त जांच एजेंसी पर कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन और डुमरांव अनुमंडल अस्पताल के डीएस पर कार्रवाई की।

सीएस के निरीक्षण में कई खामियां उजागर, कहा- 24 घंटे में सुधार करें

केटी न्यूज/डुमरांव

अनुमंडलीय अस्पताल का डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा मॉनीटरिंग किये जाने के बाद भी इसके स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इसका खुलासा गुरुवार को सीएस डॉ. एससी सिन्हा द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सामने आया। सीएस लगभग साढ़े बारह बजे के आसपास अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंच गए। डीएस गिरीश कुमार सिंह अस्पताल से गायब रहे। फिर सीएस प्रबंधक के साथ सभी वार्डों का निरीक्षण करने लगे। सबसे पहले उन्होंने ओपीडी को देखा। ओपीडी सेवा में दंत चिकित्सक, फीजिसियन डॉ. शिवकुमार चौधरी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित सौरव मौजूद रहे। शिशु रोग विशेषज्ञ में कोई चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं थे। सीएस आने के आधा घंटा बाद डीएस डा. गिरीश कुमार सिंह पहुंचे। फिर उनसे सीएस ने विलंब से आने का कारण पूछा। प्रबंधक के साथ उन्होंने सभी वार्ड का निरीक्षण किया।

प्रवेश करते ही मरीजों और अभिभावकों के प्रतिक्षालय हॉल को देखा, जिसमें पंखा नहीं चल रहा था। इस पर प्रबंधक से सवाल किया और चौबीस घंटे के भीतर पंखा को लगाने का आदेश दिया। फिर सीएस ने कैंसर जांच के लिए आयी टीम से उनके प्रगति के बारे में जानकारी लिया। वहीं, निरीक्षण के दौरान देखा कि ओटी कक्ष में बेड पर प्रयोग किया हुआ प्लास्टर करने का समान बिखरा हुआ था, इस पर प्रबंधक की जमकर क्लास लगाई। फिर उन्होंने आपातकालीन वार्ड में भी पंखा की व्यवस्था सही नहीं पाया। फिर डीएस की तरफ मुखातिब होकर कहा कि डीएम स्वयं इस अस्पताल की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, बावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रही है। बच्चों के डॉक्टर के गायब रहने पर इसकी शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों से करने की बात कही। फिर सीएस डीएस के कक्ष में बैठ सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को बुलाकर उन्हें अस्पताल में सही समय पर आना, अपने काम को जिम्मेवारी पूर्वक करने सहित अन्य बातों को समझाया। साथ ही बताया की यहां की सफाई व्यवस्था का सवाल विधान सभा में विधायक द्वारा उठाया जा चुका है।

गोलीबारी में जख्मी युवक की पटना में इलाज के दौरान मौत

केटी न्यूज/बक्सर

बीते दिनों बक्सर में हुई गोलीबारी के शिकार सारिमपुर के सोनू साह की गुरूवार को पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई है। दोपहर बाद उसका शव पटना से बक्सर लाया गया, जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

वहीं, पुलिस सूत्रों की मानें तो परिजनों की शिकायत पर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि अभी तक इस मामले में परिजनों ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है। बता दें कि मंगलवार की शाम अपराधियों ने सारिमपुर के खालिद साह के 18 वर्षीय पुत्र सोनू साह को गोली मार दिया था। गोली उसके सर में मारी गई थी जो आर पार हो गई थी। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज के बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे लेकर पटना गए थे। जहां, गुरूवार की सुबह सोनू जिंदगी की जंग हार गया। उसकी मौत से परिजनों को गहरा सदमा लगा है। वही स्थानीय सूत्रों की माने तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। वही, पुलिस ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया है। पुलिस की मानें तो जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

समान काम, समान वेतन की मांग पर हड़ताल जारी

♦ एएनएम व अन्य कर्मचारियों ने सीएस को सौंपा ज्ञापन

केटी न्यूज/बक्सर



आठ जुलाई से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चल रही एएनएम ने गुरूवार को सीएस के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर अपने मांग को बुलंद किया। बता दें कि बिहार संविदा एएनएम संघर्ष मोर्चा गोप गुट जिला शाखा के बैनर तले समान काम समान वेतन लागु करने, एनएमएस कर्मियों के लिए एचआरएमएस-एफआरएएस के विरोध में जिला भर की संविदा एएनएम, जीएनएम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रही है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि जब तक बिहार सरकार हमारी मांगे नहीं मानती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार हम संविदा कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सिर्फ संविदा कर्मियों को ही उपस्थिति बनाने के लिए एफआरएएस लागू किया जा रहा है, जबकि संविदा कर्मी अल्प वेतन भोगी है। बहुत सारे स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र काफी सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित हैं, जहां पर प्रायः मोबाइल नेटवर्क नहीं रहता है एवं यातायात की भी कोई बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसी परिस्थिति में हम एनएचएम कर्मियों को काफी आर्थिक एवं मानसिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे हम तमाम लोग काफी डरे एवं सहमें हुए हैं। प्रदर्शन को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के जिला अध्यक्ष लव कुश सिंह, जिला सचिव महेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रेम चंद्र चक्रवर्ती, चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार रज्जक, संविदा एएनएम संघर्ष मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला सचिव सरिता कुमारी ने संबोधित किया। प्रदर्शन में मुनी कुमारी, अंशु कुमारी, किरण कुमारी, अनुपमा कुमारी, रीता कुमारी, सविता कुमारी, सुनीता कुमारी, बिन्नी कुमारी, प्रियंका कुमारी, मीरा कुमारी, अनिता कुमारी, सुनीता कुमारी, सुमन कुमारी, रानी कुमारी, अमृता कुमारी, रेखा कुमारी, शांति कुमारी समेत बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थी।

जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को ले जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने दिया एक दिवसीय धरना, कहा-

एक वर्ग के द्वारा जानबूझकर बढ़ाई जा रही है देश में आबादी

♦ जनसांख्यिकीय असंतुलन के समाधान के लिए डीएम अंशुल अग्रवाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सौंपा ज्ञापन

केटी न्यूज/बक्सर



गुरूवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंबेडकर चौक पर एक दिवसीय धरना दिया गया। यह धरना देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। इसके साथ ही जनसांख्यिकीय असंतुलन के समाधान के लिए डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया।

जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन के कार्यकताओं ने जेएसएफ जिलाध्यक्ष संतोष कुमार दूबे के नेतृत्व में धरना दिया तथा जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित गृहयुद्ध के खतरे को रोकने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरने में उपस्थित कार्यकताओं ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं होने से अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति जारी है। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर इसपर अंकुश लगाना आवश्यक है। इसमें एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर अपनी जनसंख्या बढ़ाई जा रही है और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है।

भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है, परन्तु पूर्व की सरकारों की विभाजन के तुरन्त बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन द्वारा विगत लगभग 11 वर्षों से हजारों छोटी-बड़ी सभाएं एवं धरना-प्रदर्शन किया गया है। वहीं सांसद संवाद कार्यक्रम, राष्ट्रपति सहित महत्वपूर्ण लोगों से भेंट कर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। यदि जल्द कानून नहीं बना तो अब विधायकों एवं सांसदों के साथ महत्वपूर्ण जन प्रतिनिधियों के घेराव पर संगठन विचार करने लगी है। धरना में प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन सिंह, लक्ष्मण शर्मा, माधुरी कुंवर, बिरेंद्र पांडेय, विनोद सिंह, सुरेश मिश्रा, मनोज तिवारी, कमलेश मिश्रा, दीपक उपाध्याय, अमरेंद्र दूबे, अगस्त उपाध्याय, सुनिल ओझा, संजय सिंह, निरज तिवारी, विपीन सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, बोले डीएम...

सभी पंचायत प्रतिनिधि पुरुषों को नसबंदी के लिए करें प्रेरित

- जिला पदाधिकारी ने सरथी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- 11 से 31 जुलाई तक जिले में मनाया जाएगा परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा
- जिला पदाधिकारी ने परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए दिए दिशा-निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर



अधिक से अधिक पुरुष नसबंदी करने का रखा गया लक्ष्य

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों में परिवार नियोजन मेला के साथ साथ अनेकों कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिनके माध्यम से लोगों को बढ़ती जनसंख्या व परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से 12 सारथी रथ को हरी झंडी दिखा कर किया। मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण आज हमारे सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं। जिनमें संसाधनों की कमी, पर्यावरण का क्षरण, बुनियादी ढांचे पर बढ़ता दबाव, बेरोजगारी व गरीबी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव शामिल हैं। उन्होंने जिले के सभी लोगों से इस पर विचार करते हुए जनसंख्या स्थिरीकरण में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने की अपील की।

इस दौरान परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में चिकित्सक वार पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पुरुष नसबंदी सुनिश्चित किया जा सके। वहीं, सभी प्रखंडों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में समन्वय बैठक की जाए। जिसमें आईसीडीएस, विकास मित्र एवं नेहरू युवा केंद्र इत्यादि समुदाय आधारित संगठन समन्वय बैठक में भाग ले एवं पुरुष नसबंदी कराने हेतु सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रत्येक प्रखंड में सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित करें। प्रखंडों में ग्रामीण चिकित्सकों से पुरुष नसबंदी के लाभार्थियों को उत्प्रेरित करने में सहयोग लिया जाए। दूसरी ओर, स्वास्थ्य विभाग में क्षेत्र स्तर पर कार्य करने वाले प्रत्येक मानव संसाधन यथा आरबीएसके, सीएचओ, एएनएम इत्यादि को प्रति व्यक्ति काम से कम एक पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

सभी प्रखंडों में परिवार कल्याण मेला हुआ आयोजित : सिविल सर्जन ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सभी प्रखंडों में परिवार कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ जीवन हेतु साफ-सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, सुखी एवं स्वस्थ जीवन हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र में शादी, पहला बच्चा शादी के 2 वर्ष बाद, एवं दो बच्चों के बीच 3 वर्ष का अंतर इत्यादि विषयों पर जन जागरण का कार्य किया गया। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत लाभुकों को नियोजन की अस्थायी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गयी। लाभुकों को माला एन दैनिक गर्भनिरोधक गोलियां, इमरजेंसी गर्भनिरोधक गोलियां, छाया साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोलियां, अंतरा 3 महीने के लिए लगाई जाने वाली गर्भनिरोधक सुई, कंडोम, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी आदि अस्थायी साधन दिए गए।

मौके पर जिला पदाधिकारी व सिविल सर्जन के अलावा उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल, जिला स्वास्थ्य समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु सिंह, सदर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य उत्प्रेरक प्रिंस कुमार सिंह उपस्थित थे।

नावानगर सीएचसी में परिवार नियोजन पखवाड़ा मेला का आयोजन



नावानगर। स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को मिशन परिवार विकास अभियान के तहत परिवार नियोजन मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ मनोज कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, स्वास्थ प्रबंधक रवि रंजन प्रसाद सिन्हा, बीसीएम तस्लीम ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस दौरान बीडीओ ने परिवार नियोजन पखवाड़ा मेला में पहुंचे लोगों को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें अस्थाई एवं स्थाई साधन के बारे में लोगों को टिप्स दिया। साथ ही मेले में आईयूसीडी,महिला बन्ध्याकरण, पुरुष नसबंदी सहित परिवार नियोजन के लिये सभी महिला पुरुष को जागरूक करने पर बीडीओ ने स्वास्थ्य संबंधित कर्मियों को जोर दिया। कहा परिवार के खुशहाली के लिए परिवार नियोजन कराना जरूरी है। वही सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 27 जून से 10 जुलाई तक आशा कार्यकर्ता द्वारा दंपति संपर्क पखवाड़ा एवं 11 से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा संपादित किया जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा पंचायत स्तर पर परिवार नियोजन के प्रति लोगो को जागरूक की जाएगी। मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

डुमरांव। विश्व जनसंख्या दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में गुरुवार को परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन बीडीओ संदीप कुमार पांडेय व जेएसएस श्रीनिवास ने फीता काटकर किया। इस दौरान बीडीओ ने कार्यक्रम्र में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों और लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटा परिवार सुखी परिवार होता है, इसको हमें समझना होगा। तभी हम इस पर नियंत्रण कर खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं। वहीं जेएसएस व पीएचसी प्रभारी ने उपस्थित लोगों को बताया कि छोटा परिवार सुखी परिवार के सफलता की कुंजी है। ग्रामीण स्तर पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए इसका लाभ दिलवाया जाए। इस जागरूकता रैली में महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

डुमरांव प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी श्रीवास्तव ने बताया कि 11 से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रचार प्रसार आशा कार्यकर्ता, सेविका, सहायिक, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से किया जा रहा है। परिवार के लोग इनसे संपर्क कर सारी जानकारी ले सकते हैं। इस पखवाड़ा में महिला बंध्याकरण, पुरूष नशबंदी, अंतरा, माला-एन, छाया सहित अन्य परिवार नियोजन के साधन अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त में उपलब्ध कराया जाता है। मेले में बताया गया की पुरूष नशबंदी कराने वाले को 3 हजार और बंध्याकरण कराने वाली महिला को 2 हजार रूपया प्रति लाभार्थी दिया जाता है। एमओआईसी ने बताया कि पुरुष नसबंदी महिलाओं के बंध्याकरण से 20 गुणा अधिक सुरक्षित और आसान है। क्योंकि महिलाओं के बंध्याकरण के बाद उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, पुरुषों की नसबंदी की बात करें तो, उसमें काफी कम समय लगता है और उन्हें कोई परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ता। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी में डॉ. टीएन राय, प्रबंधक अफरोज आलम, बीसीएम अक्षय कुमार, उमेश कुमार, अभिषेक कुमार, रवि रंजन पाठक, विकास कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

एक नजर...



राजपुर पीएचसी में परिवार कल्याण योजना में शामिल स्वास्थ्य कर्मी व लाभार्थी।



डुमरांव पीएचसी में जनसंख्या दिवस के अवसर पर रैली निकालती आशा कर्मी व अधिकारी।



ब्रह्मपुर सीएचसी में परिवार कल्याण मेले में शामिल स्वास्थ्य कर्मी व लाभार्थी।



इटाढ़ी सीएचसी में परिवार कल्याण मेले का उद्घाटन करते एमओआईसी व अन्य।



जिलाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद प्रखंडों में सारथी रथा के साथ जाती आशा।

अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने के विरोध में आजाद समाज पार्टी ने किया सड़क जाम





केटी न्यूज/राजपुर

प्रखंड परिसर स्थित बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की दाहिने हाथ की अंगुली तोड़े जाने के विरोध में आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश राम के नेतृत्व में चौसा-कोचस मार्ग पर राजपुर मुख्यालय के समीप सड़क को जाम कर दिया। युवाओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जहां मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष संतोष कुमार एवं बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने बात कर समस्या के समाधान की बात कही गई। सड़क जाम से लगभग एक किलोमीटर तक दोनो तरफ वाहनों की कतार लग गयी।

सड़क जाम से वाहनों में सवार यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगभग आधे घण्टे बाद थाना अध्यक्ष संतोष कुमार के पहल पर आजाद समाज पार्टी ने अपना एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें लोगों ने प्रतिमा के पास दो शस्त्र सुरक्षा बल, घेराबंदी के लिए ग्रिल लगाने, सोलर लाइट, सीसीटीवी कैमरा एवं शरारती तत्वों की पहचान कर गिरफ्तार करने की मांग उठायी गयी। इसके बाद जाम को हटाया गया। इस मामले को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के जिला प्रतिनिधि मंडल एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने भी मिलकर सुरक्षा के लिए अपनी मांग रखी। इन सभी पहलुओं पर सभी के सहमति से टूटी अंगुली का निर्माण एवं घेराबंदी की बात कही गयी। कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष जनार्दन राम, हीरालाल राम सामाजिक कार्यकर्ता लालजी राम ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए सुरक्षा पर सहमति जाहिर की, बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि सुरक्षा के लिए घेराबंदी से पहले लोहे का गेट का निर्माण एवं आने वाले दिनों में पंचायती राज व्यवस्था से वहां प्रकाश के लिए लाइट की व्यवस्था कराई जाएगी।

उपस्थिति दर्ज करने के लिए पर्याप्त संख्या में बायोमेट्रिक मशीन नहीं उपलब्ध

- जिलाधिकारी ने अभियंत्रण कॉलेज का किया औचक निरीक्षण, निर्माण व अन्य कार्यों में उजागर हुई कमियां

केटी न्यूज/बक्सर



गुरूवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा अभियंत्रण कॉलेज बक्सर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य से नवनिर्मित भवन के संबंध में पूछताछ की तो प्राचार्य ने बताया कि नवनिर्मित भवन का हस्तांतरण कर दिया गया है एवं भवन में लगाए गए फर्नीचरों का हस्तांतरण करना शेष है। इस संबंध में निर्देश दिया गया कि नवनिर्मित भवन में विभागीय मानक के अनुरूप यदि भवन में कोई कार्य जैसे गेट, ग्रील, रेलिंग, रंग-रोगन, प्लास्टर इत्यादि पूर्ण नहीं हुआ है तो इसका निरीक्षण कर सूची तैयार करते हुए भवन प्रमंडल विभाग एवं जिलाधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि छात्र-छात्राओं को बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए पर्याप्त संख्या में बायोमैट्रिक मशीन नहीं लगाया गया है। छात्र-छात्राओं की सुविधा को देखते हुए अधिक से अधिक बायोमैट्रिक मशीन लगाने का निर्देश दिया गया।

वहीं, छात्र-छात्राओं के बीच सांस्कृति कार्यक्रम, योगा, खेल कूद प्रतियोगिता इत्यादि नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया गया। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के सहुलियत के लिए इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम विकसित करने के लिए विभाग से समन्वय स्थापित करने का निर्देश प्राचार्य को दिया गया।

रामपुर स्थित संस्कृत डिग्री कॉलेज का कामेश्वर सिंह संस्कृत विवि कुलपति ने किया निरीक्षण

बक्सर। गुरुवार को कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा के कुलपति, प्रोफेसर लक्ष्मी निवास पांडेय ने गुरूवार को बक्सर सदर प्रखंड के रामपुर गांव में संचालित होने वाले शिव प्रसाद संस्कृत डिग्री कॉलेज, रामपुर में संस्कृत संभाषण शिविर के प्रथम दिन निरीक्षण करने पहुंच। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं लेक्चरर कुलपति का स्वागत पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर किए। कॉलेज में चल रहे दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर को कुलपति ने सरस्वती मां की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण कर उद्घाटन भी किया। कुलपति ने महाविद्यालय के अध्यापकों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने संस्कृत भाषा के क्रमशः श्रवण, वाचन, पठन, लेखन कौशल के महत्व को समझाया एवं समाज और संस्कृत के पारस्परिक संबंध की चर्चा की।

बैरंग लौटे ब्लड डोनेट करने वाले, नहीं आया कोई

केटी न्यूज/डुमरांव

- अनुमंडलीय अस्पताल में 11 जुलाई को ब्लड डोनेशन कैंप लगने का किया गया था प्रचार

11 जुलाई को अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाने के लिए एक सप्ताह से प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। समाजिक कार्यकर्ताओं से लेकर नौजवानों तक में इस बात की खबर पहुंचायी गई थी। सवास्थ्य कर्मियों को भी डोनेटर लाने के लिए टॉस्क दिया गया था। लिहाजा उनकी तरफ से भी डोनेटर को तैयार किया गया था। कुछ डोनेटर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच भी गए थे। घंटों इंतजार के बाद उन्हें बताया गया की राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा इसे कैंप को स्थगित कर दिया गया है, दूसरी तारीख तय होने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। कुछ डोनेटर यह कहते हुए पाए गए की अगलीबार कैसी परिस्थिति रहेगी कौन जानता है। सभी डोनेटर बैरंग लौट गए। रेडक्रास के पूर्व मानद सचिव मोहन गुप्ता द्वारा इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की स्वास्थ्य समिति का कहना है कि एक माह पहले भी ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था, इसीलिए आगे इसे बढ़ाया गया।

डुमरांव में स्कूली छात्र-छात्राओं को दी जा रही नए कानून की जानकारी

आपात स्थिति में डायल 112 पर तत्काल कॉल करें छात्राएं

केटी न्यूज/डुमरांव



देश में तीन नये आपराधिक कानून लागू होने के बाद लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है। एक जुलाई को लगभग सभी थानों पर नये कानून से संबंधित जानकारी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें हर वर्ग के लोगों को बुलाया गया था। उन्हें कानून से संबंधित जानकारी दी गयी थी।

अब स्कूलों में छात्राओं व महिलाओं को भी इस कानून के बारे में जानकारी दी जा रही है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डुमरांव थाना क्षेत्र के राज हाइस्कूल, सीपीएसएस हाइस्कूल और सुमित्रा कॉलेज में पुलिस की ओर से नये कानून को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला हेल्प डेस्क प्रभारी रीतिका कुमारी व डेस्क अपर प्रभारी सोनम कुमारी ने छात्राओं व महिला शिक्षकों को जागरूक किया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने नये आपराधिक कानूनों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नये आपराधिक कानूनों में महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता मिली है। छात्राओं को बताया गया कि यह प्रावधान महिलाओं के लिए भारत में एक अधिक सुरक्षित और समर्थनशील वातावरण बनाने का लक्ष्य रखते हैं, जिससे उन्हें न्याय प्राप्त करने और अपने अधिकारों का प्रभावी रूप से उपयोग करने में सहायता मिले। नया कानून महिलाओं के लिए अपराध की रिपोर्टिंग और न्याय प्राप्ति की प्रक्रियाओं को सरल बनाते हैं, जिससे कठिन कानूनी प्रक्रियाओं का बोझ कम होता है। इस कानून के आ जाने से किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क ने अपना नंबर छात्राओं के साथ शेयर किया। इमरजेंसी या किसी तरह की मदद के लिए डायल 112 पर भी संपर्क करने की अपील की। कई छात्राओं ने महिला पुलिसकर्मियों से अपनी और फैमिली की परेशानियों को भी साझा किया।



सिविल सर्जन ने कहा... जनसंख्या रोकने के लिए जारूकता जरूरी

- विश्व जनसंख्या दिवस पर मेला के साथ जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शुरू, 31 जुलाई तक चलेगा

केटी न्यूज/सासाराम

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सासाराम सदर अस्पताल के प्रांगण में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ मणि रंजन ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ किया। यह पखवारा 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। यह सभी पीएचसी में जनसंख्या दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित होगा। इस पखवाड़े के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न संसाधनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसका मुख्य मकसद जनसंख्या नियंत्रण संसाधनों के साथ-साथ-2 बच्चों के जन्म के बीच 2 से 3 वर्षो का अंतर के बारे में जानकारी देना है। मौके पर एसीएमओ डॉ अशोक कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ वीके पुष्कर, सीडीओ राकेश कुमार, डॉ राघवेन्द्र कुमार, डीपीसी संजीव मधुकर, पीरामल



स्वास्थ्य के डिस्ट्रिक लीडर हेमंत कुमार, पीएसआई के शैलेंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जिला सलाहकार तारिक अनवर, परिवार नियोजन सलाहकार नुजरत, अस्पताल प्रबंधक रितेश स्वरूप, अकाउंटेंट रितेश कुमार, पिरामल के अर्जुन गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

परिवार नियोजन के संसाधनों को लेकर किया जाएगा जागरूक

जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद डीपीसी संजीव मधुकर ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर मेले के माध्यम से लोगों को विभिन्न संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई। लगातार 21 दिनों तक सभी प्रखंडों में अभियान चलाकर पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण किया जाएगा। डीपीसी ने बताया कि स्थाई में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही अस्थाई संसाधनों में गर्भनिरोधक गोलियां, अंतरा इंजेक्शन, कॉपर टी एवं कंडोम के बारे में जानकारी दी जाएगी।

पुरुष नसबंदी पर दिया जाएगा बल: एसीएमओ डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि कई दिनों तक चलने वाले इस पखवाड़े में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी को लेकर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पुरुष नसबंदी पर बल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नसबंदी को लेकर अभी भी पुरुषों में भ्रम है कि नसबंदी कराने पर कमजोरी होती है। महिला बंध्याकरण की तुलना में पुरुष नसबंदी काफी सरल है।

दी जाती है प्रोत्साहन राशि

परिवार नियोजन संसाधनों को अपनाए जाने के बाद सरकार लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि देती है। महिला बंध्याकरण के बाद लाभार्थी को 2000, पुरुष नसबंदी कराने वाले को 3000, प्रसव पश्चात बंध्याकरण के लिए 3000, प्रसव पश्चात कॉपर- टी लगवाने पर 300, गर्भपात उपरांत कॉपर- टी लगवाने पर 300 एवं एमपीए अंतरा सुई लेने पर प्रति सुई 100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

एक नजर

बिक्रमगंज में बार एसोसिएशन के चुनाव का नामांकन संपन्न, अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी

बिक्रमगंज। बार एसोसिएशन बिक्रमगंज के चुनाव का नामांकन गुरुवार को संपन्न हो गया। निवार्ची पदाधिकारी रामनरेश सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सत्येन्द्र सिंह और गोपाल कृष्ण भारद्वाज, उपाध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार, दिनेश कुमार और सुशील कुमार महासचिव के लिए रविरंजन कुमार, कृष्णा सिंह, श्यामसुंदर मिश्र, कुलदीप नारायण दुबे, सुधीर कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, अमीत कुमार, रमेश कुमार, अशोक कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव के लिए कमता प्रसाद, अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष के लिए राजेश कुमार, अभय कुमार, विद्यासागर पांडेय अंकेक्षक के लिए कुमार ब्रजेश, सहायक सचिव के लिए प्रकाश कुमार, अजय कुमार तथा कार्यकारिणी के मनजीत कुमार ने नामांकन दाखिल किया।

पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट केस में एक गिरफ्तार



कारकाट। नासरीगंज - बिक्रमगंज एनएच -120 मोथा गांव के समीप बुधवार की देर शाम बाबा सिद्धार्थ राम एचपी पेट्रोल पंप पर एक कर्मी के साथ मारपीट करने व एससी -एसटी एक्ट के मामले में दर्ज एफआईआर के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। गिरफ्तार आरोपी बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के नजीरगंज निवासी सिपाही सिंह के पुत्र पप्पु कुमार बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि पेट्रोल पंप पर कर्मी मुन्ना कुमार तेल भरने का कार्य करता हैं। पीड़ित ने बताया कि स्कार्पियों में तेल भरवाने के बाद पैसा मांगे पर मेरे साथ गाली गलौज व मार पीट किया गया। पंप पर मारपीट कर रहे एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ा कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी कारकाट थाना क्षेत्र के बरडीहां गांव निवासी बबन सिंह के पुत्र बब्लू सिंह बताया जा रहा हैं। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि उक्त घटना में एक गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया, मामले की जांच जारी है ।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

दिनारा। दिनारा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गनपोखरी निवासी कपिल लौनिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय बक्सर से वारंट निर्गत था।

एससी-एसटी एक्ट मामले में एक गिरफ्तार

कारकाट। कारकाट पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नाजीरगंज निवासी पप्पू कुमार है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के मामले में कांड दर्ज था।

निकाली गई जलभरी सह शोभायात्रा



नोखा। नगर परिषद नोखा में ठठेरी मुहल्ले में स्थित राधे कृष्ण मंदिर में राधे कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर के जलभरी सह शोभा यात्रा निकाली गई। मंत्रोच्चारणं के साथ जलभरी सह शोभा यात्रा राधे कृष्ण मंदिर से शुरू किया गया और यह सूर्य मंदिर पोखरा होते हुए मुख्य बाजार में काली मंदिर के पास बस स्टैंड और वहां से नहर डग पर पहुंचा। जहां पर लोगों द्वारा कलश लेकर के इसमें भाग लिया। इस दौरान पूरा इलाका भक्तिमय हो गया था। मौके पर रवि शंकर सिंह, बिहारी प्रसाद गुप्ता, सुर्यदेव प्रसाद, अनील हिंदू, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

भोजपुर के तरारी प्रखंड का मामला, घायल छात्राएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ी छात्राओं पर गिर गया ठनका, 18 घायल

- आठ छात्राओं की हालत गंभीर, इलाज के लिए भेजा गया हायर सेंटर
- 24 से 48 घंटे तक छात्राएं रहेगी डॉक्टरों की निगरानी में, स्वस्थ्य होने के बाद होगी डिस्चार्ज

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड में वज्रपात की चपेट में आने से 18 छात्राएं घायल हो गईं। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। आठ छात्राओं की हालत गंभीर है, जिसे बेहतर इलाज के आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सभी छात्राएं 10वीं क्लास में पढ़ती हैं। बड़का गांव प्लस 2 उच्च विद्यालय से छुट्टी होने के बाद सभी बच्चियां अपने घर लौट रही थी। स्कूल कैंपस के बाहर पहुंचते ही तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने सभी पेड़ और छत के नीचे छिपी हुई थी। इस बीच पास में ही तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से बच्चियां घायल हो गईं। सभी वहीं पेड़ के नीचे पड़ी हुई थी। यह देख स्कूल प्रशासन ने तत्काल वरीय पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इसी बीच परिजन ने



बताया कि बच्ची स्कूल पढ़ने गई थी। बाद में जानकारी मिली कि स्कूल में बिजली गिरी है। उसके बाद हमलोग तरारी पीएचसी पहुंचे। जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। कुछ छात्राओं को आरा लाया गया है। सदर अस्पताल के डीएस डॉक्टर अरुण कुमार ने बताया कि यह एक प्राकृतिक आपदा है। फिलहाल सभी की स्थिति धीरे-धीरे ठीक हो रही है। 24 से 48 घंटे तक सभी को अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में रखेंगे। ठीक होने के बाद ही डिस्चार्ज किया जाएगा। सैदनपुर गांव निवासी युनुस अंसारी की पुत्री सगुक्ता यासमीन(14), बड़का गांव निवासी शशि मोहन प्रसाद की पुत्री प्रियांशु कुमारी(15), खेलडिया गांव निवासी बबलू सिंह की पुत्री संगीता कुमारी(15), वरसी गांव निवासी बबलू सिंह की पुत्री(15) संगीता कुमारी समेत 18 छात्राएं घायल हुईं हैं।

शराबी ने लाठी डंडा से पीट-पीटकर कर दी वृद्ध की हत्या

दावत। दावथ थाना क्षेत्र के योगिनी शिव मंदिर के बरामदा में सोए दिव्यांग वृद्ध की एक शराबी ने बेरहमी से लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया था । इलाज के क्रम में जख्मी वृद्ध की मौत हो गयी । थानाध्यक्ष कृपाल ने बताया कि योगिनी शिव मंदिर के बरामदा में सोए 60 वर्षीय राजाराम सिंह को गांव के ही विक्रमा दुबे बेरहमी से लाठी डंडे से पीट पीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया । परिजनों व ग्रामीणों ने घटना की सुचना डायल 112 पर दिया। घटना की सुचना पर पुलिस पहुंच वृद्ध को स्थानीय क्लिनिक में इलाज कराया। परन्तु इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गयी।जिसको लेकर गांव मे तनाव व्यक्त हो गया।मामले को लेकर मृतक के पुत्र नन्दजी सिंह ने विक्रमा दुबे के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद परिजनों को सौंपा गया।

ठनका से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

संझौली। संझौली थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव के बधार में तेज बारिश में ठनका गिरने से खेत मे काम कर रहे एक किसान की मौत हो गई। मृतक जितेंद कुमार जो मिश्रवलिया गांव निवासी सुरेश चौधरी का 32 वर्षीय पुत्र बताया जा रहा है। बताया जाता है कि वे खेती बाड़ी के लिए खेत में काम कर रहे थे। इसी क्रम में तेज बारिश व गर्जन के साथ उसके समीप ठनका गिर गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस कर घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायल को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

आरा।भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव स्थित बधार में गुरुवार की दोपहर बिजली की चपेट में आने से खेत रोपवाने गए एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव निवासी स्व. जगदीश सिंह के 52 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे। इधर मृतक के भतीजे अप्पू कुमार ने बताया कि गुरुवार के दोपहर वह बधार में खेत रोपवाने गए थे। जहां बिजली का तार टूट कर पहले से नीचे गिर पड़ा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस आरा सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

खैरा भूधर गांव के पास तालाब में डूबने से साधु की मौत

बिक्रमगंज। बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा भूधर गांव के पास तालाब में डूबने से 35 वर्षीय विकलांग अज्ञात साधु की मौत। मिली जानकारी के अनुसार विकलांग अज्ञात साधु सुबह में शौच करने के वास्ते तालाब के किनारे गए हुए थे। जिस क्रम में उनका पैर फिसल जाने की वजह से विकलांग अज्ञात साधु तालाब के अंदर चले गए। जिससे उनकी मौत हो गई। विकलांग अज्ञात साधु दोनों पैर से विकलांग बताये जा रहे हैं। घटना की सूचना ग्रामीणों को तब लगी जब ग्रामीण तालाब के किनारे टहल रहे थे। उसी क्रम में ग्रामीणों ने तालाब के किनारे पानी में तैरते हुए शव को देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। घटित घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के खैरा भूधर गांव के तालाब से करीब 35 वर्षीय दोनों पैर से विकलांग अज्ञात साधु के शव को कब्जे में लेते हुए ग्रामीणों के समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक विकलांग साधु के दाहिने हाथ पर गोदना के माध्यम से प्रकाश बाबा उर्फ पांडेय लिखा हुआ है। खबर लिखे जाने तक मृतक विकलांग अज्ञात साधु के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। हालांकि नियमानुसार पुलिस शव को 72 घंटे तक अपने पास रखेगी। इसके बाद उसका दाह संस्कार कर देगी।

गांव में रहकर तैयारी की, पांच साल की मेहनत के बाद अमित बने दारोगा

केटी न्यूज/कारकाट

स्थानीय प्रखंड के बुढ़वल गांव निवासी एक मध्यम वर्गीय परिवार का बेटा अमित कुमार का सब - इंस्पेक्टर बनने से घर मे काफी खुशी का माहौल है। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग पटना की ओर से आयोजित लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता के जारी अंतिम परिणाम आने के बाद चयनित सब-इंस्पेक्टर के पद पर अमित यह सफलता हासिल हुई। संत प्रसाद सिंह की सुपुत्र अमित कुमार ने सफलता हासिल कर न केवल अपने



पंचायत, प्रखंड व जिला का नाम रोशन किया है बल्कि अपने परिवार का भी मान बढ़ाया है। अमित अपनी सफलता का श्रेय माता मालती देवी, पिता संत प्रसाद सिंह एवं दादा रामजी मेहता को देते है। अमित ने बताया कि पिछले पांच साल पहले से लगा था। जिसे लेकर दो बार प्रयास किया लेकिन असफल हो गया था। उसके बाद तीसरे बार के प्रयास में सब इंस्पेक्टर बना। कहा कि चार घंटा मन लगाकर पढ़ता था। बिक्रमगंज में कोचिंग युवा एक्सप्रेस करने के बाद ऑनलाइन और कारकाट नगर के गोडारी स्थित माइंड स्क्वायर से पढ़ाई कर तैयारी किया। कहा कि मेरे इस संघर्ष में अरविंद कुमार मार्गदर्शन काफी अच्छा रहा, सहित सभी दोस्तों ने भी मेरा सहयोग किया।

चेनारी में दो लोगों को सांप ने डंसा, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

केटी न्यूज/चेनारी

रोहतास जिले के चेनारी थाना अन्तर्गत अलग अलग गांवों के दो लोगों की सर्पदंश से एक की मौत हो गई जबकि दुसरे का इलाज चल रहा है एक उगहनी गांव में किशोरी खेत में मूंग तोड़ रही थी, इस दौरान सांप ने काट लिया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। किशोरी के दादा सूर्यदेव बिंद ने बताया कि उनकी नातिन अमृता 13 साल को मुंग तोड़ने के दौरान सांप ने काट लिया है। उसे इलाज के लिए लाया गया है, जहां इलाज चल रहा है। वही दूसरी घटना बसनौरा गांव का है। जहां छत पर सो रहे युवक को सांप ने काट लिया। युवक के चिल्लाने पर परिजन जुटे, और उसे आनन–फानन में सदर अस्पताल सासाराम ले आएं, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चेनारी दक्षिणी के जिला पार्षद विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सदोखर पंचायत के बसनौरा गांव के युवक मनोज कुमार को सांप ने काट लिया, इसे तीन बजे सुबह इलाज के सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई।सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ शशिकांत प्रभाकर ने बताया कि बरसात में सर्पदंश के मामले बढ़ गए हैं, आज दो मामले आए हैं।



जुलूस के दौरान डीजे के प्रयोग पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

मुहर्रम में जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस जरूरी : सीओ

केटी न्यूज/कारकाट

मुहर्रम पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर संयुक्त रूप से अंचलाधिकारी रितेश कुमार व थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी की अध्यक्षता में थाना परिसर में बैठक किया गया । बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया । सीओ ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा की मुहर्रम को लेकर चिन्हित जगहों पर गश्ती की जाएगी। मुहर्रम कमेटी को जुलूस निकालने से पूर्व थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान हंगामा करने वाले और हुड़दंग मचाने वाले के ऊपर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। ऐसा करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पकड़े जाने पर डीजे मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वही मुहर्रम के ताजिया में भाग लेने वाले लोग शराब का सेवन न करें। ऐसा करने वाले लोग पकड़े जाएंगे तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिहार में मद्ध निषेध कानून



लागू है इसका पालन करना अनिवार्य होगा। यदि कोई भी शराब का उपयोग करते हुए पकड़ा जाता है। तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट का पालन करते हुए मुहर्रम का ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। इस दौरान कहा गया कि जिस दुकान के सामने से जुलूस निकलेगा। उस रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त होना चाहिए। उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं लोगों ने भरोसा दिलाया कि आज तक दोनों ही समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है। सभी लोग एक दूसरे के त्योहार का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाते आए हैं। बैठक में जयशंकर पटेल, एसआई संजय ठाकुर, रहीम मिया, मिराज अहमद, करीमा अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। काराकाट थाना परिसर में बैठक करते सीओ, थानाध्यक्ष व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

चेतावनी... 15 दिन में सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

- सड़क के निर्माण को लेकर सपा का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला
- जंगीपुर -लावा -सुभाखरपुर रायपुर मार्ग कई वर्षों से जर्जर

केटी न्यूज / गाजीपुर

मार्ग की दुर्दशा एवं पिछले कई सालों से टूटी हुई सड़क की समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव एवं जंगीपुर विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। विधायक ने पत्रक देते हुए बताया कि जंगीपुर -लावा - सुभाखरपुर रायपुर मार्ग कई वर्षों से जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसमें क्षेत्र के पढ़ने वाले छोटे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, व्यापारी व किसान आए दिन दुर्घटना के शिकार बनते रहते हैं। इस मार्ग का निर्माण न होने से जनता में बहुत बड़ा आक्रोश है।

इस क्षेत्र की सड़क निर्माण की बड़ी समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव पीडब्लूडी, जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता गाजीपुर को कई बार पत्रक दे निर्माण की बात कर चुके हैं। बावजूद जनता की इतनी बड़ी समस्या पर सरकार और प्रशासन का ध्यान नहीं जा पा रहा है। इसे देखते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी गाजीपुर से 15 दिन के अंदर सड़क पर कार्य शुरू करने की मांग करते हुए इस बात को कहा की अगर कार्य शुरू नहीं हुआ तो 15 दिन के बाद जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्रेष्ठ रामधारी यादव, डॉ. नन्हकू यादव, वंश बहादुर कुशवाहा, रविंद्र प्रताप यादव, सूरज राम बिन्द, डॉक्टर समीर सिंह, दिनेश यादव, अमित ठाकुर, अभिषेक कुशवाहा, वंशराज यादव, सग्गू यादव, दारा यादव, विंध्याचल यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



खबरें फटाफट

मोटरसाइकिल चलाने से रोकने पर युवक ने लगा ली फांसी

मऊ। जिले की कोतवाली थाना क्षेत्र के शेखदमुपुरा बगचा मोहल्ले में एक युवक ने पिता द्वारा मोटरसाइकिल चलाने से रोकने से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मुशर्रफ राजा (18) पुत्र राजा अहमद निवासी शेखदमुपुरा बगचा थाना कोतवाली बुधवार को देर शाम मोटरसाइकिल चलाने को लेकर अपने पिता से झगड़ा कर लिया। पिता द्वारा गाड़ी की चाभी न देने पर युवक ने मोटरसाइकिल को तोड़फोड़ कर तहस-नस कर दिया। इसी बीच आस पड़ोस के लोग भी जुट गए। पिता ने मोहल्ले के अपने दोस्तों को बुलाकर मुशर्रफ को समझाने के लिए बुझाने का काफी प्रयास किया। उसके बाद मामला शांत हो गया। सभी लोग अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे मुशर्रफ जब अपने कमरे से नहीं निकला तो पिता ने दरवाजा खटखटाकर बेटे को बुलाया। लेकिन कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांक कर देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मुशर्रफ टिन के सेड के कमरे में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर झूल रहा था। तभी आनन-फानन दरवाजा तोड़कर उसे रस्सी से नीचे उतारा गया। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने माता- पिता का इकलौता पुत्र था। युवक की मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

रोटरी क्लब प्राइड मऊ ने गरीब रिक्शा चालकों की ली सुध

मऊ। रोटरी क्लब प्राइड मऊ के सभी सदस्यों ने मऊ शहर के रोडवेज, रेलवे स्टेशन, आजमगढ़ मोड, पर भ्रमण कर साइकिल रिक्शा चलाने वालों को रेनकोट बांटा। यद्यपि यह एक छोटा सा प्रयास था लेकिन इसका लाभ उन गरीब रिक्शा चालकों को बहुत हुआ जो बारिश में भीगते हुए रिक्शा चलाते हैं। आज के आधुनिक युग में जहां बैटरी रिक्शा चालकों का वर्चस्व है जिससे साइकिल रिक्शा चालकों की संख्या बहुत कम हो गई है और उन्हें सवारी भी मिलना मुश्किल हो गया है। यह रिक्शा चालक किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं और इनके पास इतना पैसा नहीं होता कि वह बारिश में भीगने से बचने के लिए रेनकोट की व्यवस्था कर सके।

पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय से जुड़ी सड़क का बुरा हाल

गड्ढा मुक्त प्रदेश को ठेंगा दिखा रहा सियाड़ी मार्ग, हालत ऐसी कि चलना भी है दूभर

- अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा सड़क, शासन-प्रशासन का इस ओर नहीं है ध्यान, लोग परेशान

केटी न्यूज / गाजीपुर

जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत भांवरकोल ब्लॉक के सियाड़ी ग्रामसभा में दो किलोमीटर तक बने संपर्क मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। चुंकि स्वभाव से करइल मिट्टी होने की वजह से इस मार्ग पर आम जनमानस का चलना दुभर हो गया है। किसी भी आवश्यक और इमरजेंसी के लिए यदि इस सड़क पर बरसात के दिनों में गुजरना हो तो आंख से आंसू के सिवा कुछ नहीं निकलता है। सड़क की मरम्मत कार्य के लिए ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों से भी संपर्क किया, लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। अपनी बदहाली पर यह सड़क के साथ आस-पास के बीसों गांव रोने के लिए बाध्य है। उस क्षेत्र के सत्येंद्र नाथ राय, अरुण कुमार राय, प्रमोद राय, विनोद कुमार ठाकुर, शिवकुमार यादव ,रामजी राय, रामविलास राय ,अनिल राय, राकेश राय, चमन राय, माधवेंद्र राय, विकास राय एवम् कमलेश राय आदि लोगों ने जिलाधिकारी से भी मिलकर इस मार्ग के मरम्मत की गुहार लगाई थी। लोगों का आरोप है कि जिलाधिकारी कान में रुई ठूंस कर बैठी हुई है। जबकि आम जनमानस आंसू बहाने के लिए बाध्य है।



समझ से बाहर, गड्ढे में सड़क है या सड़क पर गड्ढे हैं

सड़क को देखने के बाद यह नहीं समझ में आता है कि गड्ढे में सड़क बनी है या सड़क पर गड्ढे बने हैं। बरसात के दिनों में कीचड़ युक्त सड़क स्वाभाविक करईल होने के वजह से मोटरसाइकिल, साइकिल व पैदल चलने वालों के पहिए और जूते चप्पल में इस कदर मिट्टी चिपक जाती है कि दस कदम भी चलना छठी का दूध याद दिलाने जैसा हो जाता है।

दो घंटे की बारिश से बलिया के कई वार्ड बने झील



बलिया। गुरुवार की दोपहर बाद दो घंटे की बारिश ने मौसम सुहाना करने के साथ तन मन को ठंडा तो कर दिया। लेकिन मूसलाधार बारिश ने नगर के विभिन्न मोहल्लों के जल निकासी की व्यवस्था की पोल खोल दी। नगर के जपलीनगंज मोहल्ले में घुटने पर पानी लग जाने के कारण दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन तक पानी के बीच रहते हुए नजर आए। उधर नागाजी सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे गली में जल जमाव होने के कारण लोग परेशान दिखे। आलम यह रहा कि लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। वही एनएच 31 पर लबालब पानी जगह जगह लगा हुआ था। जिसके बीचो-बीच होते हुए वाहन गुजरते नजर आए। यही हाल नगर के विभिन्न वार्डों में रहा। जपलिनगंज स्थित साई मंदिर रोड एवं पुलिस चौकी रोड पानी से भरा हुआ था। नगर पालिका की ओर से कुछ दिन पहले नालों के शिल्ट की सफाई कराई गई थी, लेकिन शिल्ट को वहीं पर किनारे रख दिया गया गया था। पहली बारिश में ही वह शिल्ट पुनः नालों में चला गया। जिससे बारिश के दिन में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। वहीं कलेक्ट्रेट व सिविल कोर्ट परिसर मानो झील में तब्दील हो गया था। उधर मौसम विभाग पटना की मानें तो अभी तक शुरूआत इस तरह की बारिश अभी लगातार जारी रहेगी। मूसलाधार बारिश से किसान गदगद नजर आए। इसके बाद किसान धान की रोपाई के लिए खेतों की ओर निकल पड़े।

बीमार व लाचार को जाने में झेलनी पड़ती है दुश्वारियां

देखा जाए तो बरसात के दिनों में इस सड़क की हालत यह हो जाती है कि यदि कोई बीमार-लाचार इस रास्ते से अस्पताल तक पहुंचाना चाहे तो उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जबकि इस सड़क का मरम्मत कार्य 2018 में करवाया गया था। लेकिन इन दिनों इस संपर्क मार्ग की हालत फटेहाल हो गई है । कोटवां- लहूहूडीह मार्ग से लगभग 2 किलोमीटर लंबी इस संपर्क मार्ग पर कुछ ईट की टुकड़िया डालकर छोड़ दिया गया था। लेकिन बड़े-बड़े वाहनों के आवागमन से बीच-बीच में सड़क में इतने गड्ढे हैं की साइकिल और मोटरसाइकिल चलने वाले कब लुढ़क कर गिर जातें हैं कुछ कहा नहीं जा सकता।

गाजीपुर में बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

- स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज की लक्ष्य प्राप्ति जरूरी

केटी न्यूज / गाजीपुर

दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट` लिंकेज के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।

जिला मिशन प्रबन्धक परितोष पाण्डेय द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यशाला के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा बैंकर्स के सहयोग से ही स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाया जाना है। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि बैकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सम्बन्ध में बैकर्स को विस्तृत जानकारी दी जायेगी। जिससे स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में बैंक प्रबन्धकों का सहयोग मिले एवं जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो सके, जिससे स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को अधिक से अधिक गतिविधियों को जोडा जा सकें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिन शाखा प्रबन्धकों ने सबसे अधिक स्वयं सहायता समूह के बचत खाते एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज किया गया उन शाखा प्रबन्धकों एवं बैक सखी व बीएमएम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रबंधक,यूनियन बैंक आफ इंडिया, समस्त बैकों के जिला समन्वयक, शाखा प्रबन्धक, समस्त जिला मिशन प्रबन्धक एनआरएलएम, समस्त ब्लाक मिशन प्रबन्धक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंक सखी उपस्थित रही।

बैंक लिंकेज संबंधित नई गाइडलाईन की दी गई जानकारी

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान हैदराबाद से आये नेशनल रिसोर्स पर्सन श्री के. श्रीनिवास द्वारा कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक की स्वयं सहायता समूह के बैंक लिंकेज से सम्बन्धित नई गाइड लाईन के सम्बन्ध में बैंक प्रबन्धकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जिले के आर्थिक एवं समाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान हैदराबाद से आये नेशनल रिसोर्स पर्सन अजीत कुमार के द्वारा भी कार्यशाला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सीसीएल, सीबीआरएम, बैंक सखी के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला के अन्त में स्वयं सहायता समूहो के सीसीएल में बैंक स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान भी रिसोर्स पर्सन के द्वारा किया गया एवं स्वयं सहायता समूह के द्वारा पूर्ण प्रपत्र बैंक में प्राप्त करने व पंचसूत्र का पालन करने हेतु कहा गया जिससे बैंक प्रबन्धको द्वारा अधिक से अधिक सीसीएल किया जा सके।

बिजली गिरने से मासूम की मौत, बड़ा भाई झुलसा

बेरुआरबारी। सुखपुरा थाना क्षेत्र के देल्हुआ वन में गुरूवार की दोपहर दो बजे के करीब में बच्चों पर खेलते समय अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी। इससे एक पांच वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं उसका बड़ा भाई झुलस गया। जानकारी के अनुसार सूर्यपुरा निवासी आशा देवी पत्नी मुकेश कश्यप के दो बेटे विद्यालय से आने के बाद घर के पास स्थित देल्हुआ बगीचे में खेल रहे थे। इसी बीच अचानक बहुत तेज आवाज के साथ बिजली गिरी जहां खेल रहे किशन 5 वर्ष अचेत हो कर गिर गया। वही बगल में खेल रहे बड़े भाई शिवम 7 वर्ष जख्मी हो गया। बच्चो के हो हल्ला सुन आसपास खेतो में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े तथा आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरुआरबारी ले गये जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी ने किशन को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वही घायल शिवम का इलाज चल रहा हैं। तब तक 50 वर्षीय चन्द्रमा यादव निवासी गांधीनगर खेत से घर आते समय सांय तीन बजे के करीब आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों द्वारा उन्हें भी प्राथमिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया जहां उनका भी इलाज चल रहा हैं। इस घटना के बाद से मृतक किशन का भाई शिवम काफी घबराया हुआ है।

एक नजर

कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



बलिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के आयुर्वेदिक कालोनी में गुरुवार की सुबह एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पुत्र की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के पीछे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा सुरखोर से ब्याज पर पैसा लेना बताया जा रहा है। सूदखोर के लगातार दबाव के कारण कर्मचारी ने मजबूर होकर ऐसा कदम उठाया। बता दे कि कोतवाली पुलिस को आयुर्वेदिक कालोनी निवासी अंकित शर्मा पुत्र पूनाराम शर्मा ने सूचना दिया कि मेरे पिता पूनाराम शर्मा 54 वर्ष पुत्र स्व मनिराम शर्मा घर से थोड़ी दूर गली में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँच जांच पड़ताल शुरू कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक सीडीओ बलिया के बंगले पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात थे जो पत्रवाहक का काम करते थे। बताया जा रहा है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी किसी व्यक्ति से शुद्ध पर पैसा लिया हुआ था। जिसका वेतन सूदखोर आता था और उतार लेता था। पैसे के अभाव में परिवार का भरण पोषण करने में कर्मचारी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अंततः कर्मचारी ने आत्महत्या करने का निर्णय लिया और फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक नेपाल देश के जिला कपिलवस्तु थाना पिपरा निवासी नंदनगर का रहने वाला था। यह कोतवाली क्षेत्र के आयुर्वेदिक कॉलोनी स्थित 133 मकान में रहता था।

ऑपरेशन आहट के तहत एक नाबालिग को चाइल्ड लाइन को किया गया सुपुर्द



गाजीपुर। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस रामाकृष्णन रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी के निर्देश पर रेलवे सुरक्षा बल गाजीपुर के प्रभारी अमित कुमार राय की देखरेख में गुरुवार को उप निरीक्षक कमलेश सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्ण गोपाल शुक्ला, कांस्टेबल वासुदेव सिह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गाजीपुर सिटी स्टेशन परिसर में बचपन बचाव अभियान के तहत गश्त व निगरानी कर रहे थे तभी प्लेटफार्म नंबर 01 पर एक बालक आकाश कुमार पुत्र राजकुमार निवासी धर्मपुरवा, थाना-मरदह, जिला- गाजीपुर, उम्र 09 वर्ष मिला। वह रो रहा था। प्रेम पूर्वक पूछने पर बताया कि मेरी मम्मी पढ़ने जाने के लिए मार दी थी। इससे मैं घर से भाग कर चला आया था। चुकी बच्चे का घर स्टेशन से करीब 45 दूर है। लिहाजा उक्त बच्चे को पोस्ट पर लाया गया तथा 1098 पर चाइल्ड लाइन को फोन किया गया। चाइल्ड लाइन गाजीपुर के गौरव कुमार वर्मा परामर्श दाता व अमरीश यादव आउट रिच कार्यकर्ता गाजीपुर सिटी स्टेशन आए। स्टेशन मास्टर गाजीपुर सिटी ओमप्रकाश राय के उपस्थिति में बजरिया फर्द सुपुर्दगी नामा उहउ के समक्ष अग्रिम कार्यवाही के लिए समय 12.55 बजे ठीक चाइल्ड लाइन स्टाफ को बच्चे को सुपुर्द किया गया। साथी परिजनों को बच्चे के मिलने इसकी सूचना भेजी गई है।

सोन्हुली ग्राम में 10 लाख रुपये की चोरी

गाजीपुर। नंदगंज थाना क्षेत्र के सोन्हुली ग्राम में बुधवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने रिटायर्ड फौजी कल्पनाथ पासी के घर के पीछे से छत पर चढकर 5000 नकद रुपये सहित करीब 10 लाख रुपये का दो औरतों का जेवर चुरा लिया। चोरी की जानकारी भोर मे चार बजे हुआ जब परिवार के लोग उठे तो घर के सभी दरवाजे बाहर से बन्द मिले। प्राप्त सूचना के अनुसार चोर दो औरतों का गहना हार, 4 सोने का कंगन, मंगलसूत्र, नथिया, मांगटीका, पंजनी, करधनी, अंगुठी सहित सभी गहने तीन बाक्स सहित उठाकर घर से 500 मीटर दूर सुनसान स्थान पर ले जाकर तोडकर चुरा लिया।चोरी की सूचना नंदगंज पुलिस को दे दी गयी। नंदगंज पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलास मे जुट गयी है। भीषण चोरी की घटना को लेकर आस पास के गांवो मे दहशत व्याप्त है।

विहिप के जिलाध्यक्ष सहित दो के खिलाफ धोखाधड़ी व रेप के प्रयास का मुकदमा दर्ज

बलिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन का मुहैदा कराने के नाम पर एक विधवा महिला की जमीन को छलपूर्वक रजिस्ट्री कराने व उसका विरोध करने पर महिला के साथ जबरजस्ती करने के मामले में पुलिस ने विश्व हिंदु परिषद के जिलाध्यक्ष मंगलदेव चौबे सहित दो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी जमीन को कोतवाली क्षेत्र के यारपुर बेदुआ निवासी सुनील यादव व जापलिनगंज निवासी मंगलदेव चौबे जो कि विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष है, द्वारा कूटरचना कर धोखाधड़ी से उनकी जमीन मुहैदा कराने की बात पर पांच लाख रुपये देकर सीधे तौर पर रजिस्ट्री करवा ली गई। जिसका वादिनी को कुछ पता नही चला। प्रकरण में काफी समय बीतने के बाद जब उक्त लोगों द्वारा बिना रजिस्ट्री कराये ही उसकी भूमि पर स्वामित्व प्रदर्शित किया जाने लगा तो उसे इसे लेकर संदेह हुआ। जानकारी करने पर पता चला कि उक्त जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी है । उस पर नामांतरण भी हो चुका है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि इस जानकारी से बदहवास होकर जब वह जापलिनगंज स्थित मंगलदेव चौबे के आवास पर पहुंची और इस प्रकरण को लेकर विरोध जताया तो वहां उसे घेरकर उसके साथ जबर्दस्ती की गई।

सारथी वाहन एवं जन - जागरूकता रैली को सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान

केटी न्यूज / बलिया

विश्व जनसंख्या दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजयपति द्विवेदी एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.आनन्द कुमार ने एएनएम प्रशिक्षण केंद्र से सारथी वाहन एवं जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जन -जागरूकता रैली में एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु एएनएम ने भाग लिया। रैली टाउन इंटर कॉलेज चौराहे पर जाकर समाप्त हुई। इसके साथ ही जिला महिला चिकित्सालय में परिवार नियोजन साधनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयपति द्विवेदी ने कहा कि विश्व में बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत जन समुदाय को परिवार नियोजन एवं उसकी सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आनन्द कुमार ने कहा कि इस दिवस पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाता है। कम समय में गर्भ धारण करने से महिला के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यह मातृ और शिशु मृत्यु-दर का प्रमुख कारण भी है। उन्होंने बताया कि सेवा प्रदायगी चरण आज शुरू किया गया है जो 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान शहर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर अंतरा, छाया, कंडोम, माला एन, पीपीआईंयूसीडी, इंटरवल आयूसीडी की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। पखवाड़े के दौरान जनसाधारण का संवेदीकरण किये जाने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यापक व सघन प्रचार-प्रसार करना है। विभिन्न प्रचार-प्रसार साधनों के माध्यम से उचित उम्र पर विवाह, बच्चों के जन्म में अंतर रखने, प्रसव पश्चात परिवार नियोजन की सेवाएँ, परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी, गर्भ समापन पश्चात परिवार नियोजन की सेवाओं के संदर्भ में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने पर बल देते हुए बताया कि बिना चीरा बिना टांका पुरुष नसबंदी आसानी से की जाती है। इससे पुरुष के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का नकारात्मक असर नहीं पड़ता है।



परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने बताया कि मिशन परिवार विकास का मुख्य उद्देश्य है गुणवत्तापूर्वक परिवार नियोजन विकल्पों के लिए सूचना, सेवाएँ, आपूर्ति तक अधिकार आधारित प्रणाली द्वारा पहुंच बढ़ाना। बलिया जिले को मिशन परिवार विकास में शामिल किया गया है। जिले में पुरुष नसबंदी के लिए लाभार्थी को 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महिला नसबंदी के लिए लाभार्थी को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वही प्रसव के पश्चात नसबंदी के लिए महिला लाभार्थी को 3000 रुपये दिए जाते हैं।

दिव्यांगजन के लिए दुकान संचालन योजना के तहत पात्र लाभार्थी को रू 20,000 की धनराशि होगी स्वीकृत

केटी न्यूज / गाजीपुर

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पुनर्वासन के लिए दुकान निर्माण व दुकान संचालन योजना के अंतर्गत दुकान निर्माण व क्रय के लिए पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0 20,000.00/- की धनराशि स्वीकृत की जाती हैं। जिसमें रु० 15,000.00/- की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू० 5,000.00 की धनराशि अनुदान के रूप में दी जाती है। दुकान संचालन हेतु दुकान न्यूनतम पाँच वर्ष के लिए किराये पर लिए जाने हेतु एवं खोखा/गुमटी/हाथ ठेला क्रय हेतु पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0 10,000/- की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें रू० 7,500/- की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू० 2,500/- की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।

जिसमें पात्रता ऐसे दिव्यांग जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक की दिव्यांगता से प्रभावित हो एवं उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो, जिनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो, जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न पाए हों तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो, जिनके पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फिट भूमि हो या अपने संस्त्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/लेने में समर्थ हो अथवा स्थानीय निकाय/उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद/विकास प्राधिकरण/प्राइवेट विल्डर्स तथा एजेन्सी से निर्मित दुकान कय हेतु किन्तु दुकान का कय किसी परिवारजन के नाम से अनुमन्य नहीं होगा अथवा जिनके द्वारा कम से कम पाँच वर्ष की अवधि का किरायेदारी का पटटा कराया जाए उन्हें उपलब्ध दुकान संचालन हेतु (किराया एवं कार्यशील पूँजी)अथवा जिनके द्वारा गारन्टी /बन्धक उपलब्ध कराया जाये उन्हें खोखा/गुमटी / हाथठेला के कय एवं कार्यशील पूँजी हेतु । दिव्यांग पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांगजन दुकान निर्माण / दुकान संचालन हेतु ऑनलाइन http//divyangjandukan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते है।

जनसंख्या विस्फोट से बचाव के लिए बने जनसंख्या कानून

- विश्व जनसंख्या दिवस पर जे एस एफ ने किया प्रदर्शन
- पीएम के लिए डीएम को दिया ज्ञापन

केटी न्यूज / चंदौली



जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन जनपद चंदौली के नेतृत्व में जनसंख्या विस्फोट एवं जनसंख्या के असंतुलन के कारण भारत के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अविलंब लागू करने के संबंध में प्रदर्शन जिलाधिकारी चंदौली कार्यालय के समक्ष आयोजित हुआ। विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा गया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं एवं लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश सहसंयोजक डॉ अनिल यादव ने कहा कि देश की जनसंख्या संप्रति एक अरब 50 करोड़ के लगभग पहुंच गई है जो देश के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है।

उन्होंने आगे कहा कि नीतियां और कार्यक्रम जनसंख्या विस्फोट की वजह से कारगर नहीं साबित होंगे और गरीबी. बेरोजगारी, अपराध तथा अन्य सामाजिक बीमारियां फलती फूलती रहेंगी। ऐसी स्थिति में जनसंख्या पर नियंत्रण करना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसका केवल एक उपाय है कि राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बने और राष्ट्रीय जनसंख्या कानून की मदद से बढ़ती हुई जनसंख्या को रोका जाए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक आर्य ने कहा कि निश्चित रूप से जनसंख्या की बढ़ोतरी से देश बबार्दी के कगार पर पहुंच रहा है और इसका केवल एक उपाय है जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून। इस अवसर पर रेणु तिवारी शिव आशीष सिंह मयंक सिंघानिया दीपक तिवारी मोहित सिंह स्वदेश सिंह चुनमुन शिवम सिंह अनूप चकवाल महेंद्र आकाश कुमार कमलाकर दूबे मनोज जायसवाल ज्योति विश्वकर्मा अनीता देवी उत्तम राय अभिषेक सिंह योगेश यादव विजय एडवोकेट विजय आनंद सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता एवं संचालन जिला संयोजक गौरव सिंह ने किया।

किसानों की समस्या का पहले समाधान करें अफसर : सांसद

चंदौली। मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में बृहस्पतिवार को सांसद वीरेंद्र सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें किसानों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ विकास कार्यों पर चर्चा की। वही पत्रकारों से रूबरू मेडिकल कॉलेज के मान्यता पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सांसद ने कहा कि किसानों की समस्याओं को समाधान समय से संबंधित अधिकारी करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। किसानों को समय से पानी नहीं मिलने से रोपाई का कार्य बाधित हो रहा है संबंधित अधिकारी किसानों को पानी की व्यवस्था करें साथ ही बंदी डिविजन के बाबत भी चर्चा की और उसमें जो भी कमियां है उसे दूर करने का निर्देश दिया। मेडिकल कॉलेज के बाबा चर्चा करते हुए कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय की सुविधाओं में किसी प्रकार का छेड़छाड़ ना किया जाए।

एक नजर

मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम पार्टी की नीति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया

जौनपुर। भाजपा कार्यकताओं की मतदाता अभिनंदन यात्रा कार्यक्रम के तहत मुंगराबादशाहपुर में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राजयसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर देश के मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। केंद्र सरकार से समन्वय बनाकर सांसद राज्य की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चौमुखी विकास हुआ है और आगे भी विकास होता रहेगा मुझे सांसद बनने क मौका नही मिला फिर भी मै जौनपुर के विकास के बारे मे सॉचता हु और हर संभव प्रयास करुँगा कि जौनपुर का विकास कैसे हो। पहले हर जिले में एक- एक अपराधी जिला चलाते थे आज प्रदेश में भी जो माफिया हुआ करते थे या तो वह जेल में है या फिर उन्हें अपने कर्मों की सजा मिल गई है। अपराधियों में ऐसा खौफ है कि वह अब जेल से बाहर निकलना भी नहीं चाहते। जिन्होंने गरीबों को सताया उनकी जमीने हड़पी आज सरकार ने उन अपराधियों पर कार्यवाही करके गरीबों को उनकी जमीन लौटाई और रंगदारी वसूली आदि भी पूरी तरीके से बंद कराया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि भय मुक्त समाज की स्थापना प्रदेश में योगी सरकार के आने के बाद हुई आज आधी रात में भी महिलाएं भय मुक्त होकर के अपने कामों को निपटाती हैं। उनके घर वालों को अपने बहू बेटियों के बाहर जाने पर भी कोई आपत्ति इसलिए नहीं होती क्योंकि उन्हें पता है कि प्रदेश में अब योगी की सरकार है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने की । उक्त अवसर पर सुशील मिश्रा अर्चना शुक्ला कपिल मुनि आद उपस्थित रहे।

भारत को विश्व गुरु बनाने का दायित्व हम सभी शिक्षकों का है: प्रो. अनिल कुमार



बलिया। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में गुरुवार को विजन फार विकसित भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. अनिल कुमार सिंह, पर्यटन प्रबंधन विभाग, बीएचयू ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसके व्यक्तित्व का विकास करता है। गुरु में अगर गुरुत्व हो तो वह समाज की सारी कमियों को ठीक कर सकता है। भारत को विश्व गुरु बनाने का दायित्व हम सभी शिक्षकों का है। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता 'विजन फॉर विकसित भारत' के पोस्टर का लोकार्पण कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के गोरक्ष प्रांत के मंत्री प्रदीप सिंह और सह संपर्क प्रमुख डॉ. संजीव कुमार उपस्थित रहे।यह शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता चार स्तरों पर आयोजित की जा रही है। जिसमें स्नातक स्तर , परास्नातक स्तर, रिसर्च स्कॉलर और एक ओपन कैटेगरी जिसमे 40 वर्ष से नीचे का कोई भी प्रतिभागी शोध पत्र लिख सकता है। प्रांत स्तर पर चयनित शोधार्थी एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम हरियाणा में नेशनल रिसर्च कांक्लेव में प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित शोधार्थियों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों जैसे डीआरडीओ, इसरो आदि में शोध करने का अवसर प्राप्त होगा। शोध पत्र लेखन प्रतियगिता की पंजीयन प्रक्रिया ऑनलाइन वेबसाइट पर संपन्न की जा सकती है। विषयों की सूची भारतीय शिक्षण मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट के रजिस्टर्ड शोधार्थियों के लिए रिसर्च पेपर कैसे लिखें, विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इन शोध पत्रों का मूल्यांकन प्रांत स्तर के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा और चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। चयनित शोध पत्रों का प्रकाशन भी यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त जर्नल में किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय कुमार चौबे तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. छबिलाल ने किया।

खबरें फटाफट

एडीजी ने पैदल भ्रमण कर किया सर्वे, कहा- जाम की समस्या का निदान जल्द

चंदौली। डीडीयू नगर क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किए जाने को गुरुवार को पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर दिखा। गुरुवार को एडीजी वाराणसी पीयूष मोर्डिया, एसपी आदित्य लांग्हे मातहतों समेत डीडीयू नगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से क्रियान्वयन होने आ रही अड़चनों का सर्वे कर, डीडीयू जंक्शन के डीआरएम संग बैठक की। बता दें कि वाराणसी से लेकर चंदौली तक पहुंचने का सफर राहगीरों के लिए मुश्किलों भरा सफर साबित होता है। डीडीयू नगर क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की वजह से राहगीरों का राह चलना दुश्वार हो गया है। लगातार महकमा ट्रैफिक जाम से राहगीरों और स्थानीय लोगों को निजात दिलाने के लिए तत्पर दिखता है, लेकिन व्यवस्थाएं ज्यों की त्यों धरी रह जाती हैं। इस समस्या से निजात को चंदौली एसपी आदित्य लांग्हे ने विगत दिनों लगातार भ्रमण कर डीडीयू जंक्शन के डीआरएम से वार्ता कर समस्या के निदान में पहल की बात कही थी। एडीजी पीयूष मोर्डिया ने मीडिया को बताया कि डीडीयू नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से क्रियान्वयन होने में आने वाली अड़चनों का सर्वे किया गया।

स्वंय सहायता समूह एवं उनके संघो के गठन हेतु सीआरपी का हुआ चयन

मऊ । परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदन योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एव संस्थागत विकास योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद नऊ में स्वय सहायता समूह एवं उनके संघो के गठन हेतु सी०आर०पी० का चयन किया जाना है। जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सी०आर०पी० के आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंकपास बुक, शैक्षिक योग्यता, 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संलग्न कर दिनांक 15 जुलाई 2024 तक जमा करे।

युवाओं के भाषा कौशल को निखारने के लिए योगी सरकार ने की अनूठी पहल

खुशखबरी ... अब मुफ्त में विदेशी भाषा सीख सकेंगे स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स

- कौशल विकास मिशन के तहत मुफ्त मिलेगा फ्रांसीसी, स्पैनिश और जर्मन भाषा का प्रशिक्षण
- पहले चरण में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी समेत 9 जिलों में शुरू होगा प्रशिक्षण
- करियर में उन्नति के साथ ही देश और विदेशों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगे छात्र
- 192 घंटे का होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम, पूरा खर्च वहन करेगा यूपी कौशल विकास मिशन
- वीकेंड में आयोजित होंगे प्रशिक्षण सत्र, यूपीएसडीएम के पोर्टल पर करा सकेंगे पंजीकरण

केटी न्यूज/ लखनऊ

युवाओं के कौशल को निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए योगी सरकार नए-नए कार्यक्रम ला रही है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, झांसी और बांदा जिलों के छात्रों को विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एक अनूठी पहल की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और प्रोफेशनल्स को फ्रांसीसी, स्पैनिश और जर्मन भाषाओं में दक्षता हासिल कराना है, जिससे वे अपने प्रोफाइल में एक नई योग्यता को जोड़ सकें और अपने करियर में उन्नति करके देश और विदेशों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विशेषज्ञ संकाय द्वारा दिया जाएगा और इसका पूरा खर्च यूपी कौशल विकास मिशन के द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र इन सभी जिलों में आयोजित किए जाएंगे, जिसकी कुल अवधि 192 घंटे होगी। इनका संचालन सप्ताहांत (वीकेंड) में किया जाएगा।



भाषा कौशल में आएगा निखार, मिलेगा रोजगार

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम उन छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है जो अपने नियमित कामकाजी घंटों के अलावा अपने भाषा कौशल को बढ़ाना चाहते हैं। इसमें इंजीनियरिंग, पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन के स्नातक छात्र और फ्रांस, कनाडा जैसे फ्रेंच भाषी देशों में रोजगार की इच्छा रखने वाले नर्सिंग और हेल्थकेयर पेशेवर शामिल हैं। विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ फैकल्टी प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए जिलों का दौरा करेंगे। इसके माध्यम से छात्रों और प्रोफेशनल्स को अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे और साथ ही उनकी स्किल में भी इजाफा होगा। पहले चरण में 9 जिलों में इसकी शुरूआत की जा रही है, लेकिन मांग बढ़ने पर अन्य जिलों में भी इस तरह के कोर्स संचालित किए जा सकते हैं।

पोर्टल पर ऑनलाइन करा सकेंगे पंजीकरण

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि सीटों की सीमित उपलब्धता को देखते हुए, यह पहल प्रारंभिक रूप से नौ जिलों में शुरू की जा रही है। इसका हिस्सा बनने के लिए इच्छुक छात्र और प्रोफेशनल्स यूपीएसडीएम के पोर्टल (४स२ऍ.ङ्म५ल्ल) पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने इन सभी 9 जिलों के जिलाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने जिलों के संबंधित संस्थानों के छात्रों को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे बिना कोई पैसा खर्च किए या फीस का भुगतान किए मुफ्त में विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षित हो सकें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

लोगों पर कहर बनकर टूटी आकाशीय बिजली, कई की मौत

केटी न्यूज / चंदौली



आकाशीय बिजली बुधवार को लोगों के ऊपर कहर बनकर टूटी। इस दौरान तेज आवाज के साथ गिरी बिजली से जहां कई घायल हो गए, वहीं कुछ की मौत भी हो गयी। जनपद में हुई आधा दर्जन लोगों की मौत से उनके परिवार के साथ ही पूरा जनपद में गम का माहौल रहा। ऐसे में कंदवा क्षेत्र में भी आकाशीय बिजली से कई लोग हताहत हुए। इसकी जानकारी होते ही सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू ने आकाशीय बिजली की चपेट में आने वाले लोगों को अपने निजी साधन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया और अपनी निगरानी में उनके दवा-ईलाज की सुविधा मुहैया करायी। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन पर आरोप लगाए। कहा कि शाम की घटना के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से घायलों को अस्पताल पहुंचाने और उनके दवा-ईलाज में लापरवाही बरती गयी। जिसकी वजह से आकाशीय बिजली से झुलसे हुए घायलों को समय से दवा-ईलाज उपलब्ध नहीं हो सका। वहीं पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव भी घटना की जानकारी के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मृतक परिजनों के प्रति संवदेना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि शाम की घटना है जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कराकर शवों को पीड़ित परिजनों के सिपुर्द कर देना चाहिए। दुख की इस घटना में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ है।

अवैध बालू खनन में संलिप्त तीन कांस्टेबल सस्पेंड

सोनभद्र। सोनभद्र के जुगैल थाना क्षेत्र में बालू लदे ट्रैक्टरों से अवैध धन वसूली करने के मामले में एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने पीआरवी में तैनात तीन कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है। इस कार्यवाही के बाद विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है। वही निलंबन के साथ ही सभी कर्मियों को पुलिस लाइन अटैच कर दिया गया है और जांच की जा रही है। बता दें कि बालू साइटों पर खनन तीन माह के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसका फायदा उठाकर इन दिनों जुगैल थाना क्षेत्र के सेमिया-घोरिया और बिजौरा गांव के पास सोन नदी से बालू का अवैध खनन कर ट्रैक्टर से जोरों पर ढुलाई जारी थी।

अभिषेक-जया बच्चन पहुंचे काशी, फैंस से बोले- हर-हर महादेव

वाराणसी। अभिनेत्री व सपा सांसद जया बच्चन मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट से वाराणसी पहुंचीं। उनके साथ बेटे अभिषेक बच्चन और बेटी श्वेता बच्चन भी आए। यहां से सीधे बाबा विश्वनाथ के मंदिर गए। यहां पर विधि विधान से पंचगव्य, पंचद्रव्य, दूध, गंगाजल से स्नान कराकर श्रृंगार किया। इसके बाद गर्भगृह में काशी पुराधिपति का षोडशोपचार विधि से अभिषेक और पूजन किया। मंदिर केसीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने उन्हें प्रसाद और रुद्राक्ष दिया।

सीएम योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद के बेलीपार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने की पहल

शिमला का सेब अब पूरब की तराई में!, मात्र दो साल में फल

- केवीके बेलीपार की पहल पर गोरखपुर के कुछ किसान बड़े पैमाने पर खेती की तैयारी में

केटी न्यूज/ लखनऊ



शिमला का सेब तराई में! है न चौंकाने वाली बात। पर चौंकिए मत। यह मुकम्मल सच है। ठंडे और ऊंचे पहाड़ों से शिमला के सेब को तराई में लाने की पहल हो चुकी है। ये पहल की है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद के बेलीपार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) ने। तीन साल पहले (2021) केंद्र ने सेब की कुछ प्रजातियां हिमाचल से मंगाकर लगाईं। 2023 में इनमें फल आने लगे। इससे प्रेरित होकर मुख्यमंत्री के गृह जनपद के पिपराइच स्थित उनौला गांव के प्रगतिशील किसान धर्मेंद्र सिंह ने 2022 में हिमाचल से मंगाकर सेब के 50 पौधे लगाए। इस साल उनके भी पौधों में फल आए। इससे उत्साहित होकर वह इस साल एक एकड़ में सेब के बाग लगाने की तैयारी कर रहे हैं। धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक 2022 में उन्होंने हिमाचल से लाकर सेब के 50 पौधे लगाए। प्रजातियां थीं अन्ना और हरमन 99। इस साल उनमें फल भी आए। सेब की खेती के बाबत कैसे सोचे? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कुछ नया करना मेरा जुनून है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में खेतीबाड़ी पर खासा फोकस है। आसानी से पारदर्शी तरीके से तय अनुदान मिल जाता है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र से जरूरी सलाह भी। इन सबकी वजह से सेब की खेती शुरू की। अब इसे विस्तार देने की तैयारी है। पौधों का ऑर्डर दे चुका हूं। रोपण के लिए हिमाचल से उनके आने की प्रतीक्षा है। पौधों के रोपण का उचित समय नवंबर से फरवरी है। जनवरी-फरवरी में पौध लगाना सर्वोत्तम होता है। पौधों का रोपण लाइन से लाइन व पौधे से पौधा 10 से 12 फीट की दूरी पर करें। इस प्रकार प्रति एकड़ लगभग 400 पौधे का रोपण किया जा सकेगा।

अन्ना, हरमन-99, डोरसेट गोल्डन प्रजातियां तराई क्षेत्र के अनुकूल

कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार गोरखपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसपी सिंह के अनुसार जनवरी 2021 में सेब की तीन प्रजातियों अन्ना, हरमन- 99, डोरसेट गोल्डन को हिमाचल प्रदेश से मंगाकर केंद्र पर पौधरोपण कराया गया। 2 वर्ष बाद ही इनमें फल आ गए। यही तीनों प्रजातियां पूर्वांचल के कृषि जलवायु क्षेत्र के भी अनुकूल हैं।

कैसे करें सेब की खेती

संस्तुत प्रजातियों का ही चयन करें। अन्ना, हरमन - 99, डोरसेट गोल्डन आदि का ही प्रयोग करें। बाग में कम से कम दो प्रजातियां का पौध रोपण करें। इससे परागण अच्छी प्रकार से होता है एवं फलों की संख्या अच्छी मिलती है। फल अमूमन 4/4 के गुच्छे में आते हैं। शुरूआत में ही कुछ फलों को निकाल देने से शेष फलों की साइज और गुणवत्ता बेहतर हो जाती है।

तीन-चार वर्ष में ही 80 फीसद पौधों में आने लगते फल

रोपाई के तीन से चार वर्ष में 80 फीसद पौधों में फल आने शुरू हो जाते हैं। 6 वर्ष में पूरी फलत आने लगती है। इस तरह कम समय की बागवानी के लिए भी सेब अनुकूल है।



सुभाषितम्

माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन जैसा दूसरा धर्म कोई भी नहीं है। - महर्षि वाल्मीकि

भारत में प्रजनन क्षमता में कमी चिंता का विषय

विश्व जनसंख्या दिवस पर दुनिया की आबादी को लेकर जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, वे चिंता पैदा करने वाले हैं। भारत की बढ़ती आबादी को चिंता के रूप में देखा जा रहा है। जो सही नहीं है। पिछले 4 दशकों में भारत के लोगों की प्रजनन क्षमता में कमी देखने को मिल रही है। यह सही है, कि 75 साल में भारत की आबादी 100 करोड़ बढ़ी है। अगले 40 वर्षों तक भारत की जनसंख्या में और भी वृद्धि होगी। जनसंख्या के आंकड़ों को देखें, तो पिछले 40 वर्षों में भारत की प्रजनन क्षमता और जनसंख्या वृद्धि की दर में औसतन गिरावट देखने को मिल रही है। 1971 से 1981 के बीच में जनसंख्या वृद्धि दर 2.2 फीसदी थी। जो 2011 में घटकर 1.5 फीसदी रह गई थी। 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है। जनसंख्या वृद्धि की दर 2011 की तुलना में और कम हुई है। भारत में प्रजनन क्षमता मे लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। सामाजिक परिवर्तन बड़ी तेजी के साथ हो रहे हैं। भारत में पढ़े-लिखे युवा 28 से 30 साल की उम्र के बाद शादी कर रहे हैं। परिवारों के बीच में तनाव बढ़ गया है। सामाजिक व्यवस्थाएं तेजी के साथ बदलती जा रही हैं। लिंगानुपात में अंतर होने के कारण शादी के लिए कई राज्यों में महिलाओं का अनुपात बहुत कम है। जिसके कारण अब सामाजिक व्यवस्था के अनुसार सभी की शादियां नहीं हो पा रही हैं। जिसका असर जनसंख्या में पड़ने लगा है। मृत्यु दर पिछले दशकों की तुलना में वर्तमान में लगातार बढ़ रही है। पिछले 1 दशक में भारत में आत्महत्या और असामयिक मृत्यु दर बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। यह सही है, 2060 तक हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश होंगे। 2060 में हमारी हालत भी ठीक वैसे ही होगी। जैसे आज चीन की है। चीन में प्रजनन क्षमता बहुत घट गई है। पहले वहां जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कड़े कानून बनाए गए थे। अब जनसंख्या बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देना पड़ रहा है। भारत में भी परिवारों का आकार पहले की तुलना में बहुत छोटा हो गया है। पहले औसतन 5 से 6 बच्चे एक परिवार में होते थे। अब एक या दो बच्चे ही परिवार में होते हैं। प्रजनन क्षमता 25 सालों में तेजी के साथ घटी है। कृत्रिम गभार्धान का सहारा लेना पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार आगे चलकर जनसंख्या वृद्धि मात्र 1.29 फीसदी रह जाएगी। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के ताजा आंकड़ों के अनुसार लिंग अनुपात में 100 महिलाओं पर 106.453 पुरुष हैं। भविष्य में यह अनुपात 101.944 हो जाने का अनुमान है। केरल जैसे राज्य में 1000 पुरुषों की तुलना में 1084 महिलाएं हैं। वहीं हरियाणा जैसे राज्य में 1000 पुरुषों पर मात्र 877 महिलाएं हैं। भविष्य में भारत की प्रजनन क्षमता में गिरावट और मृत्यु दर में जो वृद्धि हो रही है, उसका भी सामना हमें करना पड़ेगा। वर्तमान स्थिति के अनुसार 2.3 करोड़ जन्मदर प्रतिवर्ष है। वहीं मृत्यु दर बढ़कर प्रतिवर्ष 95 लाख से अधिक प्रतिवर्ष हो गई है। अगले 40 वर्षों में मृत्यु दर की तुलना में जन्म दर कम होगी। उस समय जनसंख्या सबसे बड़ी चिंता का विषय होगा। भारत से विदेश मे बड़ी तेजी के साथ पलायन हो रहा है। यूरोपीय और जापान जैसे देशों में जनसंख्या का संतुलन गड़बड़ा गया है। चीन में भी जनसंख्या का संतुलन बिगड़ गया है। सारी दुनिया के देशों में बूढ़े लोगों की संख्या बढ़ रही है। वहां की सामाजिक एवं सामुदायिक व्यवस्था संचालित करने के लिए लोग नहीं हैं। ऐसी स्थिति में भारत से लाखों की संख्या में हर साल भारतीय नागरिक विदेशों में जाकर नौकरी कर रहे हैं। वहां की नागरिकता ले रहे हैं। भारत में सबसे बड़ी युवा आबादी है। आज यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। सरकार को नीतियां इस तरह से बनानी चाहिए, जिसके कारण हम वैश्विक स्तर पर जनसंख्या का सही लाभ ले सकें।

चिंतन-मनन

अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं। बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

सादगी ही जिन्दगी का वास्तविक सौन्दर्य है

-ललित गर्ग

कहते हैं ना लाइफ जितनी सिंपल होगी उतनी ही अच्छी एवं आनन्दमय होगी। हर इंसान सुन्दर एवं आकर्षक दिखना चाहता है, दीखने में बनावटीपन है, प्रदर्शन है, अनुकरण है, जबकि वास्तविक सौन्दर्य सादगी में है। सबसे सुन्दर दिखने की चाह में एक इंसान दूसरे इंसान तक को नहीं छोड़ता। संतुलित, शांत, आनन्दयम एवं सार्थक जिन्दगी के लिये सादगी का बहुत महत्व है, इसलिये 12 जुलाई को राष्ट्रीय सादगी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लेखक और दार्शनिक हेनरी डेविड थोरो के सम्मान में मनाया जाता है। इसी दिन इनका जन्म हुआ था। थोरो को उनकी पुस्तक वाल्डेन के लिए जाना जाता था, जो कॉनकॉर्ड, मैसाचुसेट्स में वाल्डेन तालाब के पास एक छोटे से केबिन में एक साधारण जीवन जीने के उनके अनुभवों का वर्णन करती है। उनका मानना था कि लाइफ को केवल पैसे और अनावश्यक चीजों को हासिल करने के लिए ही बस खत्म ना करें। बल्कि हमारा ध्यान नेचर, ज्ञान, सेल्फ डिपेंडेंट और खुद का रास्ता बनाने पर होना चाहिए, जिसके लिए सादगीपूर्ण जीवन जीना बहुत जरूरी है। जैसा कि थोरो ने खुद कहा था- जैसे-जैसे आप अपने जीवन को सरल बनाते जाएँगे, ब्रह्मांड के नियम



सरल होते जाएँगे। हेनरी डेविड थोरो एक ऐसे व्यक्ति थे जो हर काम में माहिर थे, एक लेखक, एक पर्यावरणविद, एक उन्मूलनवादी, एक कवि, लेकिन आप शायद उन्हें अपने हाई स्कूल की अंग्रेजी कक्षा से एक पारलौकिकवादी के रूप में याद करते हों। वह और उनके समकालीन पारलौकिकवादी, सरल शब्दों में मानते थे कि लोगों के पास अपने बारे में ऐसा ज्ञान होता है जो उनके जीवन में सभी बाहरी ताकतों से परे होता है। वे उन भावनाओं से बेहतर तरीके से जुड़ने के लिए एक सरल जीवन जीने की वकालत करते थे। महान लोगों का मानना है कि प्रतिभा भगवान ने दी है, विनम्र रहें। प्रसिद्धि इंसान ने दी है, कृतज्ञ रहें। अहंकार खुद की देन है, इसलिए सजग रहें। जीवन में सरलता और सादगी बहुत जरूरी है। हमारे सपनों और खुशियों की हर राह शरीर से होकर ही गुजरती है, पर हम इसकी अनदेखी करते रहते हैं। नतीजा, मन के साथ शरीर से भी अस्वस्थ्य बन जाते हैं। बुद्ध कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है। तभी मन मजबूत होगा और विचारों में स्पष्टता भी आएगी। बढ़ते कचरे को देखते हुए पश्चिमी देशों में मिनिमलिज्म की बातें हो रही हैं। कम के साथ रहने की इस मिनिमलिस्टिक जीवनशैली का असर कपड़े, पैसे, कला, संगीत, सोच से लेकर इंटीरियर और मेकअप हर जगह अपनाने की कोशिशें बढ़ी हैं। हालांकि भारतीय दर्शन बहुत पहले से ही सादगी से जीने की तरफदारी करता रहा है। जैन दर्शन में बाकायदा इसके लिए अपरिग्रह शब्द दिया गया है। यानी जरूरत भर की चीजों के साथ रहना। कम में गुजारा करना। कुल मिलाकर, थोड़े में जीना यानी प्यार, सादगी और सुकून से जीना। जिंदगी भी तो यही है। सफल एवं सार्थक जीवन के सादगी का दर्शन एवं जीवनशैली बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सादगी दिवस हमारी जटिल दैनिक दिनचर्या की भागदौड़ से दूर रहने और जीवन में सरल चीजों की सराहना करने के लिए समर्पित है। हमारा जीवन तेजी से आगे बढ़ रहा है और व्यस्त होता जा रहा है। यह दिवस हमें बाहरी दुनिया से भीतर की ओर ले जाता है, जब हम एक कदम पीछे हटकर यह मूल्यांकन करते हैं कि हम कैसे जीवन को अधिक संतुलन बना सकते हैं, अव्यवस्था को दूर कर सकते हैं और खुद को अलग रख सकते हैं। आज तकनीक ने जितना हमारे जीवन को आसान बनाया है, उतना ही इसने हमें भटकाया भी है और जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा पैदा की है। एक साधारण जीवन को सोशल मीडिया पर शायद ही कभी सुर्खियों में लाया जाता है। जापान जैसे कुछ देशों में, लोगों ने यह समझना शुरू कर दिया है कि अगर वे उन वस्तुओं से छुटकारा पा लें जो उनके किसी भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करती हैं, तो उनका जीवन अधिक खुशहाल और कम तनावपूर्ण हो सकता है। आप सुबह समय पर उठने की आदत डालें और व्यायाम, भ्रमण या योगा करने की आदत डालें। इसके लिए आप 10 मिनट से इसे करने की आदत डालें फिर धीरे धीरे इसे बढ़ाएं। पढ़ना आपके तनाव को कम कर सकता है। साथ ही यह आपकी शब्दावली का विस्तार भी करता है। मानसिक तनाव को दूर कर आपको सकारात्मक बनाता है। जब भी आप खाना लेकर बैठें तो टीवी ना देखें। पूरी तरह से खाने पर ध्यान लगाएं। फोन की आदत को धीरे धीरे कम करें। आज की तेज-रफ्तार दुनिया में, हम अक्सर खुद को ज्यादा की जरूरत में फंसा हुआ पाते हैं। अब समय आ गया है कि हम बुनियादी बातों पर वापस लौटें। जीवन को सरल बनाने का मतलब सिर्फ कम चीजें रखना नहीं है, यह उन चीजों के लिए जगह खोलता है जो हमें वास्तव में हमें खुशी देती हैं। यह धुंध को दूर करता है, दैनिक अव्यवस्था यानी अस्त-व्यस्तता को कम करता है, तनाव को कम करता है और खुशी को बढ़ाता है। थोरो का जन्मदिन हमें सादगी में आनंद खोजने और अपनी जरूरतों और इच्छाओं पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह जीवन के सरल सुखों का आनंद लेने के लिए एक कदम पीछे हटने के बारे में भी है। लोग तकनीक से दूर रहकर, प्रकृति का आनंद लेते हुए और अपने घरों को साफ करके जश्न मनाते हैं। इसका लक्ष्य उस चीज पर ध्यान केंद्रित करना है जो वास्तव में मायने रखती है, शांति और संतुष्टि को बढ़ावा देना। एक से एक अच्छी छूट का विज्ञापन देखकर मन चीजें खरीदने को आतुर हो उठता है। जरूरत हो या ना हो, बस सस्ती और आकर्षक जानकर हम वस्तुएं खरीद डालते हैं। नतीजा, फालतू वस्तुओं का ढेर लग जाता है। मोटिवेशनल कोच ल्यूमिनिटा कहती हैं, हम कुछ भी खरीदें, पूरी गंभीरता से खरीदें। कम खरीदना, कम उपयोग करना और खुद को उन वस्तुओं के प्रति समर्पित करना ही सादगी से जीना है। सादा जीवन यानी आजाद जीवन। वह जीवन, जो आपको उस ओर बढ़ने की राह दिखाता है, जहां जुनून और उपलब्धियां हैं। जहां ऐसा कोई शोर-शराबा या अव्यवस्था नहीं होती, जो आपके रास्ते की बाधा बन जाए। तब आप केवल वही साथ रखते हैं, जो बेहद जरूरी है। कुछ लोगों के लिए सादा जीवन बिताना बहुत कठिन हो सकता है। हमें यही सिखाया गया है कि चीजों का संचय ही सफलता की निशानी है। इससे हम अकसर अत्यंत तनाव में और अपने जीवन की बेतरतीबी में इस तरह फंस जाते हैं कि किसी उद्देश्य, सार्थकता और खुशी के साथ जीना दूभर हो जाता है। सादगी भरा जीवन आपको वैसा जीवन गढ़ने में मदद कर सकता है, जो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है, जो संतोषप्रद और सार्थक होता है।

गुजारा भत्ता और गुजरे जमाने की राजनीति

- राकेश अचल

` तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करने के साथ ही देश में कांग्रेस विरोधी सियासत भी शुरू हो गयी है। लेकिन उन लोगों का क्या होगा जो देश में मुस्लिम आबादी बढ़ने से बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत किसी भी महिला को गुजरा भत्ता देने की मांग कर सकती है ,इसमें धर्म कहीं भी आड़े नहीं आता। माननीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है या नहीं ,ये प्रमाणपत्र देने की जरूरत किसी राजनीतिक दल को नहीं है ,क्योंकि सुप्रीम कोर्ट किसी राजनितिक दल का अनुषांगिक संगठन नहीं है।,लेकिन इस बात पर गौर जरूर की जाना चाहिए कि दस साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा इस फैसले के बाद विपक्ष जैसी बयानबाजी कर रही है। भाजपा को एक बार फिर शाहबानो और राजीव गांधी याद आ गए हैं। इस फैसले के बहाने भाजपा एक बार फिर से कांग्रेस से सवाल करने लगी है। वजह सिर्फ एक है कि भाजपा इस फैसले को अपनी बैशाखी सरकार के खाते में दर्ज करना चाहती है। भाजपा भूल जाती है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले किसी दल विशेष के फायदे या नुक्सान के लिए नहीं होते। वे व्यक्तियों से जुड़े होते हैं ,खासकर उन व्यक्तियों से जो माननीय अदालत की शरण में खड़े होने का साहस जुटाते हैं। भला हो अब्दुल समद की पत्नी का जो उसने गुजारा भत्ता देने के तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। तलाकशुदा महिला ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा



125 के तहत फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि समद ने उसे तीन तलाक दिया है. फैमिली कोर्ट ने 20 हजार रुपये प्रति महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। माननीय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दो अलग-अलग लेकिन एकमत फैसलों में यह बात कही। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 सिर्फ शादीशुदा महिलाओं पर ही नहीं बल्कि सभी महिलाओं पर लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले राजनीतिक दलों के लिए सिलेक्टिव्ट्वह हो सकते हैं लेकिन कानून के लिहाज से वे हमेशा उचित माने जाते हैं। तलाकशुदा महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के माले में 10 जुलाई का फैसला इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 1985 में भी शाहबानो के मामले सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि सीआरपीसी की धारा 125 सभी पर लागू होती है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। हालांकि इस फैसले को तत्कालीन राजीव गाँधी सरकार ने , मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 लाकर इसे कमजोर कर दिया था जिसमें कहा गया कि मुस्लिम महिला केवल इद्दत के दौरान (तलाक के 90 दिन बाद) ही गुजारा भत्ता मांग सकती है। मुझे याद आता है कि साल 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने 1986 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, लेकिन फैसला सुनाया कि तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता देने का पुरुष का दायित्व तब तक जारी रहेगा जब तक वह दोबारा शादी नहीं कर लेती या खुद का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं हो जाती। बात 34 साल पुरानी है लेकिन गड़े मुर्दे उखाड़ने में दक्ष भाजपा सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले का भी राजनीतिक लाभ लेने पर आमादा है। भाजपा की मजबूरी भी है कि वो इस फैसले का राजनीतिक इस्तेमाल करे क्योंकि हाल के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने भाजपा को सिरे से खारिज करते हुए उसे बैशाखियों के सहारे चलने के लिए विवश कर दिया। सवाल सुप्रीम कोर्ट के फैसले का नहीं है । सुप्रीम कोर्ट का फैसला 34 साल पहले के फैसले से भिन्न थोड़े ही है। फैसला तब भी सही था और आज भी सही है । गलत तो ये है कि मुस्लिमों को देश में दो नंबर का ही नहीं बल्कि संदिग्ध नागरिक मानने वाली भाजपा इस फैसले का सियासी इस्तेमाल कर रही है। भाजपा यदि सचमुच मुसलमानों की हितैषी है तो उसने लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का हौवा खड़ा कर ध्रुवीकरण करने का दुस्साहस क्यों किया ? क्यों नहीं एक भी मुस्लिम को संसद का टिकिट दिया ? क्या आज के केंद्रीय मंत्रिमंडल में मुस्लिम समाज का कोई प्रतिनिधि है ? माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भाजपा को बल्लियों उछलते देख कर मुझे तो हंसी आती है। आपकी आप जानें। क्योंकि मै किसी भी दल के दोहरे चरित्र पर केवल हंसने का साहस कर सकता हूँ फिर चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा। कांग्रेस की तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने 1986 में जो गलती की उसकी सजा कांग्रेस को देश की जनता और मुस्लिम समाज दे चुका है। अब कांग्रेस को एक बार से ज्यादा बार कैसे दी जा सकती है ? देश के अवाम को ये जान लेना चाहिए कईकोर्ट का निर्णय कोर्ट का है किसी सत्तारूढ़ दल का नहीं। इस फैसले में भाजपा की कोई भूमिका नहीं है। इसलिए उसे इस फैसले पर सवाल करने का भी कोई हक नहीं बनता।भाजपा के साथ ही गोदी मीडिया भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उसी तरह नुक्ताचीनी कर रहा है जैसा कि भाजपा कर रही है।इस मामले में क्या कोई ये बता सकता है की तीसरी बार सत्ता में आयी भाजपा ने तलाकशुदा महिलाओं को गुजाराभत्ता देने के लिए क्या कुछ किया ? भाजपा ने तो पिछले दस साल में मुसलमानों के खिलाफ जितना मुमकिन था उतना बुलडोजर संहिता का इस्तेमाल किया , भारतीय दंड संहिता का नहीं। ।मुस्लिम आरक्षण का विरोध किया। आज भी भाजपा शासित राजयों में मुसलमान निशाने पर है। भाजपा कभी मुसलमानों की रसोई में झांकती है तो कभी उनके हिजाब को लेकर वितण्डावात खड़ा करती है।

बुनियादी सुविधाओं पर जोर देता हुआ राजस्थान बजट

- डा. भरत मिश्र प्राची



लोकसभा चुनाव के चलते फरवरी , मार्च माह में आनेवाला राजस्थान सरकार का वर्ष 2024.25 का आम बजट 10 जुलाई को प्रस्तुति उपरान्त पारित किये जाने हेतु विधान सभा पटल पर वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने रख दिया जिसे पक्ष विपक्ष द्वारा चर्चा उपरान्त दिये अंतिम स्वरूप को बहुमत से पारित कर दिया जायेगा। भजन लाल सरकार का महिलाए किसानए युवा वर्ग को विशेष रुप से इंगित करता हुआ बुनियादी सुविधाओं पर जोर देते यह राजस्थान में आज तक के भाजपा सरकार का अनोखा पहला बजट है जिसमें सरकार के वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कर में राहत प्रदान करते हुये सभी वर्ग को कुछ न कुछ देकर सभी को संतुष्ट करने का प्रयास किया है। इस तथ्य को समझने के लिये बजट के स्वरूप पर एक नजर डालें जहां चर्चित पेपर लिक अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की योजना ए बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई पर जोरए जल मिशन को गति देने के लिये हर विधान सभा क्षेत्र में 20. 20 नलकूपए 10.10 टयूबवेल ए 25 लाख घरों को नल से पेयजल देनाए विद्युत उत्पादन क्षेत्रों में बढ़ोतरीए आदर्श ग्रामध सरकारी कार्यालयों में सौर उर्जा योजनाए हर घर . हर खेत बिजली योजनाए वर्ष के दौरान 2 लाख घरों को नये विद्युत कनेक्शनए 25 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटरए अंडर ग्राउन्ड बिजली लाइनए 9 ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेसए 60000 करोड की नई सड़कए 500 नई रोडवेजए 300 नई इलेक्ट्रीक बसेंए बस डिपों के लिये 50 करोड़ की राशिए सभी बाजारों में वायोपिंक टायलेटए लाइब्रेरीए वाई फाई के लिये 150 करोड़ की राशिए कलाकारों को विशेष सुविधा देने के लिये 30 करोड़ की राशिए पर्यटन विकास के लिये पर्यटन विकास वोर्ड का गठनए बुनकरों को विशेष सहायताए माटी कला सेटर ऑफ एक्सीलेंसए जयपुर मे मेट्रो का विस्तार ए काशी विश्वनाथ मंदिर के तर्ज पर खाटू श्याम मंदिर कैरिडोर का निर्माणए मंदिर विकास के लिये 100 करोड़ की राशि का प्रावधानए 600 मंदिरों में विशेष आरतीए युवाओं को रोजगार देने के लिये 5 साल में 4 लाख भर्तियाए वर्ष के दौरान 1 लाख भर्तिए युवा अटल उद्यमी योजनाए कुलपति का नाम कुलगुरूए मुफ्त लैप टैबलेटए नई खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को बीमा योजनाए मुख्यमंत्री आयुष्मान मां योजनाए संविदा कर्मचारियों को 2 बार इनक्रिमेंटए किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज ए 1लाख 45 हजार किसानों को विद्युत कनेक्शन ए स्वतंत्रता सेनानियों को 60 हजार की पेंशन घयलों को अस्पताल ले जाने के लिये 10 हजार की अनुग्रह राशिए सहित समाज के हर वर्ग को बजट में कुछ न कुछ दिया ही गया है। चर्चा उपरान्त सरकार का यह बजट जनोपयोगी साबित हो सकता है यदि सरकार इसे अमल करने में सफल हो जाती है।

आज का राशिफल

मेष आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ सम्मान में वृद्धि होगी। किसी कार्य की अधिकता के कारण आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

मिथुन करियर में लाभ का दिन है और आपको मनचाही सफलता मिलने से भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

कर्क आज आपको नौकरी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति होगी।

सिंह पारिवारिक मामलों में खटपट हो सकती है। साहस और धैर्य से काम लेना होगा।

कन्या आज दिन भाग्यशाली है और आपके आनंद में वृद्धि होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी।

तुला आपके पराक्रम व धन में वृद्धि होगी। किसी कानूनी मामले में आपकी जीत होगी।

वृश्चिक आज सफलता के योग बन रहे हैं और आपको करियर के मामले में लाभ होगा।

धनु आज दिन लाभ देने वाला होगा। आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

मकर आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कहीं से फंसी पेमेंट मिल सकती है।

कुंभ आज दिन सावधानी से बिताने का है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें।

मीन आप अपने विरोधियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में आपके लिए सम्मान बढ़ेगा।

विशेष

फ्रांस के चुनाव ने तोड़े पिछले सभी रिकॉर्ड

दुनिया की सोच बड़ी तेजी के साथ बदल रही है। 1 सप्ताह पहले फ्रांस के चुनाव संपन्न हुए हैं। जिसमें कट्टरवादी दक्षिणपंथी, वामपंथियों की तरफ लुढ़क गए हैं। जनता की एक नई सोच सामने आई है। कट्टरपंथी, वामपंथी और समन्वय बनाकर चलने वाला तीसरा पंथ, जिसे फ्रांस की जनता ने चुनाव में बराबरी से संसद में पहुंचाया है। सारा विश्व इस बदलाव से आश्चर्यचकित है। 577 सदस्यों वाली फ्रांस की संसद में इस बार तीनों समूह को लगभग बराबरी से सीटें मिली हैं। ऐसी स्थिति में अब फ्रांस की सत्ता में अस्थिरता बनी रहेगी। सारी दुनिया की सोच बड़ी तेजी के साथ बदल रही है। फ्रांस और ब्रिटेन के चुनाव ने यह बता दिया है।

अमेरिका ने लगाई मोदी से गुहार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 साल बाद रूस पहुंचे हैं। जहां उनका भव्य स्वागत हुआ है। सारी दुनिया के देश विश्व युद्ध के तीसरे मुहाने पर खड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में भारत सभी के निशाने पर है। अमेरिका भारत को अपने पक्ष में बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। वहीं रूस और चीन भी भारत को अमेरिका के पाले में जाने से रोक रहे हैं। जिस तरह की आर्थिक स्थिति दुनिया के देशों की हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी के कारण सत्ता के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में अब शांति की बात महाशक्तियाँ भी करने लगी हैं। चीन को अब पंचशील का सिद्धांत याद आ गया है।

कार्टून कोना



आज का इतिहास

1674: शिवाजी ने ईस्ट इंडिया कंपनी से संधि की. 1806: फ्रांस के संरक्षण में राइन संघ का गठन हुआ. 1823: भारत में निर्मित पहले वाष्प चलित जहाज डायना का जलावतरण हुआ. 1869: नेपोलियन तृतीय ने फ्रांस में संसदीय प्रणाली लागू की. 1902: आस्ट्रेलिया की संसद ने महिलाओं को मताधिकार प्रदान किया. 1947: द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन सोवियत आपसी सहायता समझौता हुआ. 1959: युवराज करीम दो करोड़ इस्माइल मुसलमानों के आगा खान बने. 1960: फ्रांस दाहोमी, नाइजर अपर वोल्टा, आईवरीकोस्ट, चाड, सेंट्रल अफ्रीका और कांगो को स्वतंत्र करने के लिए राजी हुआ. 1979: किबार्ती 80 वर्ष के ब्रिटिश शासन के बाद स्वतंत्र हुआ. 1990: लेबनान के विधिमंत्री नबी बेरी ने वित्तीय आपात स्थिति लागू करने की मांग की.

दैनिक पंचांग

12 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	05.44 बजे से
चंद्र	कन्या में	सिंह	08.01 बजे से
मंगल	मेष में	कन्या	10.12 बजे से
बुध	कर्क में	तुला	12.23 बजे से
गुरु	वृष में	वृश्चिक	14.38 ब.से
शुक्र	कर्क में	धनु	16.54 बजे से
शनि	कुंभ में	मकर	18.59 बजे से
राहु	मीन में	कुंभ	20.46 बजे से
केतु	कन्या में	मीन	22.18 बजे से
राहुकाल	10.30 से 12.00 बजे तक	मेष	23.49 बजे से
		वृष	01.29 बजे से
		मिथुन	03.27 बजे से

शुक्रवार 2024 वर्ष का 194 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास आषाढ़ पक्ष शुक्ल
तिथि षष्ठी 12.33 बजे को समाप्त।
नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी 16.09 बजे को समाप्त।
योग परिघ 05.15 बजे प्रात: को समाप्त।
करण तैतिल 12.33 बजे तदनन्तर गर 01.50 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 6.0 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 56'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872038
जूलियन दिन 2460503.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445 महीना मोहर्रम
तारीख 05

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
चर	05.55 से 07.23 बजे तक	रोग	05.38 से 07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से 08.51 बजे तक	काल	07.11 से 08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से 10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से 10.15 बजे तक
काल	10.19 से 11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से 11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से 01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से 01.19 बजे तक
रोग	01.15 से 02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से 02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से 04.10 बजे तक	चर	02.51 से 04.23 बजे तक
चर	04.10 से 05.38 बजे तक	रोग	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है क्लाइमेट में बदलाव

हमारे क्लाइमेट में तेजी से बदलाव आ रहा है और ये दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इंसानों के दिमाग का साइज करीब 10 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। हमारे रोजमर्रा के 3 काम भी दिमाग को ठप कर सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, अनहेल्दी डाइट, अत्यधिक मीठा और एक्सरसाइज न करने पर दिमाग की ताकत कम होती रहती है। इसका सबसे पहला लक्षण याददाश्त कमजोर होना है। आप इस समस्या को 6 जड़ी-बूटियों से ठीक कर सकते हैं। आइए ब्रेन के लिए लाभदायक इन हर्बल टॉनिक के बारे में जानते हैं।

करक्यूमिन

दिमाग तेज करने के लिए हल्दी जरूर खाएं। इसमें करक्यूमिन होता है। यह कंपाउंड अल्जाइमर की बीमारी को रोकता है और याददाश्त मजबूत करने में मदद करता है। आप इसे खाने के अंदर या हर्बल चाय बनाकर ले सकते हैं।

ब्राह्मी

ब्राह्मी एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे कई सारे ब्रेन टॉनिक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी याददाश्त बढ़ाने के साथ मानसिक समस्याओं को दूर रखने में मदद करती है। बच्चों का दिमाग शार्प करने के लिए भी इसका सेवन करवाया जा सकता है।

शंखपुष्पी और अश्वगंधा

न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी ने ब्रेन हेल्थ के लिए शंखपुष्पी और अश्वगंधा को फायदेमंद बताया है। आप इन हर्बल ब्रेन टॉनिक का उपयोग करके याददाश्त बढ़ा सकते हैं। ये दोनों हर्ब्स दिमाग की ताकत कम होने से बचाती हैं।

गिंको बाइलोबा

दुनियाभर में ब्रेन फंक्शन बढ़ाने के लिए गिंको बाइलोबा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें काफी सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो उम्र बढ़ने के बावजूद दिमाग को जवान रखते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ाती है, जिससे न्यूरल फंक्शन में सुधार आता है।

लेसिथिन

यह कंपाउंड सोयाबीन और अंडे के पीले भाग में मिलता है। यह कई सारे फैट्स का मिक्सचर होता है। सेल्स को सही तरह से कामकाज करने के लिए इसकी जरूरत होती है। यह दिमाग में acetylcholine बनाने में भी मदद करता है।



बारिश के मौसम में झड़ते बालों को न करें नजरअंदाज

जिस तरह मानसून में बारिश का होना तय है, उसी तरह इस मौसम में बालों का झड़ना भी निश्चित है। यदि इस मौसम में आपके बाल भी सामान्य से थोड़े ज्यादा झड़ रहे हैं तो यह बिल्कुल सामान्य बात है। जी हां, इस बात से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वर्ल्ड ट्राइकोलॉजी सोसाइटी के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि नमी वाले मौसम में बालों का झड़ना लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं।

बारिश के मौसम में क्यों झड़ते हैं बाल

मानसून में पर्यावरण में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से बाल झड़ते हैं। बाल इस नमी को सोख लेते हैं और रूखे, उलझे और बेजान नजर आते हैं। इसकी स्वाभाविक नमी कम होती है, जिसकी वजह से सिर की त्वचा भी रूखी नजर आती है। ये बालों के फॉलिकल्स को कमजोर बनाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं। नमी के बढ़ने से बालों के फॉलिकल्स बंद हो जाते हैं और जिससे बाल चिपचिपे हो जाते हैं।

एक दिन में कितने बाल झड़ना सामान्य बात

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, सामान्य मौसम में एक दिन में व्यक्ति के 80-100 बाल झड़ते हैं। जबकि मॉनसून के दौरान, एक व्यक्ति के प्रतिदिन 250 बाल झड़ते हैं।

बाल झड़ने का कारण

बालों का झड़ना अनियंत्रित थायरॉइड के स्तर, एनीमिया (हीमोग्लोबिन का निम्न स्तर), हॉर्मोन्स का सही रूप में काम ना करना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) और हाई ब्लड प्रेशर के भी संकेत हो सकते हैं।

यही वजह है कि बालों के असामान्य तरीके से झड़ने पर जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। बालों के झड़ने की समस्या को नजरअंदाज करने से यह कई लोगों में पूरी तरह से गंजेपन का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें आनुवंशिक रूप से बालों के झड़ने की समस्या का जोखिम है।

द ट्राइकोलॉजिकल सोसाइटी, लंदन के पहले भारतीय अध्यक्ष डॉ. बत्रा के अनुसार बालों के झड़ने को होम्योपैथी दवाओं और उपचार की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के बालों के झड़ने के मूल कारण का उपचार कर बालों की स्थिति को बेहतर बनाती है। ये बालों को जड़ों से पोषण देने और बालों के फिर से निकलने में मदद करती हैं।

होम्योपैथी दवाएं पूरी जांच और केस का मूल्यांकन करने के बाद दी जाती हैं, जिसमें रोगी की मेडिकल हिस्ट्री और उनकी मानसिक और शारीरिक बनावट भी शामिल है।

शैम्पू

भले ही बारिश में भीगने का आनंद लें लेकिन उसके बाद बालों को जरूर धोएं। बारिश के पानी को हटाने के लिये शैम्पू से अपने बालों को धोएं, क्योंकि बारिश का पानी गंदगी से भरा होता है। नमी वाले इस मौसम में चिपचिपेपन और पसीने को दूर रखने के लिए हफ्ते में 2-3 बार शैम्पू करें।





बालों के झड़ने की समस्या को कैसे दूर करें

अपने बालों को सही तरीके से सुखाएं

अपने बालों को सुखाने के लिये माइक्रोफाइबर तौलिए का इस्तेमाल करें, यह तुरंत ही पानी को सोख लेता है और आपके बालों तथा तौलिए के बीच कम से कम घर्षण होता है।

कंडीशनर लगाएं

बारिश के पानी के साथ बालों में आने वाली उलझन को सुलझाने के लिये एक अच्छा कंडीशनर जरूरी है। बालों को झड़ने से रोकने वाले कंडीशनर का इस्तेमाल करें ताकि आपके बालों में नमी लॉक हो जाए और उसे मजबूती और सुरक्षा मिले।

बालों में तेल लगाना बेहद जरूरी है

अपने बालों में तेल जरूर लगाएं, लेकिन बालों को टूटने से बचाने के लिये हल्के हाथों से मसाज करें। हफ्ते मे एक या दो बार सही पोषण के लिये अच्छा है, हालांकि बार-बार तेल लगाने की सलाह नहीं दी जाती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हवा में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से सिर पर पहले से ही ऑयल होता है।

सही कंघी का चुनाव करें

गीले बालों में कंघी ना करें, क्योंकि इससे वे कमजोर हो जाते हैं। अपने बालों को आसानी से सुलझाने के लिये चौड़े दांतों वाले कंघे का इस्तेमाल करें। यदि घरेलू उपचारों से बालों के झड़ने में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा तो फिर इंतजार ना करें।

होम्योपैथिक उपचार

- विस्बाडेन 30सी, कुछ महीनों के लिये दिन में दो बार - बालों के प्राकृतिक विकास को बढ़ावा देता है।
- फ्लोरिक एसिड 6सी, 5 गोलियां दिन में दो बार - पैची बालों के झड़ने का इलाज करने में मदद करता है और स्वस्थ प्राकृतिक बालों के विकास को बढ़ावा देता है।
- सीपिया, सल्फर, फॉस्फोरिक एसिड, लैकेसिस और ग्रेफाइट्स - बालों के झड़ने के इलाज में मदद करते हैं।
- थूजा ऑक्सिडेंटैलिस 30सी, 5 गोलियां महीने में केवल एक बार दिन में दो बार- बालों के झड़ने के आनुवंशिक कारण के लिये।



आम बुखार से बिल्कुल अलग होते हैं डेंगू के शुरुआती लक्षण

मानसून में इम्युनिटी बहुत ज्यादा कमजोर पड़ जाती है। जिसकी वजह से सीजनल बुखार, खांसी-जुकाम हो सकता है। इस मौसम में डेंगू का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। जिसमें प्लेटलेट्स गिरने से मरीज की जान भी जा सकती है। इसके शुरुआती लक्षण आम बुखार से बिल्कुल अलग होते हैं। जिन्हें नजरअंदाज करने पर प्लेटलेट्स कम होने की नौबत आ सकती है।

डेंगू का मच्छर काटने के 4 से 7 दिन के भीतर लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। ये लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और डेंगू वायरस से संक्रमित सभी व्यक्तियों को लक्षणों का एक ही सेट अनुभव नहीं होता। अगर आपको डेंगू की बीमारी का शक है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

101 से ज्यादा बुखार

डॉक्टर ने कहा कि डेंगू में 4 से 7 दिन के अंदर तेज बुखार शुरू हो जाता है। इसमें मरीज का बॉडी टेंप्रेचर 101 से लेकर 104 डिग्री फारेनहाइट तक हो सकता है। यह सबसे पहला और मुख्य संकेत है, जो 2 से 7 दिन तक लगातार परेशान कर सकता है।

भयंकर सिरदर्द

डेंगू इंफेक्शन के कारण मरीज को गंभीर सिरदर्द हो सकता है। ये दर्द अक्सर तेज और भयंकर होता है। यह समस्या आपको आंखों के पीछे या कनपटी के पास हो सकती है।

मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द

डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है, क्योंकि यह मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों में भयंकर दर्द करता है। इसकी वजह से मरीज को बेचैनी रहती है और आराम नहीं मिल पाता।

थकान और कमजोरी

थकान, एनर्जी की कमी और कमजोरी महसूस करना डेंगू बुखार का एक खास लक्षण है। इसी कारण डेंगू के बुखार की वजह से मरीज बिस्तर से उठने की हिम्मत नहीं कर पाता।

हल्की ब्लीडिंग के निशान

डेंगू के कुछ मामलों में स्किन के नीचे हल्की ब्लीडिंग हो सकती है। इसके कारण शरीर पर छोटे लाल या बैंगनी धब्बे बनने लगते हैं, जिन्हें पेटीचिया कहा जाता है। आपके मसूड़े या नाक से भी खून बहने लगता है। डॉक्टर ने इस लक्षण को दुर्लभ बताया है, लेकिन इससे मरीज को सतर्क रहने की जरूरत होती है।

आंखों का दर्द

बुखार के साथ आंखों का दर्द भी परेशान कर सकता है। डॉक्टर के मुताबिक, ये दर्द आंख हिलाने पर ज्यादा तकलीफ देता है और व्यक्ति को देखने में भी पीड़ा होती है।

शरीर पर दाने

बुखार शुरू होने के लगभग 2 से 5 दिन बाद शरीर पर दाने आने लगते हैं। जो कि आमतौर पर शरीर के धड़ पर शुरू होते हैं और फिर दूसरे अंगों या कभी-कभी चेहरे तक फैल जाते हैं। ये रैशेज स्किन पर लाल या गुलाबी धब्बे या पैच के रूप में दिखाई दे सकते हैं और इनमें खुजली भी हो सकती है।



लिवर के लिए खतरनाक हैं ये फूड

लिवर कई सारे काम करता है। शराब इसकी सबसे बड़ी दुश्मन है, जो इसे गलाकर फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस जैसी खतरनाक बीमारी बना सकती है। मगर शराब के अलावा भी कुछ खाद्य पदार्थ लिवर को खराब कर सकते हैं। इस बीमारी को नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज कहा जाता है।

खाना पचाने से लेकर खून साफ करने तक लिवर कई सारे काम करता है। गहरे लाल-भूरे रंग वाले इस अंग का वजन 1500 ग्राम के करीब होता है। शराब इसकी सबसे बड़ी दुश्मन है, जो इसे गलाकर फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस जैसी खतरनाक बीमारी बना सकती है। मगर शराब के अलावा भी कुछ खाद्य पदार्थ लिवर को खराब कर सकते हैं। इस बीमारी को नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज कहा जाता है। यानी कम या बिल्कुल शराब ना पीने वाले लोगों के लिवर की सेल्स में फैट का बढ़ना। यह बीमारी दुनियाभर में काफी तेजी से बढ़ रही है और जवानी में ही लिवर डैमेज कर सकती है।

हाई ट्राइग्लिसराइड फूड

नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर का बड़ा कारण हाई ट्राइग्लिसराइड वाले फूड हैं। इसलिए इन्हें कंट्रोल में खाना चाहिए। नारियल, आलू, चावल, हनी सिरप, मक्खन आदि में ये फैट बहुत ज्यादा होता है।

हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स फूड

हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजें खाने से प्री-डायबिटीज और डायबिटीज का खतरा होता है। जो फैटी लिवर की बीमारी का मुख्य कारण है। इसलिए गुलाब जामुन, अन्य मिठाई, सफेद ब्रेड, आलू, सफेद चावल, सॉफ्ट ड्रिंक आदि खाने से पहले सावधान हो जाएं।

मोटापा बढ़ाने वाली चीजें

मोटापा बढ़ने के साथ भी चुपचाप लिवर पर फैट चढ़ सकता है। इसलिए आप ज्यादा खाना खाने, मीठा, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, फैट फूड, तेल आदि का सेवन ना करें। यह खाद्य पदार्थ लिवर को खराब कर सकते हैं।

त्रिफला चूर्ण से करें लिवर की सफाई

त्रिफला चूर्ण को लिवर की सफाई करने वाला माना जाता है। जिससे फैट कम हो जाता है और इसका कामकाज बढ़ जाता है। त्रिफला पाउडर को आंवला, हरड़ और बहेड़ा का पाउडर मिलाकर बनाते हैं। इसका सेवन करने से लिवर डिटॉक्स होता है।



दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा भारत, पीएलआई योजना से तीन वर्षों में 3,400 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और मेक इन इंडिया के दम पर देश दूरसंचार एवं नेटवर्किंग उत्पादों के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। पीएलआई योजना की मदद से देश में तीन वर्षों में दूरसंचार उपकरणों की विनिर्माण बिक्री 50,000 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर के पार पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा, यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस बिक्री में करीब 10,500 करोड़ रुपये का निर्यात भी शामिल है।

पीएलआई योजना की मदद से दूरसंचार क्षेत्र ने तीन वर्षों की इस अवधि में 3,400 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है और 17,800 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है। सरकार ने कहा, आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के अनुरूप दूरसंचार व नेटवर्किंग उत्पादों



और इलेक्ट्रॉनिक्स के बड़े पैमाने पर विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना से देश में उत्पादन, रोजगार सृजन, आर्थिक वृद्धि एवं निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है।

आयात और निर्यात के बीच घटा अंतर

पीएलआई योजना के अलावा सरकार के अन्य प्रयासों से दूरसंचार आयात और निर्यात के बीच अंतर काफी कम हो गया है। दूरसंचार उपकरण और मोबाइल दोनों को मिलाकर 2023-24 में 1.49 लाख करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात किया गया। इस अवधि में आयात 1.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

दूरसंचार व्यापार घाटे में आई गिरावट

पीएलआई योजना ने आयातित दूरसंचार उपकरणों पर भारत की निर्भरता को करीब 60 फीसदी तक कम कर दिया है। इससे देश कुछ उत्पादों में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। भारतीय निर्माता अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उत्तरी अमेरिका और यूरोप को 5जी उपकरण निर्यात कर रहे हैं। यही वजह है कि पिछले पांच वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र (दूरसंचार उपकरण और मोबाइल) में व्यापार घाटा 68,000 करोड़ से कम होकर 4,000 करोड़ रुपये रह गया है।

मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक बना भारत

इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में पीएलआई योजना की मदद से देश में मोबाइल फोन के उत्पादन और निर्यात में काफी तेजी आई है। भारत अब मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक बन गया है। 2014-15 में देश में सिर्फ 5.8 करोड़ मोबाइल फोन का उत्पादन होता था और 21 करोड़ यूनिट आयात किया जाता था। 2023-24 में देश में मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़कर 33 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान 5 करोड़ मोबाइल फोन का निर्यात भी किया गया। मूल्य के लिहाज से 2014-15 में 1,556 करोड़ और 2017-18 में 1,367 करोड़ रुपये का निर्यात करने वाले भारत ने 2023-24 में 1,28,982 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन विभिन्न देशों को बेचा। मोबाइल फोन का आयात भी 2014-15 के 48,609 करोड़ से घटकर 2023-24 में सिर्फ 7,665 करोड़ रुपये रह गया।

संक्षिप्त समाचार

शॉपिंग मॉल के लिए खुदरा स्थान की मांग अप्रैल-जून में 15 प्रतिशत बढ़ी : कुशमैन एंड वेकफील्ड



नई दिल्ली, एजेंसी। देश के आठ प्रमुख शहरों में खुदरा विक्रेताओं की बेहतर मांग के दम पर अप्रैल-जून में शॉपिंग मॉल के लिए खुदरा स्थानों की मांग सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 6.12 लाख वर्ग फुट हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इन आठ प्रमुख शहरों में प्रमुख इलाकों में खुदरा स्थान की मांग कैलेंडर वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर करीब 14 लाख वर्ग फुट हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, शॉपिंग मॉल के लिए स्थान की मांग अप्रैल-जून 2024 में बढ़कर 6,12,396 वर्ग फुट हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 5,33,078 वर्ग फुट थी। समीक्षाधीन अवधि में प्रमुख इलाकों में मांग चार प्रतिशत बढ़कर 13,89,768 वर्ग फुट हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 13,31,705 वर्ग फुट थी। इसमें शॉपिंग मॉल ग्रेड ए तथ ग्रेड बी और सभी प्रमुख प्रमुख इलाकों के आंकड़े शामिल हैं। ये आठ शहर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद हैं। रिपोर्ट पर कुशमैन एंड वेकफील्ड के खुदरा प्रमुख एवं प्रबंध निदेशक (कैपिटल मार्केट्स) सौरभ शतदल ने कहा, ''2024 की दूसरी तिमाही में ग्रेड ए मॉल और प्रमुख इलाकों में खुदरा मांग मजबूत देखी गई। दोनों प्रारूपों में वृद्धि भारत के खुदरा परिदृश्य की जीवंतता को रेखांकित करती है।

बाबा रामदेव की पतंजलि को कोर्ट में 50 लाख रुपये जमा करने का निर्देश



नई दिल्ली, एजेंसी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने ट्रेडमार्क से जुड़े उल्लंघन के मामले में बाबा रामदेव की कंपनी पंतजलि आयुर्वेद लिमिटेड को 50 लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह निर्देश अदालत के अंतरिम आदेश के उल्लंघन के लिए जारी किया है। कोर्ट ने पतंजलि के कपूर से जुड़े उत्पाद बेचने और विज्ञापन करने पर रोक लगाई थी। यह रोक मंगलम ऑर्गेनिक लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई के बाद लगाई गई थी। कंपनी ने याचिका में दावा किया था कि अदालत के आदेश के बावजूद पंतजलि ने खुद के उत्पादों का बेचा है। जस्टिस रियाज छागला ने पंतजलि के हलफनामे पर गौर करने के बाद पाया कि उसने अदालत के 30 अगस्त 2023 के आदेश की अवहेलना की है, जिसे बर्दास्त नहीं किया जा सकता है। लिहाजा पंतजलि कोर्ट में 50 लाख रुपये जमा करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को रखी है। इससे पहले मामले को लेकर पतंजलि के निदेशक रजनीश मिश्रा ने कोर्ट में हलफनामा दायर किया था। इसमें उन्होंने बिना शर्त माफी मांगी थी और अदालत के आदेश का पालन करने का आश्वासन दिया था। हलफनामे के मुताबिक, कोर्ट की रोक के बाद 49,57,861 रुपये के कपूर उत्पाद की सप्लाई की गई थी। इससे पहले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा था। इसमें कंपनी को यह बताना होगा कि उत्तराखंड सरकार ने कंपनी के जिन 14 उत्पादों का लाइसेंस निलंबित किया था।

चीन की औद्योगिक निर्माण क्षमता से घबराया अमेरिका, कहा- इससे दुनियाभर के कामगारों और उद्योगों के लिए खतरा

वॉशिंगटन एजेंसी। चीन की औद्योगिक निर्माण की क्षमता के चलते ही दुनिया में उसका प्रभाव बढ़ रहा है, लेकिन इसका पूरी दुनिया पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। ऐसा अमेरिका का कहना है। अमेरिकी सरकार ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए हमें रक्षात्मक कदम उठाने पड़ेंगे क्योंकि पारंपरिक तरीके से इस पर काबू पाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।

अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय मामलों के सचिव जे शामबाग ने कहा कि चीन द्वारा निर्माण में जो असंतुलन पैदा कर दिया गया है और उसकी गैर बाजारवादी नीतियों के चलते न सिर्फ अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया का कामगारों और उद्योगों पर बुरा असर पड़ा है। हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि चीन की अर्थव्यवस्था और उसकी अत्यधिक औद्योगिक निर्माण की क्षमता पूरी दुनिया पर असर डाल रही है और यह सप्लाई चेन के लिए खतरनाक है। साथ ही इसकी वजह से कुछ विनिर्माण क्षेत्रों में बहुत ज्यादा उत्पादन होने से समस्या हो सकती है। शामबाग ने बताया कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका अपने सहयोगियों और विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के साथ मिलकर



काम कर रहा है ताकि चीन की नीतियों का उद्योगों और कामगारों पर बुरा असर न पड़े। उन्होंने कहा कि अत्यधिक उत्पादन और डंपिंग के खिलाफ कदम उठाना संरक्षणवादी या व्यापार विरोधी कदम नहीं है बल्कि यह फर्मों और कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ ही अन्य अर्थव्यवस्थाओं को बचाने की कोशिश है।

दुनिया के कई देश चीन के औद्योगिक निर्माण की क्षमता से चिंतित

अमेरिका ने सलाह देते हुए कहा कि चीन अपने घरेलू उपभोग को बढ़ाकर इस समस्या को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन इसके लिए उसे अपने नागरिकों की आय बढ़ानी होगी और इससे कचरे की समस्या भी कम होगी। शामबाग ने कहा कि यूरोपीय यूनियन और तुर्किए ने हाल ही में चीन से आयात होने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ लगाया है। मेक्सिको, चिली और ब्राजील ने भी चीन के स्टील के खिलाफ कार्रवाई की है। भारत अपने सौर निर्माण क्षेत्र को चीन से बचाने के लिए कदम उठा रहा है और इसी तरह हर देश इस दिशा में काम कर रहा है ताकि चीन की अत्यधिक निर्माण की क्षमता से निपटा जाए।

भारत में तेल, गैस अन्वेषण में 100 अरब डॉलर के निवेश के अवसर: हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और किफायती तथा टिकाऊ तरीके से ईंधन उपलब्ध कराने के लिए तेल एवं गैस की खोज तेज करने का आह्वान किया। 'ऊर्जा वार्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अन्वेषण तथा उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अभिन्न अंग है, जो सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''ईएंडपी 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है।

पुरी ने कहा कि भारत की अन्वेषण तथा उत्पादन क्षमता का अब भी पूरी तरह दोहन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''मुझे यह अजीब लगता है कि भारत प्रचुर भूवैज्ञानिक संसाधनों के बावजूद तेल आयात पर इतना अधिक निर्भर है। उन्होंने कहा कि भारतीय तलछटी बेसिन में करीब 65.18 करोड़ टन कच्चा तेल और



1138.6 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस मौजूद है। पुरी ने कहा, ''हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत पर ही अन्वेषण का काम किया जा रहा है, जो वर्तमान बोली समाप्त होने के बाद 2024 के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो जाएगा।

उन्होंने कहा, ''हमारे अन्वेषण प्रयासों का ध्यान अभी तक न खोजे गए संसाधनों की खोज पर केंद्रित होना चाहिए। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 85 प्रतिशत से अधिक आयात से पूरा करता है। रिफाइनरियों में कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। उन्होंने कहा, ''सरकार ईएंडपी में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने व्यापक सुधार लागू किए हैं, जिससे हितधारकों को हमारे देश की प्रगति में योगदान करने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। पुरी ने कहा, ''हमारा इरादा 2030 तक भारत के अन्वेषण क्षेत्र को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का है।

अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह पर पहुंचा पहला मालवाहक जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के पहले सेमी ऑटोमैटिक बंदरगाह विझिनजाम पर गुरुवार को पहला मालवाहक जहाज पहुंचा। इस जहाज के स्वागत के लिए केरल के बंदरगाह मंत्री वीएन वसावन और अन्य मंत्रियों समेत बंदरगाह के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।



मालवाहक जहाज सैन फर्नांडो एक हजार से ज्यादा कंटेनर लेकर विझिनजाम बंदरगाह पहुंचा। सैन फर्नांडो जहाज का विझिनजाम बंदरगाह पहुंचना परीक्षण संचालन का हिस्सा है और आधिकारिक रूप से इस बंदरगाह के इस साल सितंबर अक्तूबर में शुरू होने की उम्मीद है। विझिनजाम बंदरगाह देश का पहला अर्द्ध-स्वचालित (सेमी-ऑटोमैटिक) बंदरगाह है, जिसका निर्माण अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस प्रोजेक्ट को लेकर केरल सरकार और अदाणी पोर्ट्स कंपनी के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके बाद इस प्रोजेक्ट को 5 दिसंबर 2015 को अदाणी पोर्ट्स को दिया गया था। इस बंदरगाह के निर्माण के लिए कुल 8,867 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जिनमें से 5,595 करोड़ रुपये केरल सरकार ने दिए और केंद्र सरकार ने 818 करोड़ रुपये आवंटित किए। विझिनजाम बंदरगाह का निर्माण निजी-सार्वजनिक साझेदारी के आधार पर किया गया है।

सैमसंग के 31000 से ज्यादा कर्मचारियों ने शुरू की हड़ताल

सियोल, एजेंसी। दुनिया की दिग्गज स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस निर्माता कंपनी सैमसंग में बड़ी हड़ताल शुरू हुई है। दक्षिण कोरिया में लगभग 31000 कर्मचारी एक साथ बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की सबसे बड़ी यूनियन ने इस हड़ताल का आह्वान किया है। इससे पहले कर्मचारियों ने तीन दिन की आंशिक हड़ताल का आह्वान किया था। मांगे पूरी न होने से उन्होंने लंबी स्ट्राइक पर जाने का फैसला लिया है। सैमसंग की इस हड़ताल से पूरी दुनिया में बुरा असर पड़ सकता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, द नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन ने बताया कि इस हफ्ते की शुरुआत में सेमीकंडक्टर डिवीजन में काम करने वाले लगभग 6000 कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की थी।



अब इसमें लगभग 31 हजार लोग शामिल हो चुके हैं। सैमसंग के कुल कर्मचारियों का एक चौथाई हिस्सा एनएसईयू के सदस्य हैं। इन सभी ने बेहतर सैलरी और काम की परिस्थितियां ठीक करने की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सैमसंग ने जल्द वार्ता शुरू नहीं की तो उन्हें बहुत पछताना पड़ेगा।

अच्छी वित्तीय स्थिति के बावजूद स्टाफ को नहीं हो रहा लाभ

यूनियन के एक लीडर सून वूमोक ने कहा कि स्ट्राइक के चलते बंद हुई फैक्ट्रियों को दोबारा शुरू करने में बहुत समय जाया होगा। सैमसंग ने दावा किया था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बूम के चलते दूसरी तिमाही में उनके ऑपरेशंस सालाना आधार पर लगभग 1450 फीसदी बढ़ जाएंगे। साथ ही साल 2024 की पहली तिमाही में कंपनी का मुनाफा 10 गुना बढ़ा था। हालांकि, वर्कर्स का आरोप है कि इतनी अच्छी वित्तीय स्थिति का असर उनकी सैलरी पर नहीं दिखाई दे रहा।

यूनियन के नेताओं ने कहा कि कंपनी अपने कर्मचारियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रही है। पिछले 10 साल से वह हमें एक ही कहानी सुना रहे हैं कि फिलहाल संकट की स्थिति बनी हुई है। इसके अलावा कंपनी ने बड़े पैमाने पर परफॉरमेंस बोनस में भी कटौती की है। उधर, सैमसंग ने कहा कि वह कर्मचारियों से वार्ता करने को राजी है। हम सुनिश्चित करेंगे कि इस हड़ताल का हमारे प्रोडक्शन पर कोई असर न पड़े।

सरकार और थोक विक्रेता कह रहे हैं, अरहर और उड़द दाल होने लगी सस्ती

नई दिल्ली, एजेंसी। महंगी दालों की कीमत से आप परेशान हैं तो आपके लिए राहत की बात है। सरकार का कहना है कि अरहर और उड़द का थोक भाव घटने लगे हैं। इन दालों की कीमतों में 3 फीसदी से ज्यादा कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि खरीदारी के लिए किसानों का प्री-रजिस्ट्रेशन करने के सरकार के प्रयासों और अच्छी बारिश के चलते खरीफ सीजन में बुआई रकबा बढ़ा है। इसी का असर थोक भाव पर दिख रहा है।



दिल्ली पल्स ट्रेडर्स असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी संजय सिंघल ने बताया, 'करीब महीने भर में खड़ी उड़द का थोक भाव 103-104 रुपये किलो से घटकर 99 रुपये किलो के करीब आ गया है। खड़ी अरहर का भाव 117-118 रुपये से घटकर 113-114 रुपये पर आ चुका है। भाव लगभग स्टेबल ही हैं, लेकिन रुझान नरमी का बन रहा है।

सरकार का क्या है कहना

मंत्रालय ने बताया, 'मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे उड़द के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अच्छी फसल की उम्मीद है। 5 जुलाई तक उड़द का बुआई रकबा 5.37 लाख हेक्टेयर हो चुका था, जो पिछले साल इस समय तक 3.67 लाख हेक्टेयर था। मंत्रालय के मुताबिक, खरीफ सीजन में उड़द की खरीदारी के लिए बुआई शुरू होने से पहले नाफेड और एनसीसीएफ की ओर से किसानों का प्री-रजिस्ट्रेशन कराने और अच्छी बुआई से बने माहौल के चलते कीमतों में नरमी आने लगी है और 6 जुलाई को इंदौर में उड़द का भाव हफ्ताभर पहले से 3.12 प्रतिशत और दिल्ली में 1.08 प्रतिशत घट गया था। आयातित उड़द के दाम भी घटने लगे हैं।

क्या है दाल का दाम

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश के विभिन्न हिस्सों के रिटेल प्राइस के आधार पर 10 जुलाई को अरहर दाल का औसत प्राइस 168.39 रुपये प्रति किलो, उड़द दाल का 127.64 रुपये, मूंग दाल का 118.87 रुपये और चना दाल का औसत भाव 89.31 रुपये प्रति किलो था। अप्रैल में दालों में इंफ्लेशन 16.8 प्रतिशत और मई में 17.14 प्रतिशत थी। सरकार ने 21 जून को अरहर, काबुली चना और चने पर 30 सितंबर तक के लिए स्टॉक लिमिट लगा दी थी। कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे ने पिछले दिनों कहा था कि जुलाई के आखिरी हफ्ते से मोजांबिक, तंजानिया और मलावी सहित ईस्ट अफ्रीकी देशों से आयात की खेप आने लगेगी जिसके चलते अरहर, चना और उड़द दाल के रिटेल प्राइस घट सकते हैं।

अनिल अंबानी की कंपनी खरीदने के लिए 4,300 करोड़ कर्ज लेगा हिंदूजा ग्रुप

नई दिल्ली, एजेंसी। भारी कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए हिंदूजा ग्रुप को कर्ज लेना पड़ रहा है। ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स ने नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर इश्यू के जरिए 4,300 करोड़ उधार लेने की योजना बनाई है। रिलायंस कैपिटल कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। 27 फरवरी, 2024 को एनसीएलटी ने ढ्ढ॥रु की 9,650 करोड़ की समाधान योजना को मंजूरी दी और उन्हें 27 मई, 2024 तक अधिग्रहण पूरा करने को कहा था। लेकिन ढ्ढ॥रुने 90 दिनों का और विस्तार मांगा। रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए ढ्ढ॥रु फंड का इंतजाम कर रही है। इस ऋण का एक हिस्सा घरेलू बाजार से और दूसरा ग्लोबल प्राइवेट क्रेडिट फंड्स से जुटाया जा रहा है। एनसीडी स्ट्रक्चर के मुताबिक प्रस्तावित इश्यू से प्राप्त होने वाली इनकम का यूज रिलायंस कैपिटल के मौजूदा लेनदारों को चुकाने के लिए किया



जाएगा। रिलायंस कैपिटल में कई इंश्योरेंस कंपनियां शामिल हैं। इनमें रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं। नवंबर 2021 में आरबीआई ने रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग करके नागेश्वर राव वाई को एडमिनिस्ट्रेटर बनाया था।

कंपनी पर कर्ज

राव ने फरवरी 2022 में रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां मंगाई थीं। रिलायंस कैपिटल पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। कंपनी पर एलआईसी का 3,400 करोड़ रुपये का कर्ज है। इसी तरह ईपीएफओ ने रिलायंस कैपिटल के बॉन्ड प्रोग्राम में 2,500 करोड़ रुपये निवेश किए थे। पहले राउंड में टॉरेंट ने रिलायंस कैपिटल के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई थी लेकिन दूसरे दौर में हिंदुजा ग्रुप ने बाजी मार ली। जून 2023 में कर्जदारों की समिति ने हिंदुजा ग्रुप की बोली को मंजूरी दी थी। कभी देश के टॉप रईसों में शामिल अनिल अंबानी की नेटवर्थ जीरो है।

संक्षिप्त समाचार

मिस्ट्रेस मार्ले से बेइज्जत होने आते हैं पुरुष, बदले में उन्हें मोटी रकम और तोहफे देते हैं



न्यूयार्क, एजेंसी। डॉक्टर, इंजीनियर या बड़ा कारोबारी बनने जैसी करियर रेस में एक महिला ने अजीबो गरीब पेशा चुना है। खबर है कि अमेरिका की एक महिला सिर्फ पुरुषों को बेइज्जत करने, उन्हें नीचा दिखाने और यहां तक की गले में पट्टा बांधकर घुमाने तक की मोटी फीस लेती है। महिला ने खुद ही खुलासा किया है कि वह एक साल में लाखों डॉलर कमाती है। 30 वर्षीय मिस्ट्रेस मार्ले का पेशा पुरुषों को अपमानित करने का है। यूटयूब चैनल प्यार करो, आलोचना मत करो के एक कार्यक्रम में मार्ले ने अपने पेशे को लेकर खुलकर बात की। वह बताती हैं कि क्लाइंट्स उनके पास अपमानित होने और उनके कंट्रोल में रहने के लिए आते हैं। मार्ले बताती हैं कि वे अपमानित होने के बदले में उन्हें मोटी रकम और तोहफे देते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, करीब 6 साल पहले कॉलेज से ग्रेजुएट होने के बाद उन्होंने पाया कि आम नौकरी उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा नहीं कर रही है। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन तरीके खोजना शुरू किए और यहां उन्हें महिलाओं का एक समूह मिला, जिसके बाद उन्हें एक आइडिया आया। महिलाओं की तरह की उन्होंने काम शुरू किया और पहली बार एक क्लाइंट ने उनके भोजन का 50 डॉलर का बिल चुकाया। खास बात है कि उनके क्लाइंट्स घर पर सेशन लेने के आते हैं, जिसमें मार्ले का नौकर बनना या शारीरिक रूप से कंट्रोल किया जाना शामिल है। खास बात है कि वह कई बार अपने क्लाइंट्स को पट्टा भी बांधती हैं। हालांकि, इस करियर के चलते उन्हें काफी आलोचना का भी सामना करना पड़ा है।

पाकिस्तान : आतंकियों के साथ मुठभेड़ में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए

इस्लामाबाद , एजेंसी। झउत्तर पश्चिम पाकिस्तान के पेशावर में आज आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में देश के दो सैनिकों सहित कम से कम चार सुरक्षाकर्मी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाख इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि पेशावर जिले के मतानी हसन इलाके में एक अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों और पुलिस को एक हाई प्रोफाइल आतंकवादी की कथित मौजूदगी के आधार पर संयुक्त खुफिया आधार अभियान (आईबीओ) चलाया गया था। आईएसपीआर ने बताया कि दो सैनिक और दो पुलिस कर्मी मारे गए।

नेपाल-देउबा और ओली ने की मुलाकात, भविष्य की रणनीति पर चर्चा

काठमांडू, एजेंसी। नेपाली कांग्रेस (एनसी) के प्रमुख शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी- एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने बुधवार को मुलाकात की। उन्होंने देश के ताजा सियासी घटनाक्रम और दोनों दलों के नई गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति के बाद भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने के बाद नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए पिछले हफ्ते एनसी और सीपीएन-यूएमएल के बीच सहमति बनी थी। दोनों नेताओं ने भविष्य की रणनीति तैयार करने के मकसद से बैठक की।

बाइडन के लिए भारतीय-अमेरिकियों के समर्थन में 19 फीसदी की गिरावट, ट्रंप को हुआ दो प्रतिशत का फायदा

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। वहीं राष्ट्रपति बाइडन के समर्थन में भारतीय-अमेरिकी समर्थकों के प्रतिशत में गिरावट देखने को मिली। हर दो साल होने वाले एशियाई-अमेरिकी वोटर सर्वे (एएवीएस) के अनुसार, 2020 के चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव में जो बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकी समर्थकों में 19 फीसदी की गिरावट हुई है। एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी के सर्वे के अनुसार, इस साल 49 फीसदी भारतीय-अमेरिकी नागरिक जो बाइडन के लिए मतदान कर सकते हैं। 2020 में यह आंकड़ा 65 फीसदी था। वहीं सर्वे ने बताया कि 30 फीसदी भारतीय-अमेरिकी नागरिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए मतदान कर सकते हैं। सर्वे में बताया गया कि डोनाल्ड ट्रंप को दो अंकों का फायदा हुआ, क्योंकि 2020 में यह आंकड़ा 28 फीसदी था। बता दें कि अमेरिका में पिछले दो दशकों में एशियाई अमेरिकी मतदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले चार वर्षों में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बाइडन के लिए भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं की संख्या में गिरावट चिंता का विषय हो सकता है। सर्वे के अनुसार, 55 फीसदी भारतीय-अमेरिकी मतदाता बाइडन का समर्थन करते हैं, जबकि महज 38 फीसदी ही ट्रंप के समर्थन में हैं। इनके अलावा दक्षिणी कैलिफर्निया की गवर्नर और अमेरिकी राजदूत निकी हेली को 33 फीसदी भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग पसंद करते हैं। हालांकि, 11 फीसदी ऐसे भी हैं, जिन्होंने हेली का नाम भी नहीं सुना है।

उम्मीद है कि बोइंग स्टारलाइनर जल्द ही घर ले आएगा: सुनीता विलियम्स

सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए है

वाशिंगटन, एजेंसी। 5 जून को अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने के बाद सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर अब तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसे हुए है। वहां से वापस धरती पर लौटने के लिए इंतजार कर रही इस जोड़ी ने बुधवार को कहा है कि उन्हें भरोसा है कि बोइंग स्टारलाइनर जल्द ही उन्हें घर ले आएगा। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने 5 जून को नए अंतरिक्ष यान पर उड़ान भरी थी। वे अगले दिन अंतरिक्ष में पहुंच गए थे। यह मिशन एक सप्ताह का था। हालांकि यात्रा के दौरान थ्रस्टर की खराबी और हीलियम लीक के कारण उनकी वापसी को टाल दिया गया था। उनकी वापसी के लिए अब तक कोई तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन नासा के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि वे जुलाई के अंत तक उन्हें वापस लाना चाहते हैं। कल बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने मीडिया से लाइव बातचीत की। स्पेस स्टेशन से लाइव प्रेस कॉल के दौरान पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अभी भी स्टारलाइनर टीम और अंतरिक्ष यान पर भरोसा है, मिशन कमांडर विल्मोर ने जवाब



दिया, हमें पूरी तरह से भरोसा है। वहीं सुनीता विलियम्स ने जवाब दिया, मुझे पूरी उम्मीद है कि अंतरिक्ष यान हमें घर ले आएगा, कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वे स्पेस स्टेशन पर अपने समय का आनंद ले रहे हैं। इस दौरान वह मूत्र को पीने के पानी में बदलने वाली मशीन पर पंप को बदलने जैसे कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा वह कुछ शोध भी कर रहे हैं। वह माइक्रोग्रैविटी वातावरण में जीन सीक्वेंसिंग जैसे विज्ञान प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने स्पेस स्टेशन पर समस्याओं के मामले में स्टारलाइनर को सुरक्षित ठिकाना बताया है और इसकी जांच भी की है कि जब चार लोग अंदर होते हैं तो इस यान की लाइफ सेविंग सिस्टम कैसे काम करती है। अनिश्चितता बनी हुई है हालांकि, विल्मोर और विलियम्स के घर लौटने से पहले इंजीनियरिंग टीमों को स्टारलाइनर द्वारा अनुभव की गई कुछ तकनीकी समस्याओं के मूल कारणों को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है। इसके लिए उन्हें यहां धरती पर समान थ्रस्टर्स और हीलियम सील के अधिक सिमुलेशन चलाने की जरूरत है। जानकारी के मुताबिक टीम को लॉन्च से पहले यह पता था कि अंतरिक्ष यान को में हीलियम लीक की स्थिति थी, लेकिन उड़ान के दौरान और लीकेज की समस्या सामने आने लगी। एक प्रेस कॉल में, बोइंग के एक्जीक्यूटिव मार्क नैपी ने मीडिया को बताया कि थ्रस्टर की खराबी के का कारण ओवरहीटिंग थी। नासा और बोइंग ने इस बात पर जोर दिया है कि आपातकालीन स्थिति में स्टारलाइनर घर वापस आ सकता है। उनका कहना है कि सिर्फ कुछ थ्रस्टरों में खराबी है। हालांकि बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है। नासा के एक अधिकारी स्टीव स्टिच ने जोर देकर कहा कि नासा अभी सुनीता विलियम्स और विल्मोर को स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन पर वापस लाने पर विचार नहीं कर रहा है। स्टिच ने कहा, अभी मुख्य विकल्प बुच और सुनीता को स्टारलाइनर पर वापस लाना है।

हॉलीवुड कंसल्टेंट माइकल की हत्यारिन महिला को 35 साल उम्रकैद की सजा

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। अमेरिका में हॉलीवुड के मनोरंजन सलाहकार और सामाजिक न्याय अधिवक्ता माइकल लैट की



हत्या के लिए दोषी ठहराई गई एक महिला को बुधवार को 35 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अभियोजकों ने आरोप लगाया कि मिशेल ने 27 नवंबर, 2023 को लैट के लॉस एंजिल्स स्थित घर का दरवाज़ा खटखटाया, जबरन अंदर घुसी और सेमी-ऑटोमैटिक हैंडगन से उसे गोली मार दी। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।अभियोजकों और पुलिस ने बताया कि जमीला एलेना मिशेल फिल्म निर्देशक एवी रॉकवेल का पीछा कर रही थी और उन्हें धमका रही थी और उसने लैट को इसलिए निशाना बनाया क्योंकि वह रॉकवेल का दोस्त था। मिशेल ने पिछले महीने नवंबर में हुए हमले के सिलसिले में प्रथम-डिग्री हत्या और प्रथम-डिग्री चोरी के आरोपों में दोषी करार दिया था।

मिशेल का प्रतिनिधित्व करने वाले पब्लिक डिफेंडर के कार्यालय ने उसकी सज़ा की पुष्टि की। बुधवार की सुनवाई के बाद जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। लैट एक सलाहकार थे जिनकी कंपनी फिल्म और मनोरंजन में सामाजिक प्रभाव पर केंद्रित थी। उन्होंने सेल्मा निर्देशक एवा डुवर्ने और ब्लैक पैंथर निर्देशक रयान कूगलर सहित कई अन्य लोगों के साथ काम किया, और उनकी मृत्यु पर पूरे हॉलीवुड में शोक मनाया गया। कुछ सप्ताह बाद लैट की मां मिशेल सैटर को सनडांस इंस्टीट्यूट के संस्थापक निदेशक के रूप में उनके योगदान के लिए ऑस्कर मिला और समारोह में उनकी भागीदारी उनके बेटे के लिए एक श्रद्धांजलि बन गई।पुरस्कार प्रदान करने वाली कूगलर ने अपने बेटे को सैटर का दुनिया के लिए सबसे बड़ा उपहार बताया।

ब्रिटेन की संसद में भगवद गीता की गूंज, सांसद शिवानी राजा ने ली शपथ

लंदन, एजेंसी। भारतीय मूल की 29 साल की गुजराती व्यवसायी शिवानी राजा ने ब्रिटेन की संसद में भगवद गीता पर शपथ ली है। शिवानी ने कंजर्वेटिव पार्टी के लिए लीसेस्टर ईस्ट सीट पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। उन्होंने इस सीट पर लेबर पार्टी के 37 साल के वर्चस्व को खत्म किया है। वह भारतीय मूल के ही लेबर पार्टी के उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ी थीं। ब्रिटेन की सांसद के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद शिवानी ने एक्स पर लिखा, लीसेस्टर ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज संसद में शपथ लेना सम्मान की बात है। मुझे गीता पर महामहिम राजा चार्ल्स के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ लेने पर वास्तव में गर्व है। आपको बता दें कि 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 एशिया कप मैच के बाद लीसेस्टर सिटी में भारतीय मूल के हिंदू समुदाय और मुसलमानों के बीच संघर्ष की घटना हुई थी। इसे देखते हुए शिवानी की जीत उल्लेखनीय है। शिवानी राजा ने 14,526 वोट हासिल किए, उन्होंने लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर अग्रवाल को हराया। उन्हें सिर्फ 10,100 वोट मिले।

यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि लीसेस्टर ईस्ट 1987 से लेबर का गढ़ रहा है। शिवानी की जीत ने 37 वर्षों में पहली बार इस निर्वाचन क्षेत्र में टोरी को चुना है। शिवानी के अलावा यूनाइटेड किंगडम में 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में 27 अन्य भारतीय मूल के सांसद हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं।

चीनी सरकार हिंद महासागर में मालदीव की तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी

बीजिंग, एजेंसी। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का चीन के प्रति झुकाव जग-जाहिर है। इस साल की शुरुआत में मुइज्जू ने चीन की यात्रा की थी, जिसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने गिड़गिड़ाते हुए कई तरह की मांग की थी। चीन और मालदीव के बीच पर्यटन समेत 20 समझौते हुए थे। अब चीन ने मालदीव के लिए बड़ा ऐलान किया है। बीजिंग की दूत ने बुधवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को आश्वासन दिया है कि चीनी सरकार हिंद महासागर में मालदीव की तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मालदीव में चीनी राजदूत वांग लिक्सिन ने बुधवार को राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ अपनी बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

चीनी राजदूत वांग ने राष्ट्रपति कार्यालय में अपनी बैठक के बाद एक्स पर पोस्ट किया, हम मालदीव के सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और मालदीव के लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग और राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू द्वारा की गई महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने के लिए मालदीव के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। मुइज्जू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि शिष्टाचार मुलाकात के दौरान, जब राष्ट्रपति और राजदूत ने इस साल की शुरुआत में मुइज्जू की चीन की राजकीय यात्रा के दौरान उजागर किए गए मुद्दों और सहमत मुद्दों के कार्यान्वयन में तेजी लाने के तरीकों पर चर्चा की। मालदीव के



राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इस साल जनवरी महीने में चीन की यात्रा की थी, जहां पर कई समझौते हुए। बाद में सार्वजनिक किए गए समझौतों में से एक के अनुसार, मालदीव को चीन की सेना से मुफ्त गैर-घातक सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण मिलेगा, मालदीव के शहरी और आर्थिक विकास के लिए चीन द्वारा पहले दी गई विशेष सहायता के विरुद्ध यह पहला ऐसा समझौता है। बुधवार को वांग ने मुइज्जू को आश्वासन दिया कि चीनी सरकार मालदीव की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। चीनी दूत के बयान में आगे कहा गया है कि उन्होंने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रकाश डाला और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा मालदीव से जुड़े विशिष्ट बंधन और महत्व का उल्लेख किया। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति मुइज्जू और राजदूत वांग ने मालदीव में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग के तरीकों पर भी चर्चा की। पिछले साल 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से अपने सभी सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया था, जोकि इस साल के मई तक मालदीव से वापस जा चुके हैं। इस मुद्दे के बाद भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई, जबकि चीन से मालदीव ने रिश्ता बेहतर करने की कोशिश की है।

अमेरिकी सिख संगठन का दावा- अगर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए तो डोनाल्ड ट्रंप की जीत पक्की

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में पांच नवंबर को चुनाव होने वाले हैं। यहां राष्ट्रपति पद के लिए दो नेताओं जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। 27 जून को हुई प्राथमिक बहस के बाद बाइडन के खराब प्रदर्शन की लगातार किरकिरी हो रही है। अब सिख अमेरिकन्स फॉर ट्रंप के प्रमुख ने कहा कि ट्रंप की लोकप्रियता पर प्राथमिक बहस का कुछ प्रभाव पड़ा है। पूर्व राष्ट्रपति की जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और कानूनी है या नहीं। वहीं, एक पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी का कहना कि देश कठिन समय से गुजर रहा है और दुनिया अमेरिकी लोकतंत्र पर करीब से नजर रख रही है।

ट्रंप के पक्ष में काफी समर्थन : मैरीलैंड स्थित समुदाय के नेता और सिख अमेरिकन्स फॉर ट्रंप के प्रमुख जसदीप सिंह जस्सी ने अगले सप्ताह मिल्वौकी में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) से पहले कहा, मुझे लगता है कि हमारा समुदाय बहुत अधिक समर्थन कर रहा है। मैंने ट्रंप के पक्ष में बहुत समर्थन देखा है। हम पूर्व राष्ट्रपति के लिए फंड जुटा रहे हैं। हम जल्द ही सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप की वित्त समिति में नियुक्त किए गए जस्सी ने कहा, हम इस बार राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थन में अपनी टीम को राष्ट्रव्यापी रूप से जुटाएंगे, यहां तक कि वेस्ट कोस्ट में न्यूयॉर्क, टेक्सास में भी।

बाइडन की मानसिक क्षमता सबके सामने आई : उन्होंने कहा, हम सभी राष्ट्रपति बाइडन के मुद्दों के बारे में जानते थे, जो उनके पास पिछले चार वर्षों से थे, लेकिन यह देखना बहुत दिलचस्प था। यहां तक कि अमेरिकी जनता और मीडिया के लिए भी कि बहस के दौरान राष्ट्रपति बाइडन ने अपनी मानसिक क्षमता और अपनी विचार प्रक्रियाओं को कितना कम कर दिया है, जो पूरे समय बहुत स्पष्ट था। लेकिन किसी तरह अमेरिकी मीडिया ने इसे नियंत्रित कर लिया और लोगों को इसके बारे में पता नहीं चलने दिया।

अमेरिका अब कोई नेता नहीं : उन्होंने कहा, अभी हम देखते हैं कि बहस का ट्रंप की लोकप्रियता पर कुछ प्रभाव पड़ा है, लेकिन देश की समग्र स्थिति, जैसे कि महंगाई, अवैध आव्रजन, इस समय एक अव्यवस्थित सीमा, बुनियादी ढांचे, हिंसा और अपराध जो अमेरिका में हो रहा है और शून्य विदेश नीति भी जहां अब अमेरिका कोई नेता नहीं है।

120 से भी कम दिन बचे : अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अब 120 दिन से भी कम समय बचा है। इस चुनाव में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के अंदर से मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन को बदलने की मांग उठ रही है। इस बीच एक पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी ने बुधवार को कहा कि देश कठिन समय से गुजर रहा है और दुनिया अमेरिकी लोकतंत्र पर करीब से नजर रख रही है। बता दें, तरार उन कुछ मुस्लिम अमेरिकियों में से एक हैं, जो 2016 से लगातार ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। वहीं, राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं। प्रमुख पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने कहा, मेरे विचार से इस समय पूरी दुनिया अमेरिका की लोकतांत्रिक व्यवस्था को देख रही है। अमेरिका विशेष रूप से लोकतंत्र के लिहाज से कठिन दौर से गुजर रहा है।

ड्रैगन की अर्थव्यवस्था में आ रही नाटकीय गिरावट, अमेरिकी सांसद बोले- चीन को आक्रामकता छोड़नी होगी

वॉशिंगटन, एजेंसी। चीन की अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट आ रही है। ये दावा किया है अमेरिका के भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने। चीन की अर्थव्यवस्था में नाटकीय गिरावट आ रही है और अब उसके पास दो ही विकल्प हैं या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार करे और अपनी आक्रामकता को कम करे।

चीन में बेरोजगारी दर 25 प्रतिशत से ज्यादा हुई : राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी आ रही है, और यह मंदी इस हद तक है कि चीन की अर्थव्यवस्था कई सेक्टर्स में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में गिरावट) के कगार पर पहुंच सकती है। उपभोक्ताओं का अर्थव्यवस्था में विश्वास खत्म हो रहा है। चीन में बेरोजगारी दर 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यह बहुत बुरा आंकड़ा है। उन्होंने कहा, चीन ने जबरदस्त कर्ज लिया है, खास तौर पर प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर। साथ ही लोगों की कुल संपत्ति, जो ज्यादातर रियल एस्टेट में निवेश की जाती है, में काफी गिरावट आई है।

कौन हैं राजा कृष्णमूर्ति : कृष्णमूर्ति ने कहा कि अर्थव्यवस्था की खराब हालत की वजह से चीन के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के इलिनोइस का प्रतिनिधित्व करने वाले चार बार के सांसद कृष्णमूर्ति संयुक्त राज्य अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर संसदीय समिति के सदस्य भी हैं।



चीन को आक्रामकता कम करने की जरूरत : राजा कृष्णमूर्ति ने कहा शी जिनपिंग के पास दो विकल्प हैं। या तो, एक तरफ, वह मौजूदा रास्ते पर चलते हैं, जो आर्थिक आक्रामकता को बढ़ा रहा है, पड़ोसियों के प्रति तकनीकी और सैन्य आक्रामकता को बढ़ा रहा है, अर्थव्यवस्था और जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों पर और अधिक नियंत्रण स्थापित कर रहा है। या फिर वह कोई दूसरा तरीका अपना सकते हैं, जिसमें आक्रामकता को कम करना, नियंत्रण को कम करना, उद्यमिता को फिर से पनपने देने जैसे कदम शामिल हैं। राजा कृष्णमूर्ति ने दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता का जिक्र किया। साथ ही फिलीपींस के साथ जारी सीमा विवाद और भारत के साथ लद्दाख में जारी तनाव का भी जिक्र किया।

आईएसआई को फोन कॉल ट्रेस करने का अधिकार देने पर मानवाधिकार आयोग ने जताई चिंता, शहबाज सरकार की आलोचना की

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान सरकार ने खुफिया एजेंसी आईएसआई को अपने नागरिकों के फोन कॉल को ट्रेस करने का अधिकार दिया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सरकार के इस फैसले पर एक मानवाधिकार संगठन ने आलोचना की। राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने एक बयान जारी किया। उन्होंने पाकिस्तान सरकार के इस फैसले को संवैधानिक रूप से संरक्षित कुछ अधिकारों का उल्लंघन बताया।

अपने बयान में पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने कहा, हम सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई असंवैधानिक अधिसूचना से बहुत चिंतित हैं। सरकार ने खुफिया एजेंसियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में किसी भी नागरिक के फोन कॉल को ट्रेस करने का अधिकार दिया है। इसे संविधानिक रूप से संरक्षित कुछ अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए आयोग ने कहा, यह अधिसूचना अनुच्छेद 9, 14 और 19 के तहत नागरिकों की स्वतंत्रता, गरिमा और गोपनीयता के संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकारों का घोर उल्लंघन है। यह पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो मामले में शीर्ष अदालत के फैसले की भावना का भी उल्लंघन है।

क्या था बेनजीर भुट्टो बनाम पाकिस्तान राष्ट्रपति का मामला : बता दें कि बेनजीर भुट्टो बनाम पाकिस्तान राष्ट्रपति 1996-97 तक निजता के अधिकार से संबंधित एक प्रमुख मामला था। इस मामले के अनुसार, पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14 द्वारा निजता के अधिकार के संदर्भ में टेलीफोन टैपिंग और ईव्सड्रॉपिंग के इस्तेमाल पर फैसला सुनाया था।



पांच नवंबर 1996 में पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति फारूक लेघारी ने नेशनल असेंबली को भंग कर दिया और बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री के पद से हटा दिया। इसके साथ ही उन्होंने पीएम बेनजीर भुट्टो द्वारा निजता के अधिकार के उल्लंघन के आधार पर कैबिनेट को भंग करने और फरवरी 1997 में राष्ट्रीय असेंबली के लिए आम चुनाव कराने का भी आदेश दिया। दरअसल बेनजीर भुट्टो ने शीर्ष अदालत के जजों, राजनीतिक पार्टियों के नेताओं, उच्च स्तरीय सैन्य अधिकारियों और नागरिक अधिकारियों के फोन टैपिंग का आदेश दिया था। इसके जवाब में 11 और 13 नवंबर 1996 में सैयद यूसुफ रजा गिलानी और बेनजीर भुट्टो ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अनुच्छेद 9, 14 और 17 के की सुरक्षा की मांग करते हुए एक संवैधानिक याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा की गई कार्रवाई को अवैध बताया। इस मामले के फैसले के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत लोगों की गरिमा और घर की गोपनीयता का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। अदालत के फैसले में बताया गया कि किसी भी व्यक्ति की गोपनीयता केवल उसके घर या कार्यालय तक ही सीमित नहीं होती, बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर भी होती है। इसी के साथ अदालत ने 6-1 के बहुमत से राष्ट्रपति के फैसले को बरकरार रखा था।

पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने पाकिस्तान सरकार और खुफिया एजेंसी के खराब ट्रैक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि नागरिकों के फोन कॉल को ट्रेस करने का इस्तेमाल उन्हें डराने, धमकाने, ब्लैकमेल करने, उत्पीड़न में किया जाएगा।

जिम्बाब्वे ने हार के बावजूद भारत के खिलाफ टी20 में

रचा इतिहास

हरारे,एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मेजबान जिम्बाब्वे को बुधवार को 23 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे, जिसके जवाब में मेजबान टीम इतने ही ओवर में 6 विकेट पर 159 रन ही बना सकी। हालांकि, हार के बावजूद जिम्बाब्वे ने टी20 क्रिकेट में भारत के खिलाफ इतिहास रच दिया है। इस मुकाबले में टारगेट चेज करते हुए जिम्बाब्वे की आधी टीम केवल 39 रनों पर ही ढेर हो गई थी। इसके बावजूद टीम 150 का आंकड़ा पार करने में सफल रही। इसके साथ ही जिम्बाब्वे ने टी20 इतिहास में एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है।



उन्होंने पांचवां विकेट गिरने के बाद अपने टी20 मैचों के इतिहास में सबसे अधिक रन जोड़े हैं। बुधवार को हुए मुकाबले में उन्होंने 5वें विकेट के पतन के बाद 119 रन जोड़े। जिम्बाब्वे ने इससे पहले भी दो बार पांचवें विकेट के पतन के बाद शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2022 में हरारे में बांग्लादेश के खिलाफ 104 रन और 101 रन जोड़े थे। इसके अलावा, 2016 में शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने 100 रन जोड़े थे। इस मैच में जिम्बाब्वे का सबसे खास रिकॉर्ड ये है कि 119 रन भारत के खिलाफ टी20 में किसी भी टीम द्वारा बनाए गए सर्वोच्च रन हैं, जब उस टीम के 5 विकेट 40 रनों के अंदर ही गिर गए थे। इससे पहले आयरलैंड ने पिछले साल डबलिन के मालाहाइड में भारत के खिलाफ 31/5 से 139/7 तक का शानदार प्रदर्शन किया था और 108 रन जोड़े थे। यह केवल दूसरा मौका है जब जिम्बाब्वे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत के खिलाफ 150 रन का आंकड़ा पार कर पाया है। इससे पहले उन्होंने 2016 में इसी मैदान पर 170/6 बनाकर सिर्फ 2 रन से जीत हासिल की थी।

डीडीसीए ने दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र के लिए निविदा आमंत्रण जारी किए

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की विधिवत मान्यता प्राप्त राज्य इकाई दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने अपने आगामी राज्य स्तरीय टी20 लीग में टीम फ्रेंचाइजी के मालिक बनने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए क्रिकेट लीग का शीर्षक दिल्ली प्रीमियर लीग है। डीडीसीए ने लीग में भाग लेने के लिए प्रस्तावित टीम फ्रेंचाइजी पर बोली लगाने वालों को आमंत्रित करते हुए एक नोटिस इनवाइटिंग टेंडर (एनआईटी) जारी किया है। गवर्निंग बॉडी ने अगस्त/सितंबर 2024 में नई लीग की शुरुआत का प्रस्ताव रखा था। लीग में शुरू में पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह टीमें शामिल होंगी जो प्रत्येक सीज़न के दौरान राउंड-रॉबिन प्रारूप के तहत लीग में भाग लेंगी, जिसमें विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान का फैसला करने के लिए पहले राउंड के बाद प्ले-ऑफ मैच होंगे। डीडीसीए को समय-समय पर उचित समझे जाने पर लीग में भाग लेने वाली टीमों की संख्या में बदलाव करने का भी अधिकार है। बोलीदाताओं को न्यूनतम 25,00,000 (पच्चीस लाख) रुपये की बोली लगानी होगी और मूल्यांकन के बाद, योग्य बोलीदाताओं को अंतिम निर्णय लेने से पहले एक प्रस्तुति देनी होगी। सफल बोली लगाने वाले को डीपीएल के पांच सीज़न या पांच साल की अवधि के लिए पुरस्कृत किया जाएगा, जो भी पहले हो, और डीडीसीए के विवेक पर इसे तीन सीज़न/वर्ष की एक और अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। हालाँकि, समझौते में किसी भी उल्लंघन की स्थिति में अनुबंध समाप्त करने का अधिकार उनके पास सुरक्षित रहेगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।

वाटकिंस के अंतिम समय में किए निर्णायक गोल से जीता

नीदरलैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा इंग्लैंड





यूरो कप

डॉर्टमुंड, एजेंसी। सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर खेलने उतरे ओली वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में निर्णायक गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार यूएफा यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कराया। डॉर्टमुंड में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया। मैच के अंतिम समय में वाटकिंस ने कोले पालमेर द्वारा मिले पास पर कॉर्नर से शानदार गोल दागा और टीम को निर्णायक बढ़त दिलाने में सफल रहे। इंग्लैंड का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मैच में फ्रांस को 2-1 से मात दी थी।

इंग्लैंड की अच्छी नहीं रही थी शुरुआत- इंग्लैंड की इस मुकाबले में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और जावी सिमंस ने सातवें मिनट में ही गोल कर नीदरलैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी थी। हालांकि, इंग्लैंड ने भी वापसी करने में ज्यादा देर नहीं लगाई और हैरी केन ने 18वें मिनट में मिली पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहला हॉफ बराबरी पर छूटा, जबकि दूसरे हॉफ में दोनों टीमों ने बढ़त लेने की पुरजोर कोशिश की। मुकाबला अतिरिक्त समय में जाता दिख रहा था, लेकिन तभी सब्स्टीट्यूट खिलाड़े के तौर पर उतरे वाटकिंस ने पालमेर द्वारा मिले पास पर स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में गोल करने का मौका नहीं गंवाया।

इंग्लैंड को लंबे समय से खिताब का इंतजार- गारेथ साउथगेट की टीम इंग्लैंड का अभियान इस यूरो कप में भी शानदार रहा है और वे लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड की कोशिश 1966 के बाद अपना पहला बड़ा खिताब जीतने की है। इसके लिए उसे फाइनल में स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसने अब तक शानदार खेल दिखाया है।

ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में ठोके 274 रन

डब्ल्यूसीएल:2024

बेन डंक का 35 गेंदों पर शतक



नईदिल्ली, एजेंसी। नॉर्थहैम्प्टन के मैदान पर विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड् 2024 सीरीज के तहत खेले गए रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 274 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए। ऑस्ट्रेलियाई प्लेयरों ने पारी में कुल 31 चौके और 16 छक्के जड़े। इस दौरान बेन डंक ने महज 35 गेंदों पर 100 रन का योगदान दिया। वहीं, डैनियल क्रिश्चियन ने भी विंडीज चैंपियन के गेंदबाजों की क्लास लेते हुए 35 गेंदों पर 99 रन की पारी खेली। बेन डेक ने जहां अपनी पारी के दौरान 12 चौके और 7 छक्के लगाए तो वहीं, डैनियल ने 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से 99 रन बनाए। डैनियल पारी की आखिरी ओवर में आखिरी गेंद पर रन आऊट हो गए नहीं तो वह भी शतक पूरा करने में सफल रहते। इस तरह एक पारी में दो शतक आने का यूनीक रिकॉर्ड भी बनता।

ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस

274-7 (20 ओवर)

- ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं थी। एरोन फिंच 7 रन बनाकर तीसरे ही ओवर में आऊट हो गए थे लेकिन इसके बाद शॉन मार्श और बेन डंक ने 7 ओवर में स्कोर 84 पर ला खड़ा किया। मार्श 22 रन बनाकर आऊट हो गए।
- कैलम फर्ग्यूसन के बल्ले से भी केवल 7 ही रन निकले। लेकिन इस दौरान बेन डंक तूफानी मचाते नजर आए। उन्होंने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए और 12वें ओवर में ही अपना शतक पूरा कर लिया। डंक ने 34 गेंदों पर 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया।
- डंक के आऊट होने के बाद डैनियल क्रिश्चियन ने आतंक मचाया और टीम का स्कोर 250 पार ले गए। बेन कटिंग जब 14 गेंदों पर 22 रन बनाकर आऊट हुए तो डैनियल ने अपना शतक पूरा करने की कोशिश की। उन्हें आखिरी गेंद पर शतक के लिए एक रन चाहिए था लेकिन वह 99 रन पर रन आऊट हो गए।

इंग्लैंड वर्सेस वेस्टइंडीज: पहले दिन के खेल के बाद इंग्लैंड ड्राइविंग सीट पर, वापसी के लिए वेस्टइंडीज को दिखाना होगा जोश

लंदन, एजेंसी। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की सीरीज के पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के समय तक इंग्लैंड ने अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली थी। पहले दिन का खेल खत्म होने के समय इंग्लैंड का पहली पारी में स्कोर 40 ओवर में तीन विकेट पर 189 रन था। जो रूट 15 और हैरी ब्रूक 25 रन बनाकर क्रीज पर थे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने 2 और जेसन होल्डर ने एक विकेट लिया।



इस तरह इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 68 रन की लीड बनाई है। ऐसा लग रहा है कि इस मैच में इंग्लैंड को शायद एक बार ही बल्लेबाजी करनी पड़े। दूसरे दिन की शुरुआत में वेस्टइंडीज के सामने कड़ी चुनौती होगी। उन्हें इस मैच में वापसी करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में दिखाए गए जोश और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होगी।

बेन स्टोक्स ने ब्रैथवेट को दिया बल्लेबाजी का न्योता

पहले दिन के खेल की बात करें तो इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बादलों से घिरे आसमान में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के अगुआ क्रेग ब्रैथवेट को बल्लेबाजी का न्योता दिया। इंग्लैंड की ओर से डेब्यू करने वाले गस एटकिंसन ने 45 रन देकर 7 विकेट चटकाए और मेहमान टीम को 121 रन पर ढेर कर दिया।

गस एटकिंसन ने 1 ओवर में चटकाए 3 विकेट- वेस्टइंडीज ने डेब्यू करने वाले मिकाइल लुइस की प्रभावित करने वाली तकनीक की मदद से अच्छी शुरुआत की, लेकिन एटकिंसन के शानदार स्पेल के बाद सब कुछ बदल गया। गस एटकिंसन ने लंच के बाद एक ओवर में 3 विकेट चटकाए।

चैंपियंस ट्रॉफी:

भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान?

नईदिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय टीम के इस टूर्नामेंट को खेलने के लिए पाकिस्तान जाने की संभावाना नहीं दिखाई दे रही है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से भारतीय क्रिकेट बोर्ड भारत के मैच कहीं और कराने को कहेगा। इसके लिए उसने दो वेन्यू चुन लिए हैं। इनमें से एक जगह मैच कराने को कहा जाएगा।

बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप 2023 की तरह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 भी हाईब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाए। समाचार एजेंसी एएनआई ने बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि भारतीय क्रिकेट टीम के 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है। बीसीसीआई आईसीसी से दुबई या श्रीलंका में मैच आयोजित करने के लिए कहेगा।

केवल मल्टी नेशन ट्रॉफी में भिड़ते हैं भारत-पाकिस्तान- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी से मार्च 2025 तक पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। 2008 के एशिया कप के बाद से भारत ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण पाकिस्तान में कोई क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं खेला है। दिसंबर 2012 से जनवरी 2013 तक भारत में द्विपक्षीय सीरीज दोनों देशों के बीच अंतिम द्विपक्षीय सीरीज रही थी। तब से, दोनों देश केवल आईसीसी टूर्नामेंट



और एशिया कप में ही भिड़े हैं।

भारत की भागीदारी पर अनिश्चितता- दोनों देशों के बीच संबंधों के कारण आगामी आयोजन में भारत की भागीदारी पर अनिश्चितता मंडरा रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत को अपने सभी मैच एक ही शहर में खेलने का प्रस्ताव दिया था। यह रिपोर्ट्स पहले सामने आ चुकी हैं कि पीसीबी ने टूर्नामेंट का शेड्यूल आईसीसी को दे दिया है। वह भारत के सभी मैच लाहौर में कराना चाहता है। बीसीसीआई के अलावा सभी देशों से इसे हरी झंड़ी मिली थी।

भारत सरकार की अनुमति चाहिए- बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मई में कहा था कि भारतीय टीम को टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान तभी भेजा जाएगा जब केंद्र सरकार इसकी अनुमति देगी। करते हुए शुक्ला ने कहा, चैंपियन ट्रॉफी के मामले में, हम वही करेंगे जो भारत सरकार हमें करने के लिए कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब भारत सरकार हमें अनुमति देती है।

पेरिस ओलंपिक में दहाई का आंकड़ा छू पाएगा भारत?



ये खिलाड़ी हैं पदक जीतने के सबसे बड़े दावेदार

नईदिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक खेलों की शुरुआत में कुछ ही समय बचा है। 26 जुलाई से 206 देशों के 10 हजार एथलीट्स का पेरिस में जमावड़ा लगेगा। भारत भी 100 से ज्यादा खिलाड़ियों का दल पेरिस भेज रहा है। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात मेडल जीते थे। जानिए इस बार कौन हैं दावेदार

नीरज चोपड़ा- टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा पेरिस में भी मेडल के दावेदार हैं। नीरज पिछले तीन साल में डायमंड लीग के अलावा वर्ल्ड चैंपियन भी बन चुके हैं। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इस सीजन में सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.36 का है जो कि समय चौथा सबसे अच्छा है। नीरज एशियन गेम्स चैंपियन भी है। वह पिछले काफी समय से जर्मनी में ट्रेनिंग कर रहे हैं। फैंस को नीरज से एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

पीवी सिंधु- पीवी सिंधु पेरिस में मेडल्स की हैट्रिक लगाने उतरेंगी। उन्होंने रियो ओलंपिक में सिल्वर और टोक्यो में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वह देश के लिए दो मेडल जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। सिंधू साल 2019 में वर्ल्ड चैंपियन भी बन चुकी है।

- **सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी-** भारत की यह युवा जोड़ी सबसे बड़े दावेदारों में शामिल हैं। इस जोड़ी ने कई ऐतिहासिक खिताब जीतने के साथ-साथ यह जोड़ी वर्ल्ड नंबर वन भी बन चुकी है। हालांकि वह इस समय वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। यह जोड़ी फिलहाल कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और एशियन चैंपियनशिप चैंपियन हैं। सात्विक-चिराग ने इस साल भी टूर्नामेंट्स में अच्छा प्रदर्शन किया।
- **भारतीय हॉकी टीम-** पिछले साल भारतीय हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। 41 साल के इंतजार के बाद भारत का यह इस खेल में पहला मेडल था। पिछली बार भारतीय टीम को ओलंपिक क्वालिफायर खेला पड़ा था हालांकि इस बार वह एशियन गेम्स जीतकर सीधे क्वालिफाई कर गई। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई टीम में ज्यादातर वही खिलाड़ी हैं जो कि पिछले ओलंपिक में भी टीम का हिस्सा थे।

नेचर के साथ वक्त बिताना आरामदायक लगता है : दीपिका

बॉ लीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी फेज को एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वह आसमान, फूलों या समुद्र की तस्वीरें पोस्ट करती हैं, क्योंकि उन्हें बाहर और प्रकृति में समय बिताना आरामदायक लगता है। एक्ट्रेस ने लिखा कि यह सेल्फ केयर मंथ है! लेकिन सेल्फ केयर मंथ क्यों मनाएं जब आप हर दिन सेल्फ केयर के सिंपल एक्ट कर सकते हैं? मुझे पता है कि आप में से बहुत से लोग अक्सर मेरी फीड देखते हैं और कहते हैं यहां फिर से शुरू हो गया! स्काई की एक और तस्वीर...या फूल...या समुद्र! लेकिन सच तो यह है कि मुझे बाहर और प्रकृति में समय बिताना वाकई आरामदायक लगता है। हालांकि, हममें से ज्यादातर लोगों के लिए, ऐसी जगहें ढूंढना शायद सबसे सुविधाजनक, सुलभ न हो या शायद मौजूद ही न हो! एक्ट्रेस ने बताया कि यही वजह है कि जब भी उन्हें अवसर मिलता है, तो वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करती हैं।



10-12 सालों बाद ठीक से सांस ले पा रही हूं: ईशा तलवार



प्राइम वीडियो की पॉपुलर वेब सीरीज 'मिर्जापुर 3' को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया गया। इसे लोगों की ओर से काफी पसंद किया जा रहा है। इस वेब शो में मिर्जापुर की गद्दी की लड़ाई गुड्डू पंडित और कालीन भैया के बीच देखने के लिए मिली। 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन में कुछ नए चेहरों ने भी एंट्री ली है और स्क्रीन पर राज कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया जा रहा है। लेकिन, इस बार लोगों ने मुन्ना भैया को मिस किया है। खैर, नए चेहरों में एक चेहरा मुन्ना भैया की पत्नी माधुरी यादव भी हैं, जिनकी एंट्री दूसरे सीजन में हुई थी। तीसरे सीजन में उन्होंने भी काफी लाइमलाइट बटोरी है। ऐसे में चलिए आपको उनके बारे में बताते हैं। 'मिर्जापुर 3' में माधुरी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि ईशा तलवार हैं। इस वेब शो के बाद उनकी लाइफ ही बदल गई। ऐसे में ईशा तलवार ने फिल्मी ज्ञान से बात की और अपने स्ट्रगल-करियर के बारे में बात की। ईशा ने बताया कि उन्होंने अपने करियर में ढेरों रिजेक्शन झेले हैं उसके बाद सफलता हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि उन्हें ओटीटी के बारे में कुछ नहीं पता था कि ये कैसे काम करता है। जब 'मिर्जापुर' को स्ट्रीम किया गया तो वो सो गई थीं क्योंकि उन्हें कुछ देखना ही नहीं था। वो जब उठीं तो इंस्टाग्राम पर 1.2 मिलियन जा चुका था। उन्हें ऐसा लगा कि कुछ हुआ है रात में। ईशा तलवार ने कहा कि वो 10-12 सालों बाद ठीक से सांस ले पा रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने इतने सालों में कई सारे रिजेक्शन झेले। कोई कहता था कि आता है नहीं आता है, तमिल बोल रहे हैं, मलयालम बोल रहे हैं, तेलुगु बोल रहे हैं, समझ नहीं आ रहा था कि काम जो करने आए हैं वो हो रहा है कि नहीं। अब उन्होंने 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन में मजबूत किरदार निभाया है।



स्त्री 2 में कैमियो करते नजर आएंगे अक्षय कुमार

विक्की, जना और बिट्टू उर्फ राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना की तिकड़ी को अपने शहर में एक और भयावह संकट से जूझते हुए देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, जिसमें श्रद्धा कपूर भी शामिल होंगी। स्त्री 2 को लेकर दर्शकों में काफ़ी उत्सुकता है। जबकि दर्शक फ़िल्म में कुछ दिलचस्प कैमियो की भी उम्मीद कर रहे हैं, इस सूची में एक और नाम जुड़ गया है। यह कोई और नहीं बल्कि अक्षय कुमार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय कुमार स्त्री 2 में कैमियो करेंगे, लेकिन मेकर्स की ओर से इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है। इसके अलावा, सीन की जानकारी भी गुप्त रखी गई है। एक सूत्र ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, हां यह सच है। राजकुमार राव- श्रद्धा कपूर स्टारर इस फिल्म में अक्षय का कैमियो है। मेकर्स को लगा कि उनकी कॉमेडी टाइमिंग लाजवाब है और कुछ मिनटों के लिए भी उनकी मौजूदगी उस खास सीक्वेंस को और बेहतर बना देगी। दर्शकों को पता होगा कि वरुण धवन भेड़िया के रूप में एक संक्षिप्त भूमिका में दिखाई देंगे क्योंकि वह दिनेश विजान की महत्वाकांक्षी हॉरर कॉमेडी दुनिया का हिस्सा हैं। उनके अलावा, फिल्म से तमन्ना भाटिया की एक क्लिप वायरल हुई है, जो आगे दिखाती है कि अभिनेत्री भी आगामी उद्यम में एक कैमियो है। स्त्री 2 और अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में भिड़ेंगी 2018 की फ्रैंचाइज़ की वापसी को चिह्नित करते हुए, स्त्री 2 में चंदेरी के ग्रामीणों को एक और भयावह संकट से जूझते हुए दिखाया जाएगा। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज़ होने वाली है। दिलचस्प बात यह है कि अक्षय कुमार अभिनीत एक और कॉमेडी फिल्म खेल खेल में भी उसी दिन रिलीज़ होने वाली है, जिसमें तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, आदित्य सील, एमी विर्क और प्रज्ञा जायसवाल जैसे कलाकार हैं।



आलिया ने शुरू की अल्फा की शूटिंग

सुपर एजेंट के रोल के लिए चार महीने ली कड़ी ट्रेनिंग

वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनीं एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने फिल्म अल्फा की शूटिंग शुरू कर दी है। इसमें वह सुपर एजेंट के किरदार में नजर आएंगी। इसके लिए उन्होंने चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है। एक सूत्र ने बताया कि अल्फा में आलिया पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाई देंगी। उन्होंने सुपर एजेंट की भूमिका निभाने के लिए खुद को तैयार करने के लिए लगभग चार महीने तक ट्रेनिंग ली।

सूत्र ने आगे बताया कि फिल्म में एक्ट्रेस के कई हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस हैं। फिल्म में उनके पांच से छह मेजर एक्शन सीक्वेंस हैं और उन्हें पूरी तरह से फिट रहना होगा। उन्होंने अपने बॉडी को इतना फिट बना दिया है कि उन्हें स्क्रीन पर पावरफुल दिखना है। स्पाई यूनिवर्स फिल्म का ऑफिशियल तौर पर 5 जुलाई को टाइटल दिया गया। इसमें एक्ट्रेस शरवरी वाघ भी सुपर एजेंट का रोल निभाती नजर आएंगी, जो मुंज्या और महाराज के साथ अपनी हालिया सफलताओं को एन्जॉय कर रही हैं।

करिश्मा कपूर ने तौबा तौबा पर डांस करके विक्की कौशल को दी टक्कर

इंडियाज बेस्ट डांसर 4 के ऑडिशन पूरे देश में चल रहे हैं और इसके जजेस ने भी अपनी कमर कस ली है। इनमें से करिश्मा कपूर काफी चार्ज लग रही हैं। उन्होंने हाल ही में विक्की कौशल के गाने तौबा तौबा पर जबरदस्त डांस किया, जो देखने लायक है। इंडियाज बेस्ट डांसर 4 अपने चौथे सीजन के साथ वापस आ गया है, जो डांसर्स को एक बड़ा मंच देता है। बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर के जज पैनल में शामिल होने से यह शो धूम मचा रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि विक्की कौशल ने तौबा तौबा गाने में अपने डांस स्टेप्स से हम सभी का मन मोह लिया है। करिश्मा ने हाल ही में इस ट्रेंड में कदम रखा और हिट गाने पर थिरकते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया।



रानी चटर्जी और काजल राघवानी की ये फिल्म यूट्यूब पर मचा रही है धमाल, चार हफ्तो मे 2.5 करोड़ व्यूज

भोजपुरी सिनेमा में बदलाव की लहर देखने के लिए मिल रही है. मेकर्स फिल्म को हिट करने के लिए हीरो पर पैसे लगाते हैं, वही भोजपुरी में दो अभिनेत्रियों के दम पर मेकर्स ने फिल्म को हिट करवा दिया.ये कोई और नहीं बाल्की रानी चटर्जी और काजल राघवानी है। रानी को अक्सर महिला प्रधान फिल्म के लिए जाना जाता है. वो अपने करियर में बहुत सिंगल लीड में हिट फिल्में कर चुकी हैं। अब वो काजल राघवानी के साथ काफी अच्छी लग रही है. दोनों स्टार एक्ट्रेस की फिल्म 'बडकी बहू छोटकी बहू' को अब कुछ दिन पहले रिलीज किया गया है. थिएटर में काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। और अब ये फिल्म यूट्यूब पर भी छाई हुई है. काजल राघवानी और रानी चटर्जी स्टारर फिल्म 'बडकी बहू छोटकी बहू' को थिएटर के बाद यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। इसमें देवरानी और जेठानी की कहानी दिख गई है. इसमें रानी जेठानी है और काजल राघवानी देवरानी का रोल कर रही है. ये एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, जिसमें देवरानी-जेठानी के साथ सास-ससुर और पति का रोल भी है. ये फिल्म में कभी खुशी रहती है और कभी ये फिल्म रुलाती भी है.आज कल देवरानी और जेठानी आज साथ रहना पसंद नहीं करती ऐसे में ये फिल्म रिश्तों की मिठास को बताती है।फिल्म को यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है. सिर्फ 4 हफ्ते में ही फिल्म को करीब 2.5 करोड़ व्यूज मिल चुके हैं. अभी केवल '43 मिनट' का वीडियो जारी किया गया है लेकिन इस वीडियो को भी अद्भुत प्रतिक्रिया मिली है।प्रशंसक पूरी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.



200 करोड़ के मनी लॉन्डिंग मामले में

जैकलीन को ईडी का समन

फिर होगी पूछताछ

एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस साल 2022 में महाठग सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसी थीं। हालांकि, अभी तक भी उनका इस केस से पीछा नहीं छूटा है। हाल ही में खबर सामने आई है कि ईडी ने फिर से जैकलीन फर्नांडिस को समन भेजा है और उनसे इस मामले में फिर से पूछताछ की जाएगी। बुधवार को न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से जैकलीन को समन भेजा गया है। उनसे आरोपी सुकेश के 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की जाएगी। इससे पहले भी कई बार इस मामले में जैकलीन फर्नांडीस से सवाल-जवाब किए जा चुके हैं। ईडी की पूछताछ के दौरान की जैकलीन ने सुकेश चंद्रशेखर संग रिलेशनशिप की बात भी कबूली थी। बता दें कि 17 अगस्त 2022 में ईडी ने जैकलीन के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट के मुताबिक जैकलीन ने मुख्य आरोपी सुकेश से महंगे तोहफे लिए थे। बाद में ईडी ने एक्ट्रेस की 7 करोड़ की संपत्ति भी जब्त कर ली थी।



मैं अपने कामों को बारीकी से देखता हूं व गलती होने पर सुधारता हूं: इमरान हाशमी

अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर इमरान हाशमी इंडस्ट्री में किसर किंग के नाम से जाने जाते हैं। अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। उनका कहना है कि वह हमेशा अपने काम को पहले देखते हैं और जब उन्हें लगता है कि उन्होंने कुछ गलत किया है, तो वह उसे सुधारने की कोशिश करते हैं। इमरान इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में हैं। वह रघु खन्ना का किरदार निभा रहे हैं। एक्टर ने अपनी कमजोरियों और उनसे खुद को कैसे जोड़ते हैं, इस बारे में खुलकर बात की है। इमरान ने कहा कि हम सभी के जिंदगी में ऐसे पल आते हैं, जब हमसे गलतियां होती हैं।

हमने शायद उस मॉडल कोड को तोड़ा है, जिसे हमने अपने लिए अलग रखा था और मुझे लगता है कि अंत में, हम इंसान हैं, हम गलतियां करते हैं। एक्टर ने कहा कि कुछ लोग खुद को परखने और अपने जीवन पर विचार करने में बेहतर होते हैं। एक्टर ने कहा कि मैंने हमेशा अपने द्वारा की गई चीजों को बारीकी से देखा है और जब भी मुझे लगता है कि मैं गलत रास्ते पर चला गया हूं, तो मैं उसे सुधारने की कोशिश करता हूं। स्टार ने कहा कि मैं यह तब भी देखता हूं जब मैं इस बात पर विचार करता हूं कि शो में भी रघु (किरदार) कुछ ऐसा बनना चाहता था, जो उसको अपने पिता के अंदर पसंद नहीं था। उसे एहसास हुआ कि वह उसके पिता के जैसा बनने के करीब था, इसलिए वह सही रास्ता अपनाना चाहता था और अलग रास्ते पर चलना चाहता था।

श्वेता तिवारी ने फिर धड़काया फैंस का दिल

टीवी की फेमस एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। वो भी अपने फैंस के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की होती है कि वो 43 की उम्र में भी हसीन और जवान दिखती हैं। अब तो फैंस कह रहे हैं कि उन्होंने करीना-कटरीना को भी फेल कर दिया है।



-साभार एजेंसी